

परशुराम जयंती आज

# हरिभूमि

अक्षय तृतीया की मंगलकामनाएं



मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## ओह...फिर, कोई मां कैसे लेगी किसी बच्चे को गोद ?

# 'गोद' लिए बेटे ने मकान और पैसों के लिए वृद्ध मां की हत्या कर बाथरूम के फर्श में चुन दी लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶श्योपुर

श्योपुर में हत्या की एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहां 20 साल पहले गोद लिए बेटे ने मकान और पैसों के लिए अपनी बूढी मां की हत्या करने के बाद उसकी लाश को बाथरूम के अंदर चुन दिया। हत्या करने के लिए बेटे ने पहले बूढी मां को सीढ़ियों से नीचे फेंका और फिर उसके सिर पर लोहे की रॉड से दो तीन वार किए। इसके बाद भी जब जान नहीं निकली तो साड़ी से गले में अंटा डालकर हत्या कर दी। इस वारदात का किसी को पता नहीं चले, इसलिए उसने खुद ही ईट सीमेंट लाकर मां की लाश के बाथरूम के फर्श में चुन दिया और फिर खुद ही मां की गुमशुदगी की रिपोर्ट लिखवाने के लिए कोतवाली थाने पहुंच गया।

### बुढ़ापे का सहारा ही निकला हत्यारा

पहले मां को सीढ़ियां से नीचे फेंका, फिर सिर में मारी रॉड इसके बाद गला घोंट दिया

### पुलिस ने बाथरूम को खुदवाकर उसमें दबे वृद्ध मां के शव को बाहर निकालकर उसका पीएम करवाया



पुलिस ने आरोपी बेटे को मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया

### मां के लापता होने की दर्ज कराई थी रिपोर्ट

एसपी अभिषेक आनंद ने बताया कि 8 मई को दीपक पचौरी निवासी रेलवे कॉलोनी श्योपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 6 मई को उसकी मां ऊषा देवी (65 वर्ष) पत्नी स्व. भुवनेंद्र पचौरी मंदिर जाने की बात कहकर निकली थी जो लौटकर घर नहीं आई है। इस रिपोर्ट पर गुमशुदगी दर्ज कर कोतवाली पुलिस ने वृद्धा की तलाश शुरू कर दी। जब पुलिस टीम ने दीपक पचौरी के घर जाकर उससे फिर से पूछताछ की तो उसकी बातों पर संदेह हुआ। वहीं आसपास पड़ोस के लोगों सहित परिवार के लोगों के द्वारा आशंका जताई गई कि बेटे के द्वारा ही मां की हत्या कर दी गई है।

### 20 साल पहले अनाथालय से लिया था गोद

पुलिस के मुताबिक शहर के शिवपुरी रोड पर भाजपा कार्यालय के पीछे रहने वाली ऊषा (65) पत्नी भुवनेंद्र पचौरी की कोई संतान नहीं थी। उनके पति भुवनेंद्र पचौरी वन विभाग में नौकरी करते थे। कोई संतान नहीं होने के कारण उन्होंने वर्ष 2004 में एक अनाथलाय से 4 साल के एक बालक को यह सोचकर गोद ले लिया कि उनका यह गोद लिया बेटा बड़ा होकर उनके बुढ़ापे का सहारा बनेगा। इसलिए दोनों पति पत्नी ने दीपक को गोद लेने के बाद उसकी अच्छे से परवरिश की और उसे खूब पढ़ाया लिखाया। मगर बड़ा होने पर दीपक बुढ़ापे का सहारा बनने के बजाए अपनी बूढ़ी मां का हत्यारा बन गया। दीपक की नजर उसके मकान और वृद्ध मां के नाम से रही 30 लाख रूपए की एफडी पर थी।


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155

airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### डेनमार्क के राजनयिक ने दिखाई दिल्ली की गंदगी



**नई दिल्ली।** भारत में डेनमार्क के राजनयिक फ्रेडी स्वेन ने बुधवार को अपने सोशल मीडिया प्लेफॉर्म 'एक्स' पर एक ऐसा वीडियो साझा किया जो कुछ ही देर में वायरल हो गया। इस वीडियो में दूतावास की इमारत के बाहर कूड़े का ढेर दिख रहा है। इस वीडियो में स्वेन बताते हैं कि वो भारत की राजधानी दिल्ली में मौजूद हैं और यहां की एक सड़क कूड़े से भरी हुई है। ये रोड दिल्ली में डेनमार्क और ग्रीस के दूतावासों के बीच स्थित है। वीडियो में डेनिश राजनयिक सड़के किनारे खड़े हैं जिसकी दाईं तरफ डेनमार्क दूतावास की दीवार है। फ्रेडी स्वेन ने कचरे से भरी सड़क दिखाते हुए कहा, प्यारी और हरी-भरी नई दिल्ली में आपका स्वागत है।

### जितने जूते मारो उतने कमः लक्ष्मण सिंह



**गुना।** मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह के भाई लक्ष्मण सिंह ने भी पित्रोदा के बयान पर हमला बोला है। उन्होंने एक्स कर कहा कि सैम पित्रोदा का बयान अत्यंत शर्मनाक है। इसमें जिनते जूत मारे उतने कम हैं। दरअसल, इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के चेयरमैन सैम पित्रोदा ने एक अंग्रेजी अखबार को दिए गए एक इंटरव्यू में विवादित बयान देकर कांग्रेस के लिए नई मुश्किल खड़ी कर दी हैं। पित्रोदा ने देश के अलग अलग हिस्सों में रहने वाले भारतीयों की तुलना उनके रंग के अनुरूप की थी। उनका ये बयान सुर्खियां बना तो राजनीति गरमा गई। भाजपा ने कांग्रेस और राहुल गांधी को जमकर घेरा। वहीं, अब कांग्रेस के लोग ही निंदा कर रहे हैं।

### गरमी में नरमी : जबलपुर सहित कुछ शहरों को छोड़ पूरे प्रदेश में गर्मी से राहत

# दिन का पारा जहां 6 डिग्री तक गिरा, रात में 4 डिग्री तक कमी

प्रदेश में सबसे कम दिन का तापमान सिवनी में 30 डिग्री रहा, यह नॉर्मल से 10 डिग्री कम

सबसे अधिक पारा टीकमगढ़, शिवपुरी में 43 डिग्री रहा। भोपाल में एक डिग्री की बढ़त के साथ तापमान फिर से 41.9 डिग्री पर पहुंच गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

प्रदेश के ज्यादातर जिलों में दो दिन से बदले मौसम से गर्मी में कमी महसूस की गई है। भोपाल, नर्मदापुरम और शिवपुरी सहित कुछ जिलों में को छोड़कर शेष पूरे प्रदेश में दिन के तापमान में तेजी से गिरावट रही। बीते दो दिन के दौरान बादल, बौछारों और बूंदाबांदी के साथ ही कुछ स्थानों पर ओले गिरने से गुरुवार को लगातार दूसरे दिन प्रदेशभर में दिन के साथ रात के तापमान में भी गिरावट रही है। दिन का पारा जहां 2 से 6 डिग्री तक गिरा, वहीं रात में 2 से 4 डिग्री तक कमी दर्ज की गई है। इससे गर्मी में कुछ कमी रही, लेकिन उमस ने लोगों को खूब परेशान किया। ग्वालियर, रायसेन, जबलपुर, उमरिया में जहां 3 से 4 डिग्री तक गिरावट रही।

वहीं छिंदवाड़ा, मंडला और सिवनी में 4 से 6 डिग्री तक तापमान में कमी रही। इन शहरों में औसत पारा 39 डिग्री रहा। सबसे कम दिन का तापमान सिवनी में 30 डिग्री रहा, यह नॉर्मल से 10 डिग्री कम है। सबसे अधिक पारा टीकमगढ़, शिवपुरी में 43 डिग्री रहा। भोपाल में एक डिग्री की बढ़त के साथ तापमान फिर से 41.9 डिग्री पर पहुंच गया। मौसम केंद्र के अनुसार अभी मौसम में बदलाव जारी रहेगा मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार प्रदेश के आसपास चार सिस्टम सक्रिय होने से अगले 3 दिन ऐसा ही मौसम रहेगा।

प्रदेश के आसपास अभी चार सिस्टम सक्रिय होने से अगले 2 से 3 दिन जारी रहेगा मौसम में बदलाव

आज भी आधा दर्जन जिलों में बारिश, कहीं ओले और आंधी का अलर्ट, तीन जिलों में लू का अलर्ट



भोपाल स्थित करोंद ब्रिज का दृश्य

### यहां लू का अलर्ट

मौसम केंद्र ने शुक्रवार को भिंड, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी जिलों में कुछ स्थानों पर लू का येलो अलर्ट जारी किया है। इन स्थानों पर गर्मी में तेजी से इजाफा होने का अनुमान है। भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, खंडवा, खरगौन, मंदसौर, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी, जबलपुर, नरिसंहपुर और मैहर जिलों ज्यादातर स्थानों पर गरज चमक के साथ बादल, बौछारों की उम्मीद है।

### अभी चार सिस्टम से बदला रहेगा मौसम

शुक्ला के अनुसार वर्तमान एक डब्ल्यूडी सकुर्लेशन के रुप में सक्रिय है। साथ ही पूर्वी राजस्थान के ऊपर एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन भी बना है। वहीं, एक और साइक्लोनिक सकुर्लेशन मध्य महाराष्ट्र के ऊप्र बना है, यहां उत्तरी कर्नाटक और दक्षिणी कर्नाटक तक एक ट्रफ भी बनी है। इसके अलावा एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन पश्चिमी राजस्थान में सक्रिय है, जो पश्चिमी विदर्भ तक एक ट्रफ के रूप में सक्रिय है। इन सभी चार सिस्टम के कारण मध्य प्रदेश में मौसम में बदलाव बना हुआ है, जो अगले दो से तीन दिन बना रहने का अनुमान है।

### यहां गिरे ओले, आज भी अलर्ट

गुरुवार तक सीहोर, पठारी, मंदसौर, धार, दतिया, छतरपुर, सागर, दमोह, छिंदवाड़ा, सिवनी, डिंडोरी, मैहर, उमरिया, शहडोल, सीधी, अनूपपुर जिलों में कहीं कहीं ओले गिरे हैं। शुक्रवार तक नर्मदापुरम, बैतूल और डिंडोरी जिले के साथ ही छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट और पांढुर्णा जिले में कहीं कहीं बारिश के साथ ओले गिरने का अलर्ट जारी किया गया है।



### यहां रात का पारा भी गिरा

बैतूल, इंदौर, उज्जैन में 3 से 4 डिग्री तक रात का पारा गिरा। खजुराहो, सीधी, उमरिया, मलाजखंड में 2 डिग्री तक। राजगढ़, भोपाल, रायसेन, रतलाम सहित ज्यादातर जिलों में एक डिग्री तक गिरावट रही है।

### यूपी के बरेली में दिल दहला देने वाला मामला आया सामने

# युवती का अपहरण, रेप, धर्म परिवर्तन और फिर हत्या!





1 मुस्लिम युवक ने एक हिंदू छात्रा के साथ बरती बर्बरता

2 रेप के बाद उसे चलती ट्रेन के आगे फेंककर मार डाला

3 मुस्लिम युवक लंबे समय से छात्रा को परेशान कर रहा था

एजेंसी ▶▶बरेली


उत्तर प्रदेश के बरेली जिले से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आ रही है। यहां एक मुस्लिम युवक ने एक हिंदू छात्रा का जबरन धर्म परिवर्तन करवाया और उसके साथ रेप करने के बाद उसे चलती ट्रेन के आगे फेंककर उसकी निर्मम हत्या कर दी। हद तो तब हो गई जब हत्या की सनसनीखेज वारदात के बाद कई घंटे तक दो जिलों की पुलिस सीमा विवाद में उलझी रही।

फिर जब हिंदू संगठनों ने मामले को लेकर हंगामा किया तब जाकर 12 घंटे बाद मुकदमा दर्ज किया गया। दरअसल, ये मामला बरेली के फतेहगंज पूर्वी थाने का है। यहां एक इंटरमीडिएड की छात्रा की फरियाद नाम के लड़के ने ट्रेन के आगे फेंककर हत्या कर दी है। आरोप है कि फरियाद नाम का लड़का लंबे समय से छात्रा को परेशान कर रहा था। इसके बाद उसने छात्रा का जबरन रेप किया और फिर उसका धर्म परिवर्तन भी करवा दिया। इतना ही नहीं फरियाद ने इंप्रूवमेंट का फॉर्म भरने जा रही छात्रा का अपहरण किया और फिर उसे फतेहगंज पूर्वी थाना क्षेत्र में चलती ट्रेन के आगे फेंक दिया, जिससे छात्रा का शरीर दो हिस्सों में कट गया।

### सीमा विवाद में पुलिस उलझी रही

*छात्रा का शव कई घंटे तक ट्रैक के किनारे पड़ा रहा और पुलिस सीमा विवाद में उलझी रही। वहीं, कई घंटे तक जब आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं हुआ तो हिंदू संगठनों ने थाने के सामने शव रखकर जमकर हंगामा किया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की, जिसके बाद मामला तूल पकड़ा तो पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे और एफआईआर के आदेश किए। फिर 12 घंटे बाद शाहजहांपुर जिले की पुलिस ने छात्रा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।*

### आरोपी हुआ गिरफ्तार



इस मामले में एसपी साउथ मानुष पारिक ने कहा कि एक छात्रा का शव रेलवे ट्रैक पास मिला है। उसके शव का शाहजहांपुर पुलिस ने छात्रा का पोस्टमार्टम करवाया। साथ ही आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में आरोपी फरियाद के खिलाफ धर्म परिवर्तन अधिनियम, पॉक्सो, रेप, अपहरण और हत्या जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### ईडी पहुंची सुप्रीम कोर्ट, किया विरोध

## आज आएगा केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर फैसला

ईडी ने कहा-जमानत से गलत परंपरा हो जाएगी शुरु

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली शराब घोटाला मामले के मनी लांड्रिंग मामले में दिल्ली के सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई की। उनकी गिरफ्तारी के खिलाफ केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई कर रही पीठ की अध्यक्षता करने वाले न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता ने गुरुवार को कहा था कि वह शुक्रवार को अंतरिम अंतरिम जमानत पर फैसला सुनाएंगे। केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने का विरोध करते हुए ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को एक हलफनामा दायर किया। ईडी ने अपने हलफनामा में लिखा कि चुनाव प्रचार मौलिक अधिकार नहीं है। चुनाव प्रचार करना संवैधानिक अधिकार भी नहीं है और यह कानूनी अधिकार भी नहीं है। अगर केजरीवाल को जमानत दी गई तो इससे गलत परंपरा शुरू होगी। केजरीवाल दिल्ली आबकारी नीति घोटाले में मनी लांड्रिंग के आरोप में जेल में बंद हैं।

### अंतिम यात्रा में शामिल हुए सीएम मोहन यादव

## भाजपा प्रवक्ता गोविंद मालू का दिल का दौरा पड़ने से निधन

सीएम ने कहा-वे भाजपा की बहुत बड़ी धरोहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल



भोपाल से लौटकर भोजन करने के बाद भाजपा प्रवक्ता गोविंद मालू को बुधवार रात उनके घर पर दिल का दौरा पड़ा। 67 वर्षीय भाजपा नेता को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मुख्यमंत्री मोहन यादव सुबह इंदौर पहुंचे और मालू की अंतिम यात्रा में शामिल हुए। यादव लोकसभा चुनाव का अपना व्यस्त कार्यक्रम छोड़कर गुरुवार को सुबह इंदौर पहुंचे और मालू की अंतिम यात्रा में शामिल हुए। यादव ने शहर के रीजनल पार्क मुक्तिधाम पहुंचकर मालू के पार्थिव शरीर को पुष्प चक्र अर्पित किया। मुख्यमंत्री ने मालू को भाजपा की बहुत बड़ी धरोहर बताते हुए उनके निधन पर शोक जताया। उन्होंने कहा कि उन्होंने भाजपा की बहुत सारी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया था। वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुनावी सभा के मद्देनजर मेरे साथ परसों ही धार में थे।

### रचना नगर अंडर ब्रिज के ऊपर मिली लाश

## मीडिया हाउस में काम करने वाली युवती ने ट्रेन से कटकर दी जान



**भोपाल।** एमपी नगर थाना क्षेत्र स्थित रचना नगर अंडर ब्रिज के ऊपर रेलवे ट्रैक पर गुरुवार सुबह एक युवती की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवती की लाश बरामद कर पीएम के लिए भेज दी। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है।

### रेलवे ट्रैक के पास मिली एक्टिवा

*पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी किसी युवती की लाश रचना नगर अंडर ब्रिज के ऊपर रेलवे ट्रैक पर पड़ी है। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तो रेलवे ट्रैक से कुछ दूरी पर एक एक्टिवा खड़ी नजर आई। पुलिस को रेलवे टैक के किनारे मृतका का बैग भी मिला था। बैग में मिले दस्तावेज के आधार पर पुलिस ने गायत्री की पहचान कर परिजन को सूचना दी थी। पुलिस को घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजन से प्राथमिक पूछताछ में भी आत्महत्या की वजह साफ नहीं हो सकी है।*

### वीडियो वायरल होने के बाद कलेक्टर ने लिया एक्शन

## जिपं सदस्य ने नाबालिग बेटे से डलवाया वोट, एफआईआर, पोलिंग टीम हुई सस्पेंड

एसडीएम ने तीन घंटे में जांच पूरी कर रिपोर्ट सौंप दी

### विनय मेहर पर बैरसिया थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

भोपाल लोकसभा सीट के लिए 7 मई को हुए मतदान के दौरान जिला पंचायत सदस्य विनय मेहर ने नाबालिग बेटे से वोट डलवाने के मामले में एफआईआर दर्ज की गई है।बूथ के पीठासीन अधिकारी संदीप सैनी, उनके सहायक सीआर बाथम, मनोज कुमार मौर्य आर मदन गोपाल पटेल को निलंबित कर दिया गया है। बूथ पर तैनाम प्रधान आरक्षक संतोष को लाइन अटैच किया गया है। दरअसल, मेहर ने खुद ही फेसबुक पर वीडियो अपलोड किया था।



### पीयूष बबेले ने पूछा था कोई कार्रवाई होगी?

कमलनाथ के मीडिया सलाहकार पीयूष बबेले ने एक्स पर इस वीडियो को शेयर करते हुए लिखा भाजपा ने चुनाव आयोग को बच्चों का खिलवाड़ बना दिया है। भाजपा के जिला पंचायत सदस्य ने नाबालिग बेटे से वोट डलवाया। वोट डालते वक्त वीडियो भी बनाया और फेसबुक पर पोस्ट भी किया। कोई कार्रवाई होगी।

### बेटे के साथ मतदान केंद्र पहुंचे मसूद

मध्य विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद मतदान के दिन नाबालिग बेटे के साथ पोलिंग बूथ पर पहुंचे थे। जिसकी शिकायत गुरुवार को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह से की गई है। शिकायत के साथ विधायक के साथ मतदान केंद्र के बाहर का वीडियो भी पेश किया गया है। वीडियो 7 मई को भोपाल लोकसभा सीट के लिए हुए मतदान के दिन का है। मामले की जांच बैरागढ़ एसडीएम विनोद सोनकिया को जांच सौंपी है।




# यह चुनाव विकास के लिए वोट और 'जिहाद के लिए वोट' के बीच मुकाबला



# 'भारतीय गारंटी' और 'चीनी गारंटी' समझें , यहां शरीयत नहीं चलेगी

शाह ने कहा कि तेलंगाना ने 'कमल' को चुनने का फैसला किया है, और इसका प्यार और आशीर्वाद इस बार हमें 400 के पार ले जाएगा। तेलंगाना के लोगों ने 2019 में हमें 4 सीटों का आशीर्वाद दिया। और इस बार मुझे यकीन है कि हम तेलंगाना में 10 से अधिक सीटें जीतने जा रहे हैं। तेलंगाना का यह 'डबल-डिजिट स्कोर' निश्चित रूप से मोदी जी को 400 के पार पहुंचा देगा।

## तेलंगाना में गृहमंत्री शाह की ललकार

### तेलंगाना को शरिया और कुरान के आधार पर चला रहे

शाह ने कहा कि यह चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'भारतीय गारंटी' और कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'चीनी गारंटी' के बीच है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस, बीआरएस और एआईएमआईएम तेलंगाना को शरिया और कानून पर चलाना चाहते हैं। शाह ने कांग्रेस, बीआरएस और एआईएमआईएम को तुष्टिकरण की तिकड़ी बताते हुए कहा कि ये पार्टियां रामनवमी जुलूस नहीं निकलने देतीं और सीएए का भी विरोध करती हैं। ये लोग 'हैदराबाद मुक्ति दिवस' (17 सितंबर) मनाने की अनुमति नहीं देते हैं। ये सीएए का विरोध करते हैं। ये लोग तेलंगाना को शरिया और कुरान के आधार पर चलाना चाहते हैं।

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह तेलंगाना के चुनावी दौरे पर रहे। भुवनगिरि (भोंगीर) में एक विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि 2024 का चुनाव राहुल गांधी या नरेंद्र मोदी का चुनाव है। यह चुनाव वोट फॉर जिहाद के विपरीत वोट फॉर विकास का चुनाव है।

यह चुनाव राहुल की चाइनीज गारंटी के खिलाफ मोदी जी की भारतीय गारंटी का है।शाह ने कहा कि तेलंगाना ने 'कमल' को चुनने का फैसला किया है और इसका प्यार और आशीर्वाद इस बार हमें 400 के पार ले जाएगा। तेलंगाना के लोगों ने 2019 में हमें 4 सीटों का आशीर्वाद दिया। और इस बार मुझे यकीन है कि हम तेलंगाना में 10 से अधिक सीटें जीतने जा रहे हैं। तेलंगाना का यह 'डबल-डिजिट स्कोर' निश्चित रूप से मोदी जी को 400 के पार पहुंचा देगा।

**कांग्रेस को तो उमीदवार भी नहीं मिल रहे, रेवंत तो बने एटीएम**

शाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की स्थिति इतनी खराब हो गई है कि उसे उमीदवार भी नहीं मिल रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि बीआरएस तेलंगाना में विकास सुनिश्चित करने के वादे के साथ सत्ता में आई, लेकिन उसने केवल भ्रष्टाचार किया। आपने रेवंत रेड्डी को 5 साल दिए और उन्होंने तेलंगाना को कांग्रेस पार्टी के लिए 'एटीएम' में बदलने के अलावा कुछ नहीं किया। हम इसे भारत का नंबर वन राज्य बना देंगे।

चित्रकूट में भाजपाध्यक्ष नड्डा की विपक्ष को खरी-खरी

## भाजपा भ्रष्टाचारियों को 'मिटा' रही ऐसे लोग या तो जेल में हैं या बेल में

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा चित्रकूट में कांग्रेस सपा बसपा पर जमकर हमले किए।



कहा कि यह गठबंधन भ्रष्टाचारियों को बचाने और परिवारवाद को बढ़ावा देने वाला है। उन्होंने सीएम अरविंद केजरीवाल से लेकर वर्ष 2014 से पहले की सरकारों के तमाम घोटालों की लंबी लिस्ट बताई और कहा कि भाजपा भ्रष्टाचारियों को मिटाने के लिए काम कर रही है।आज ऐसे लोग या तो जेल में हैं या फिर बेल पर हैं। उन्होंने कांग्रेस की नक्सलवाद पर टिप्पणी का विरोध किया। उन्होंने कहा कि आज पूरे विश्व में भारत दवा के निर्यात के मामले में दूसरे नंबर पर है। 25 करोड़ लोग गरीबों की रेखा से ऊपर उठ चुके हैं। भारत अब पिछलग्गू देश नहीं है। आर्थिक स्थिति में 11वें नंबर से 5वें नंबर पर है।

### 10 साल से केवल विकासवाद की राजनीति हो रही

उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि आप लोगों ने यहां से प्रत्याशी आरके सिंह पटेल को फिर से एक बार सांसद बनाकर दिल्ली भेजेंगे। मैं यहां महाराणा प्रताप जी जैसी महान आत्मा को भी मैं नमन करता हूं। 10 साल पहले राजनीति में क्या होता था जातिवाद, परिवारवाद और वोट बैंक की राजनीति। मोदी ने 10 साल में सिर्फ विकासवाद की राजनीति को आगे बढ़ाया।




झारखंड में सीतारमण का बड़ा हमला

### यहां हर सिग्नेचर के लिए वसूली! दीवार से पाताल तक मिल रहा कैश

**रांची।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रांची में प्रबुद्ध वर्ग के लोगों के साथ एक संवाद कार्यक्रम में कहा कि झारखंड में इस कदर भ्रष्टाचार है कि यहां हर सिग्नेचर के लिए पैसे की वसूली होती है। कानून व्यवस्था इतनी खराब है कि रंगदारी की रकम न देने पर व्यवसायियों की हत्या तक हो रही है। यहां दीवार से लेकर पाताल तक कैश मिल रहा है। ये हालात बदलना चाहिए। यहां के लोगों को भ्रष्टाचार मुक्त राज्य और देश के लिए वोट करना चाहिए।'पूर्वी भारत विकसित भारत के लिए उन्नति का इंजन' विषय पर संवाद कार्यक्रम में वित्त मंत्री ने कहा कि जब बिहार से झारखंड अलग हुआ था, तब लगा था कि इसे जंगल राज से मुक्ति मिलेगी, लेकिन दुख की बात है कि पिछले साढ़े चार से यहां नया जंगल राज शुरू हो गया।

काशी में होगा पीएम मोदी का भव्य रोड शो

### 251 डमरू वादक, 251 शंखवादक और 251 बटुक करेंगे अभिवादन

251 डमरू वादक, 251 शंखवादक और 251 बटुक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो का आकर्षण होंगे। गोदौलिया चौराहे से विश्वनाथ धाम तक डमरुओं के निनाद और शंख वादन से पीएम का भव्य स्वागत होगा। मालवीय प्रतिमा लंका से काशी विश्वनाथ धाम तक लघु भारत की झलक नजर आएगी।13 मई को मालवीय प्रतिमा से लेकर श्री काशी विश्वनाथ धाम तक रोडशो को भव्य बनाने के लिए पार्टी ने पूरी ताकत झोंक दी है। राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने रोड शो मार्ग पर बनाए गए 11 बीट प्रमुखों और रोड शो की व्यवस्था से जुड़े वरिष्ठ पदाधिकारियों की बैठक में तैयारियों की समीक्षा की।

राहुल का पीएम पर हमला

### नफरत नहीं, नौकरी चुनो



कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने पीएम पर हमला बोलते हुए दावा किया कि 4जून को इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। मोदी हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे। 4-5 दिन में कुछ न कुछ ड्रामा होगा, लेकिन भटकना नहीं है और अपने मुद्दों पर डटे रहना है। राहुल ने सोशल साइट्स एक्स पर वीडियो ट्वीट कर कहा कि इडी गठबंधन की सरकार बनने जा रही है और हमारी गारंटी है कि 15 अगस्त तक हम 30 लाख रिक्त सरकारी पदों पर भर्ती का काम शुरू कर देंगे।

प्रियंका ने लोगों से कहा

### राशन देने से नहीं बनेंगे आत्मनिर्भर



**रायबरेली।** गांधी परिवार के गढ़ रायबरेली में प्रियंका गांधी ने कहा कि 5 किलो राशन से भविष्य नहीं बनेगा। इससे आप आत्मनिर्भर नहीं बन सकते हैं। अगर मैं आपसे पूछूं कि आप रोजगार और 5 किलो राशन के बीच क्या चुनेंगे? तो आप साफ तौर पर रोजगार को ही तवज्जो देंगे। यह समझने की जरूरत है कि जो राजनीतिक दल इस तरह की नीति बनाएगा जिससे आप निर्भर रहेंगे लेकिन आप आत्मनिर्भर नहीं हो सकते। आप अपने पैरों पर नहीं खड़े हो सकते तो उसकी नीति ठीक नहीं है।

राणा के बयान पर बोले ओवैसी

### मैं मोदीजी से कहता हूं उन्हें 15 सेकंड दे दीजिए



**हैदराबाद।** देश में इन दिनों चुनावी मौसम चल रहा है। विभिन्न राजनैतिक दलों के नेता विरोधियों के खिलाफ बयानबाजी कर एक-दूसरे की पोल खोलने में लगे हैं। इसी बीच, भाजपा की नेता नवनीत रवि राणा के '15 सेकंड' वाले एक बयान पर विवाद बढ़ता जा रहा है। राणा के बयान पर एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी भड़क गए। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी उन्हें 15 सेकंड दे दीजिए, हम भी तो देखें कि क्या करेंगे? पिछले दिनों भाजपा के समर्थन में राणा ने ऐसा बयान दिया था।

चुनाव के बीच आंध्र प्रदेश में मिला रुपयों का पहाड़

### पीवीसी पाइप ले जा रहे ट्रक से कैश बरामद



**गरिकापाडु।** आंध्र प्रदेश में चुनाव से पहले पुलिस ने एनटीआर जिले में एक अंतरराज्यीय जांच चौकी पर बड़ी मात्रा में कैश जब्त किया है। चौकी पर एक पीवीसी पाइप ले जा रहे ट्रक को जैसे ही पुलिस ने रोककर जांच की, तो उसके होश उड़ गए। पाइप के साथ उसे 8.36 करोड़ कैश मिला। पुलिस के मुताबिक, चित्तूर जिले का ट्रक शेख अजीज नाम के व्यक्ति के नाम पर पंजीकृत है। पुलिस ट्रक चालक सीएच शनमुगन और क्लीनर, पी शेखर रेड्डी से पूछताछ कर रही है।

### अब दिल्ली में ही वोट दे सकेंगे विस्थापित कश्मीरी

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने कश्मीर में विस्थापित वोटर्स के लिए चार खास पोलिंग बूथ तैयार किए हैं। चुनाव आयोग यह सुनिश्चित करना चाहता है कि चुनाव की प्रक्रिया से कोई भी अछूता न रहे, इसी को ध्यान में रखते हुए विस्थापित कश्मीरियों के लिए इन बूथ को तैयार किया गया। अनंतनाग में 25 मई को मतदान होना है, जबकि श्रीनगर में 13 मई को मतदान होगा और बारामूला में 20 मई को मतदान होगा। घाटी में मतदान के लिए चुनाव आयोग खास तैयारी कर रहा है।

## खबर संक्षेप

### सांवलिया सेठ के भंडारे से निकला बड़ा 'खजाना'

**मेवाड़।** यहां के प्रसिद्ध सांवलिया सेठ मंदिर के भंडार से एक बार फिर करोड़ों रुपए निकले हैं। हर



महीने यहां भंडारा खोला जाता है, जिसमें भक्तों का चढ़ावा करोड़ों में मिलता है। इस बार 2 दिनी मासिक मेले के पहले दिन कृष्ण पक्ष चतुर्दशी को भंडारा खोला गया। पहले दिन की काउंटिंग में 5 करोड़ 60 लाख रुपए मिले हैं। भेंट स्वरूप प्राप्त सोना और चांदी का वजन भी शेष है।

### धुम्मा ने कहा- पांच बच्चे पैदा करें सिख


**चंडीगढ़।** दमदमी टकसाल मेहता के मुखी बाबा हरनाम सिंह धुम्मा के एक बयान पर विवाद शुरू हो गया



है। धुम्मा ने एक धार्मिक सभा में बयान दिया है कि हर सिख परिवार 5 बच्चे पैदा करे। अगर सिख परिवार बच्चे संभाल नहीं सकते तो 4 बच्चे दमदमी टकसाल को दे दें। हम उन बच्चों का पालन पोषण करेंगे और पढ़ाएंगे। उनको धार्मिक शिक्षा दी जाएगी। कुछ कौम के जत्थेदार होंगे। हम उन्हें तालीम देंगे।

### पिता की हत्या, फिर बेटे के साथ तालाब में कूदा

**पाली।** राजस्थान के पाली इलाके में एक व्यक्ति ने पारिवारिक विवाद चलते पहले अपने पिता की



गला घोंटकर हत्या कर दी और फिर5 वर्षीय बेटे के साथ एक तालाब में कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना बुधवार रात कुलथाना गांव में हुई। डीएसपी ने कहा कि प्रकाश पटेल ने तलाक के विवाद को लेकर अपने पिता दुर्गाराम पटेल की हत्या कर दी।

केजरीवाल के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय का सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा

# चुनाव प्रचार करना कोई संवैधानिक हक नहीं, बेल से गलत परंपरा बनेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की जमानत का विरोध करते हुए ईडी ने आज सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा पेश किया। इसमें ईडी के ओर से जोरदार दलील दी गई। ईडी ने अपने हलफनामे में कहा है कि चुनाव प्रचार करना कोई संवैधानिक अधिकार नहीं है। अगर इस तरह चुनाव प्रटार करने के लिए बेल दी गई तो फिर तो किसी नेता को गिरफ्तार करना ही मुश्किल हो जाएगा। ईडी ने अपने हलफनामे में कहा पिछले 5 साल में देश भर में कुल 123 चुनाव हुए हैं।

अगर चुनाव में प्रचार के आधार पर नेताओं को जमानत दी जाने लगी तो न तो कभी किसी नेता हो गिरफ्तार किया जा सकेगा और न ही उसे न्यायिक हिरासत में भेजा जा सकेगा, क्योकि देश मे हमेशा कोई न कोई चुनाव होता रहता है। ईडी ने आगे हलफनामे में कहा कि मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका को खारिज करते समय सुप्रीम कोर्ट ने खुद कहा था कि कानून नागरिक, संस्था और राज्य सभी के लिए बराबर होता है। कानून सभी को बराबर का अधिकार देता है।

**देश में कोई न कोई चुनाव तो होते रहेंगे, फिर गिरफ्तार करना मुश्किल हो जाएगा**

**5** साल में देश भर में कुल 123 चुनाव हुए

ईडी ने मनीष सिसोदिया के मामले को भी सामने रखा

### नेताओं ने न्यायिक हिरासत में चुनाव लड़ा पर, कभी अंतरिम जमानत नहीं दी गई



ईडी ने कहा कि इससे एक मिसाल कायम होगी, जिससे सभी बेईमान राजनेताओं को चुनाव की आड़ में अपराध करने और जांच से बचने का मौका मिलेगा। राजनेताओं ने न्यायिक हिरासत में चुनाव लड़ा है और कुछ ने जीत भी हासिल की है, लेकिन उन्हें इस आधार पर कभी अंतरिम जमानत नहीं दी गई।



### ईडी ने कोर्ट में दिया ये भी तर्क

ईडी ने अपने हलफनामे में कहा कि पिछले 5 साल में देश भर में कुल 123 चुनाव हुए हैं। अगर चुनाव में प्रचार के आधार पर नेताओं को जमानत दी जाने लगी तो न तो कभी किसी नेता को गिरफ्तार किया जा सकेगा और न ही उसे न्यायिक हिरासत में भेजा जा सकेगा, क्योकि देश में हमेशा कोई न कोई चुनाव होता रहता है।

### केजरीवाल, कविता के खिलाफ सप्लीमेंट्री चार्जशीट आज दायर होगी

शराब घोटाला मामले में ईडी शुक्रवार को केजरीवाल और के कविता के खिलाफ सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर कर सकती है। कविता को 15 मार्च और केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया है। वे न्यायिक हिरासत के तहत तिहाड़ जेल में बंद हैं। उनकी हिरासत की मांग करते हुए सुनवाई के दौरान ईडी ने कहा था कि केजरीवाल शराब घोटाला मामले में प्रमुख साजिशकर्ता हैं। केजरीवाल को नई शराब नीति तैयार करने और लागू करने के लिए 'साउथ ग्रुप' से रिश्वत के रूप में कई करोड़ रुपए मिले है। एएसजी एसवी राजू ने राउज एवेन्यू कोर्ट को बताया था कि उन्होंने चुनाव लड़ने के लिए 'साउथ ग्रुप' के कुछ आरोपियों से 100 करोड़ रुपए की मांग की थी।

संदेशखाली मामले में आया नया मोड़



# अब पीड़ित महिलाएं बयान से मुकरीं, हमें पैसे दिए गए थे...

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

संदेशखाली को लेकर एक बार फिर राज्य में सियासी बवाल है। पिछले हफ्ते एक 'वायरल वीडियो' को लेकर सियासत हुई थी। वीडियो में भाजपा का एक स्थानीय नेता ये कहता नजर आया था कि सुवेंदु अधिकारी ने पैसे देकर संदेशखाली के मामले को बड़ा किया था। ये भी कहता नजर आया था कि महिलाओं को पैसे देकर झूठे केस दर्ज कराए गए थे। एक महिला ने भाजपा पर आरोप लगाया है कि मुझसे सफेद कागज पर साइन कराया गया,बाद में मुझे पता चला कि मेरे नाम से रेप केस फाइल करवाया गया है।

### केस वापस लेने को दिया आवेदन

महिला ने थाने में केस वापस लेने का आवेदन दिया है। महिला आरोप लगा रही है कि उन्हें इसके बाद से धमकी मिल रही है। टीएमसी के मंत्री शशि पांजा ने कहा कि भाजपा ने महिलाओं को पैसे देकर रेप का केस दर्ज करवाया है। कई से तो सफेद कागज पर साइन करवा लिया है। वे महिलाएं अब थाने में कह रही हैं कि हम केस वापस लेना चाहते हैं। बताया जा रहा है कि नियति मैती ने कहा कि जिस दिन महिला आयोग की टीम आई थी, उसी दिन पियाली ने शिकायतों को आयोग के साथ शेयर करने के लिए बुलाया था। हमें मनरेगा का जॉब कार्ड,खाना पकाने के पैसे लेने थे।

मौसम विभाग ने दी राहतभरी खबर

# गरमी के तेवर पड़े नरम, जल्द ही गायब हो जाएगी 'हीट वेव'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कश्मीर से लेकर कन्या कुमारी तक गर्मी ने रौद्र रूप धारण किया हुआ है। मई की शुरुआत में ही कई जगहों पर पारा 45 डिग्री पार कर चुका है। कई राज्यों में 'हीटवेव' का अलर्ट जारी किया है और कई जगहों पर स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां कर दी गई हैं, लेकिन 2 दिन से गर्मी के तेवर कुछ जगहों पर थोड़े से नरम पड़े हैं। भारतीय मौसम विभाग ने कहा है कि अब पूरे देश से हीटवेव गायब होने



वाली है। वैज्ञानिक सोमा सेन ने कहा कि अब बहुत जल्द देश से लू खत्म होने वाली है, केवल पश्चिमी राजस्थान और केरल में लू का अलर्ट जारी किया गया है। बंगाल की खाड़ी में एक नमी वाला प्रेशर बना है,बारिश होने की संभावना है।

**जल रहा राजस्थान, बाड़मेर में पारा 46 डिग्री पर**

राजस्थान में गर्मी के तेवर तीखे हो गए हैं। आमजन ही नहीं बल्कि पशु-पक्षी भीषण गर्मी से हलकान हैं। बुधवार को 46 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बाड़मेर देश में सबसे गर्म स्थान रहा है।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी के लिए योग सत्र

# एमडीओएनईआर ने बहुआयामी योग क्रियाओं को प्रदर्शित किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**डोनर सचिव ने शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य में योग की भूमिका पर जोर दिया**

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन एनेक्सी में आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी के रूप मे योग सत्र का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बहुआयामी योग क्रियाओं को प्रदर्शित किया गया।

डोनर सचिव ने शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य में योग की भूमिका पर जोर दिया। 21 जून को हर साल पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। योग की जड़ें भारतीय परंपरा में हैं। योग को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य पर इसके सकारात्मक प्रभाव के लिए व्यापक मान्यता प्राप्त है।



**योग के शाश्वत लाभों पर प्रकाश डाला**

पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय ने बताया कि आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के तैयारियों के रूप में उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन एनेक्सी में योग सत्र का आयोजन किया। एमडीओएनईआर के सचिव और अधिकारियों-कर्मचारियों और विज्ञान भवन एनेक्सी में तैनात सीआईएसएफ अधिकारियों और कर्मचारियों ने भारतीय विरासत में गहराई से निहित योग के शाश्वत लाभों पर प्रकाश डालते एमडीएनआईवाई के योग प्रशिक्षकों और योग अभ्यासियों के मार्गदर्शन में सक्रिय रूप से भाग लिया।

### समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देने का लक्ष्य

इस कार्यक्रम में समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बहुआयामी योग क्रियाओं को प्रदर्शित किया गया। डोनर सचिव ने शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य में योग की भूमिका पर जोर दिया।

### योग के लिए भारत की स्थायी प्रासंगिकता अहम

अब जब एमडीओएनईआर योग दिवस की तैयारी की मेजबानी कर रहा है तो इससे पता चलता है कि योग के द्वारा स्वास्थ्य और आरोग्य की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए भारत प्रतिबद्ध है। वहीं दूसरी ओर विज्ञान भवन में होने वाला कार्यक्रम योग की सार्वभौमिक पसंद और समकालीन चुनौतियों से निपटने में इसकी स्थायी प्रासंगिकता की याद भी दिलाता है।

जबलपुर
शुक्रवार, 10 मई 2024
वैशाख मास शुक्ल पक्ष-2
वर्ष : 19, अंक : 10
पृष्ठ : 14, मूल्य : 3.00 रुपये

मौसम
अधि. 34
न्यून. 24

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

8 राष्ट्र प्रथम हो मतदान का आधार



मैट्रो
14 स्ट्रांग रूम से 100 मीटर दूर ....

# आज अक्षय तृतीया पर गंगोत्री धाम के कपाट दोपहर 12:25 बजे खुलेंगे, 'चार धाम' यात्रा हो जाएगी शुरु

एजेंसी ▶▶ देहरादून

मां गंगा की डोली गुरुवार को अपने शीतकाल प्रवास पर मुखबा गांव से गंगोत्री धाम के लिए रवाना हो गई। 10 मई को अक्षय तृतीया पर गंगोत्री धाम के कपाट दोपहर 12:25 बजे खुलेंगे। गंगोत्री धाम के तीर्थ पुरोहित पंडित राजेश सेमवाल ने बताया कि मां गंगा की डोली अपने मायके मुखबा से दोपहर 12:15 बजे रवाना हुई। जैसे ही मां गंगा अपने मंदिर से बाहर आई हर तरफ जय मां गंगे और भगवती गंगे के जयकारे से पूरा परिसर गूंज उठा। आर्मी बैंड की धुन के बीच डोली को पुरोहितों ने बाहर निकाला इसके बाद डोली सैकड़ों भक्तों के साथ अपने गंगोत्री धाम के लिए रवाना हुई। गंगोत्री धाम में ही अब मां गंगा अगले 6 माह दर्शन देंगी।

### केदारनाथ व यमुनोत्री धाम के भी आज ही खुलेंगे कपाट

*आज सबसे पहले सुबह साढ़े 6 बजे केदारनाथ के कपाट खुलेंगे। इसके बाद यमुनोत्री धाम के कपाट सुबह साढे 10 बजे खुलेंगे। बद्रीनाथ के कपाट 12 मई को सुबह 6 बजे खुलेंगे। 10 मई से चार धाम यात्रा का श्री गणेश होने जा रहा है। चारधाम यात्रा के लिए बुधवार तक 22 लाख से अधिक श्रद्धालु पंजीकरण करा चुके हैं। सबसे अधिक केदारनाथ के लिए 7,60,254 पंजीकरण, यमुनोत्री धाम के लिए तीन लाख 44 हजार 150, गंगोत्री धाम के लिए तीन लाख 91 हजार 812, बदरीनाथ धाम के लिए छह लाख 58 हजार 486 और हेमकुंड साहिब के लिए 45 हजार 959 पंजीकरण हो चुके हैं।*



## कांग्रेस ने किया बहुमत का दावा

# भूपेंद्र सिंह हुड्डा बोले- हम विधायकों की परेड करा देंगे

*आंकड़ों के मुताबिक सैनी सरकार पर कोई संकट नहीं*

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपिंदर सिंह हुड्डा ने बहुमत का दावा किया है। उन्होंने एक बार फिर से कहा है कि राज्य में नायब सिंह सैनी की सरकार अल्पमत में आ गई है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस के विधायक एकजुट हैं। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने विधायकों की संख्या गिनवाते हुए कहा कि कांग्रेस के 30, जेजेपी के 10, निर्दलीय 3 हैं। इसके साथ ही उन्होंने बलराज कुंडू और अभय चौटाला को मिलाकर कुल 45 विधायकों की संख्या बताई है। साथ ही विधायकों के परेड कराने की भी बात कही है। हुड्डा के सचिव शादी लाल कपूर ने हरियाणा राजभवन को पत्र लिखकर राज्य की वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर राज्यपाल से समय मांगा है।

### जेजेपी ने लिखी राज्यपाल को चिट्ठी



जननायक जनता पार्टी ने राज्यपाल बंडारू दत्रातेय को चिट्ठी लिखकर राज्य की मौजूदा सियासी हालात पर उचित फैसला लेने का अनुरोध किया है। जेजेपी नेता और राज्य के पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने राज्यपाल को भेजे पत्र में नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के अल्पमत में होने का दावा किया है। हालांकि, आंकड़ों के मुताबिक फिलहाल सैनी सरकार पर कोई संकट नजर नहीं आ रहा है। भाजपा के पास अभी भी 45 विधायकों का समर्थन है। इसमें से 40 विधायक भाजपा और 5 निर्दलीय हैं। वहीं कांग्रेस के पास विधायकों की संख्या 30 है। इसमें जेजेपी के 10 विधायक भी शामिल करें तो यह आंकड़ा 40 तक पहुंचता है। वहीं 3 निर्दलीयों के शामिल होने पर आंकड़ा 43 तक पहुंचा जाता है।

## राष्ट्रीय महिला आयोग का दावा

# रेवन्ना के खिलाफ 700 तो छोड़िए एक महिला ने भी शिकायत नहीं की

### पीड़ितों की ओर से ऑनलाइन या ऑफलाइन कोई शिकायत नहीं मिली

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कर्नाटक में इस वक्त चर्चा का विषय बन चुके जेडीएस नेता प्रज्वल रेवाना स्कैंडल मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग की तरफ से बड़ा खुलासा किया गया है। एनसीडब्ल्यू का कहना है कि 700 महिलाओं द्वारा आयोग में शिकायत दर्ज कराने का दावा झूठा है। पीड़ितों की ओर से ऑनलाइन या ऑफलाइन कोई शिकायत एनसीडब्ल्यू को प्राप्त नहीं हुई है। एनसीडब्ल्यू ने कहा कि यह नोट किया गया है कि ऑनलाइन शिकायतें दर्ज करने वाली 700 महिलाएं एक सामाजिक कार्यकर्ता समूह से जुड़ी हैं और मामले में प्राथमिक शिकायतकर्ता के साथ उनकी कोई प्रत्यक्ष भागीदारी या संबंध नहीं है। फिर भी, एनसीडब्ल्यू कर्नाटक पुलिस अधिकारियों के साथ निरंतर संचार बनाए रखते हुए उनकी चिंताओं की गहन जांच करने के लिए



प्रतिबद्ध है। राष्ट्रीय महिला आयोग का कहना है कि रिपोर्ट में पीड़ितों द्वारा यौन शोषण की शिकायतों के आधार पर दो मामलों के पंजीकरण का संकेत दिया गया है। साथ ही एक रिश्तेदार द्वारा अपहरण के लिए दायर एक अतिरिक्त शिकायत भी दर्ज की गई है। हालांकि, इस मामले में कोई भी पीड़ित एनसीडब्ल्यू में शिकायत दर्ज कराने के लिए आगे नहीं आई है। एनसीडब्ल्यू ने कहा कि एक महिला शिकायतकर्ता आयोग में सिविल वर्दी पहने तीन व्यक्तियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने आई थी, जिन्होंने कथित तौर पर खुद को कर्नाटक पुलिस अधिकारी के रूप में पेश किया।








**दक्षिण एशिया में तीन देश**

*भारत एशिया में भी 10 शीर्ष देशों में शामिल रहा। दक्षिणी एशिया में तीन देश भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश दुनिया में अंतरराष्ट्रीय रूप से प्रेषित धन प्राप्त करने वाले 10 शीर्ष देशों में शामिल रहे जो इस उपक्षेत्र से श्रमिकों के प्रवास के महत्त्व को दिखाता है।*

**यूएन आईओएम की विश्व प्रवासन रिपोर्ट 2024 में खुलासा**

# भारत में दुनिया से आया सर्वाधिक पैसा, 111.22 अरब डॉलर की धनराशि मिली, 100 अरब डॉलर के आंकड़े को पार करने वाला बना 'पहला देश'

**दूसरे स्थान पर मेक्सिको, उसके बाद चीन, फिलीपींस और फ्रांस**

**दुनिया में भारतवंशियों की सर्वाधिक आबादी 1.8 करोड़**

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

संयुक्त राष्ट्र की प्रवासन एजेंसी 'इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन फॉर माइग्रेशन' (आईओएम) ने अपनी विश्व प्रवासन रिपोर्ट, 2024 में कहा है कि भारत में साल 2022 में दुनिया भर से 111 अरब डॉलर धनराशि प्राप्त हुई जो सर्वाधिक है। इसी के साथ भारत 100 अरब डॉलर के आंकड़े को पार करने वाला पहला भी देश बन गया है। यह धन प्रवासियों ने भारत में मित्रों व रिश्तेदारों को हस्तांतरित किया है। प्रेषित धन या 'रेमिटेंस' का आशय प्रवासियों द्वारा मूल देश में मित्रों और रिश्तेदारों को किए गए वित्तीय या अन्य तरह के हस्तांतरण से है।

> *संयुक्त राष्ट्र की प्रवासन एजेंसी आईओएम ने अपनी विश्व प्रवासन रिपोर्ट, 2024 में कहा है कि साल 2022 में प्रेषित धन प्राप्त करने वाले शीर्ष पांच देशों में भारत, मेक्सिको, चीन, फिलीपीन और फ्रांस शामिल हैं। भारत शीर्ष पर रहा और उसे 111.22 अरब डॉलर की धनराशि मिली।*



**मेक्सिको ने चीन को पछाड़ा**

आईओएम ने अपनी विश्व प्रवासन रिपोर्ट, 2024 में कहा कि 2022 में प्रेषित धन प्राप्त करने वाले शीर्ष पांच देशों में भारत, मेक्सिको, चीन, फिलीपींस और फ्रांस शामिल हैं। भारत शीर्ष पर रहा और उसे 111.22 अरब डॉलर की धनराशि मिली। मेक्सिको 2022 में दूसरा सबसे ज्यादा प्रेषित धन प्राप्त करने वाला देश रहा। यह स्थान उसने 2021 में चीन को पछाड़कर हासिल किया था।

**दुनिया में भारतवंशियों की सर्वाधिक आबादी 1.8 करोड़**

**भारत एशिया में भी 10 शीर्ष देशों में शामिल**

**धन प्राप्त करने में चीन दूसरा देश रहा**

अब तक भारत के बाद चीन ऐतिहासिक रूप से प्रेषित धन प्राप्त करने वाला दूसरा सबसे बड़ा देश रहा है। भारत 2010 (53.48 अरब डॉलर), 2015 (68.91 अरब डॉलर) और 2020 (83.15 अरब डॉलर) में भी शीर्ष पर रहा।

**प्रवासियों के लिए 13वें नंबर पर भारत**

रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया में सबसे अधिक प्रवासी भी भारतीय मूल के होते हैं जिनकी कुल संख्या देश की कुल आबादी का करीब 1.3 फीसद या 1.8 करोड़ है। उसकी ज्यादातर प्रवासी आबादी संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका और सऊदी अरब जैसे देशों में रह रही है। वहीं, भारत प्रवासियों के लिए काम करने के क्रम में 13वें नंबर पर आता है और देश में 44.8 लाख प्रवासी मजदूर हैं।

**खबर संक्षेप**

## पाकिस्तान में आंतकी हमला, 7 की मौत



**ग्वादर।** पाकिस्तान के ग्वादर में गुरुवार सुबह एक अज्ञात हमलावर ने 7 लोगों की गोली मार कर हत्या कर दी। हमले के वक्त मृतक सो रहे थे। गोलीबारी में एक व्यक्ति घायल भी हुआ है। मृतक पाकिस्तान के पंजाब के रहने वाले थे । ये ग्वादर पोर्ट के पास नाई की दुकान पर काम करते थे। आतंकवादियों ने ग्वादर के सरबंद में फिश हार्बर जेट्टी के पास आवासीय क्वार्टरों पर हमला किया। आतंकियों ने अंधाधुंध गोलीबारी की। इसके कारण सो रहे सात लोगों की मौत हो गई।

## अमेरिका में 2 मई से भारतीय छात्र लापता



**वॉशिंगटन।** एक बार फिर अमेरिका के शिकागो से एक भारतीय छात्र लापता हुआ है। छात्र की पहचान रुपेश चंद्रा चिंताकिंदी के रूप में हुई है, जो कि बीती 2 मई से लापता है। शिकागो स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने बताया है कि वह पुलिस और अमेरिका में रहने वाले भारतीय समुदाय के संपर्क में है। दूतावास ने पोस्ट में लिखा कि महावाणिज्य दूतावास भारतीय छात्र रुपेश चंद्रा के लापता होने की खबर सुनकर बेहद चिंतित है।

## ब्राजील में बारिश बाढ़ का कहर, 100 की मौत



**रियो डी जेनेरियो।** प्राकृतिक आपदा से जूझ रहे ब्राजील के दक्षिण में स्थित रियो ग्रेनेड डो सुल राज्य में बीते एक हफ्ते से ज्यादा समय से भारी बारिश के चलते बाढ़ आई हुई है। इस बाढ़ के चलते करीब 100 लोगों की मौत की खबर है। बाढ़ से साढ़े 14 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। दो लाख लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा है। ब्राजील की सिविल डिफेंस एजेंसी के आंकड़ों के अनुसार, बाढ़-बारिश के चलते अब तक 99,800 घर आंशिक या पूर्ण रूप से तबाह हो चुके हैं।

**विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर का एक हफ्ते में दूसरी बार बड़ा बयान**

# पीओके भारत का हिस्सा, पाक इसे वापस करे, जनता की भी यही इच्छा

> *विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने पीओके को भारत का अभिन्न अंग बताते हुए कहा कि भारत के लोग पीओके को भूले नहीं हैं, लोग फिर से इसे देश में मिलाना चाहते हैं। पाकिस्तान को पीओके वापस कर देना चाहिए।*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने एक बार फिर पीओके (पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर) को भारत का हिस्सा बताया है। ये इस हफ्ते में दूसरी बार है जब जयशंकर ने पीओके को भारत का अभिन्न अंग बताया है। इससे पहले 5 मई को ओडिशा दौरे में उन्होंने कहा था कि भारत के लोग पीओके को भूले नहीं, लोग फिर से इसे देश में मिलाना चाहते हैं। जयशंकर ने दिल्ली के गार्गी कॉलेज में कहा कि पाकिस्तान को पीओके वापस कर देना चाहिए। उन्होंने इसे पीएम मोदी का एक सबसे बड़ा सपना बताया। इसके अलावा उन्होंने लोगों का ध्यान कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने पर भी दिया। जयशंकर ने 370 को मोदी सरकारी की बड़ी उपलब्धि बताया और कहा कि अब देश की जनता ने भी मान लिया है कि 370 दोबारा कश्मीर में नहीं आएगा। साथ ही अब हमारा लक्ष्य पीओके की जमीन बदलने का है।

**खास बातें**

- 2023 में जम्मू-कश्मीर में रिकॉर्ड 2 करोड़ से ज्यादा पर्यटक आए
- पीओके में हालात खराब
- धारा 370 दोबारा कश्मीर में नहीं आएगी
- कश्मीर में पत्थरबाजी खत्म हुई

**पीओके हमारा था, है, रहेगा**

पिछले हफ्ते ही जयशंकर के पीओके वाले बयान को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी दोहराया था। राजनाथ सिंह ने कहा था कि भारत पीओके पर अपना दावा कभी नहीं छोड़ेगा। उन्होंने कहा था कि पीओके हमारा था, है और हमारा रहेगा। सिंह ने कहा था कि आज कश्मीर की तरक्की देखकर पीओके के लोग खुद को भारत का हिस्सा मानते है। ये दिखाता है कि पीओके पर हमारी सोच कहा तक है। भारत को इसके लिए कुछ करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। जिस तरह कश्मीर में हालात बदल रहे हैं और आर्थिक प्रगति हो रही है, वहां जैसी शांति लौटी है, मुझे यकीन है कि एक दिन पीओके से भी भारत में विलय की मांग उठेगी। पीओके में हमें किसी भी प्रकार का बल प्रयोग नहीं करना पड़ेगा। वहां के लोग खुद भारत में विलय करेंगे।

**पीओके पर ध्यान नहीं दिया गया**

*डॉ. जयशंकर ने बताया कि आजादी के बाद उस समय की सरकार ने पाकिस्तान को इस जमीन को खाली करने को कभी नहीं कहा, जिस कारण आज हमें ये दिन देखने पड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की आजादी के शुरुआती सालों में इन क्षेत्रों पर ध्यान नहीं दिया गया, जिस कारण पीओके में हालात खराब हो गए। भविष्य में क्या होगा? यह बताना बहुत मुश्किल है। लेकिन, मैं एक बताना चाहता हूं कि देश की जनता पीओके को नहीं भूली है।*

## पहले हटना था 370

उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को पहले ही हट जाना चाहिए था। 370 से पहले कश्मीर में अलगाववाद और उग्रवाद था। 370 हटने के बाद वहां पत्थरबाजी खत्म हुई है, साथ ही आतंकी हमलों में भी कमी आई है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने 5 अगस्त, 2019 को जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल-370 को खत्म कर दिया था। इसके साथ ही राज्य को 2 हिस्सों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बांट दिया था। दोनों को केंद्र शासित प्रदेश बना दिया। इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में 23 याचिकाएं दायर की गई थीं। सुप्रीम कोर्ट ने भी 11 दिसंबर को सरकार के फैसले को सही ठहराया था।

## आतंक में आई कमी

जयशंकर ने कहा कि 2018 में कश्मीर में पत्थरबाजी की 1767 घटनाएं हुई थीं। लेकिन आर्टिकल-370 हटने के बाद 2023 में ऐसी एक भी घटना नहीं हुई। 2018 से 2022 के बीच आतंकी गतिविधियों में 45.2% की कमी आई है। 2018 में इसके 143 मामले सामने आए थे, 2022 में ये 14 रह गए। 2023 में जम्मू-कश्मीर में रिकॉर्ड 2 करोड़ से ज्यादा पर्यटक आए। 2022 में यहां 1.88 करोड़ पर्यटक आए थे।

**भारत दौरे पर मालदीव के विदेश मंत्री जमीर आए**

## जयशंकर ने कहा- हमने हमेशा आपका साथ दिया



मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर ने गुरुवार को भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय बैठक के दौरान जयशंकर ने कहा कि करीबी और निकटतम पड़ोसियों के रूप में हमारे संबंधों का विकास साफ तौर से आपसी हितों और पारस्परिक संवेदनशीलता पर आधारित है। भारत ने हमेशा मालदीव का साथ दिया है। ये हमारी पड़ोसी प्रथम नीति नजरिये के तहत है। हम विभिन्न नजरियों को सहमति से मजबूत करेंगे।

**मालदीव को विकास सहायता दी**

*जयशंकर ने कहा कि भारत मालदीव के लिए विकास सहायता देने वाला एक प्रमुख देश रहा है। हमारी परियोजनाओं ने आपके देश के लोगों को लाभ दिया है। उनके जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने में योगदान दिया है। इनमें बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और सामाजिक पहल से लेकर इलाज के लिए लोगों के सही जगह पहुंचाना और स्वास्थ्य सुविधाएं शामिल हैं।*

**ब्रिटेन के एनएसए टिम बैरो से मुलाकात**



विदेश मंत्री जयशंकर ने भारत यात्रा पर आए ब्रिटेन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) टिम बैरो से गुरुवार को अनेक द्विपक्षीय, क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। जयशंकर ने 'एक्स' पर लिखा, 'ब्रिटेन के एनएसए टिम बैरो से आज दिल्ली में मुलाकात सुखद रही। अनेक महत्वपूर्ण क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। हमारे द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति की भी समीक्षा की।' दोनों ने पश्चिम एशिया के हालात पर भी विचार-विमर्श किया।

**थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे बोले**

## पूर्व सैनिकों का अमूल्य योगदान राष्ट्र के प्रति सेवाएं समाप्त नहीं होती



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने आज गुरुवार को नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में आर्मी वेलफेयर प्लेसमेंट ऑर्गनाइजेशन की ओर से आयोजित शिखर सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान थल सेनाध्यक्ष ने देश की समृद्धि में पूर्व सैनिकों के अमूल्य योगदान पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सैन्य जीवन अलविदा कहने पर उनकी राष्ट्र के प्रति सेवाएं समाप्त नहीं होती हैं, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण के प्रति उनकी जिम्मेदारी दूसरी पारी में बदल जाती है। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उनके लिए सुविधाएं उपलब्ध कराने पर भारतीय सेना की प्रतिबद्धता दोहराई।

**क्षमताओं को पहचानें**

*पांडे ने कहा कि पूर्व सैनिकों के अनुभव का उपयोग कई कॉर्पोरेट घरानों में किया जा सकता है। उन्होंने सभी से 'भूतपूर्व सैनिक, अलौकिक योगदान' शब्दों की क्षमता को पहचानने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने शिक्षा मंत्रालय और कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के साथ समग्र कौशल प्रमाणन की प्रक्रिया शुरू की है।*

**ईको-सिस्टम तैयार करने पर जोर**

यह शिखर सम्मेलन भारतीय सेना के दिग्गजों के लिए ईको-सिस्टम विकसित करने का एक प्रयास था। विभिन्न क्षेत्रों के पैनलिस्टों ने नई भूमिकाओं में दिग्गजों के लिए नए रास्ते, क्षमता, चुनौतियों और पहल के संपूर्ण परिदृश्य पर व्यावहारिक दृष्टिकोण सामने रखे। दूसरे करियर में खुद को स्थापित करने वाले दिग्गजों ने अपने अनुभव और सफलता की कहानियां साझा कीं।

## भारतीय-अमेरिकी समाजसेवी ने दिए 10 लाख डॉलर



**नई दिल्ली।** भारत-अमेरिकी समाजसेवी रमेश भुटाडा ने अमेरिका में रहने वाले हिंदुओं के लिए 10 लाख अमेरिकी डॉलर दान किए हैं। जिससे अमेरिका में रहने वाले हिंदुओं के हितों के लिए इस्तेमाल किया जाएगा, यह धनराशि हिंदू अमेरिकन फाउंडेशान को दान की गई है। हाल ही में हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन का कार्यक्रम आयोजित हुआ था। जिसमें भुटाडा ने एचएएफ को अगले चार वर्षों में 1 मिलियन अमेरिकी डॉलर देने का वादा किया।

**कुलगाम में 40 घंटे बाद मुठभेड़ खत्म**

## सुरक्षाबलों ने घाटी से तीन दुर्दांत आतंकियों का किया सफाया

एजेंसी ▶▶ कश्मीर

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में आतंकियों और सुरक्षाबलों की बीच चल रही मुठभेड़ आज समाप्त हो गई। बुधवार को सुरक्षाबलों ने नागरिकों की हत्या के कई मामलों में शामिल लश्कर-ए-तैयबा शाखा टीआरएफ के एक शीर्ष 'कमांडर' को भी मार गिराया।

पिछले मंगलवार को भी मुठभेड़ में दो आतंकी मारे गए थे। कुल मिलाकर इस अभियान में सुरक्षाबलों ने तीन आतंकियों को मार गिराया है। अब भारतीय सेना ने इस बाबत अभियान की समाप्ति को लेकर जानकारी दी है।



**पूरा हुआ ऑपरेशन रेडवानी पाइन**

**चालीस घंटे चला अभियान**

*अधिकारियों ने कहा कि भारतीय सेना ने 40 घंटे की निगरानी के बाद तीन आतंकवादियों को ढेर करते हुए 'ऑपरेशन रेडवानी पाइन' पूरा कर लिया है। इससे पहले मंगलवार को दक्षिण कश्मीर के कुलगाम के रेडवानी पाईन इलाके में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच भीषण गोलीबारी हुई।*

भारतीय सेना की चिनार कॉर्प्स ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि कुलगाम के सामान्य क्षेत्र रेडवानी पाईन में 6 व 7 मई की मध्यरात्रि को शुरू हुआ एक ज्वाइंट ऑपरेशन लगभग 40 घंटे की निरंतर निगरानी के बाद समाप्त हो गया है।

**वैश्विक ऊर्जा थिंक टैंक एंबर की ग्लोबल इलेक्ट्रिसिटी रिव्यू 2024 रिपोर्ट जारी**

# सौर ऊर्जा उत्पादन में जापान को पीछे छोड़ भारत बना दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वैश्विक ऊर्जा थिंक टैंक एम्बर ने ग्लोबल इलेक्ट्रिसिटी रिव्यू 2024 रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत ने 2023 में जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक देश बन गया है। भारत 2015 की तुलना में नौवें स्थान से ऊपर आकर तीसरे स्थान पर आ गया है। यह रिपोर्ट राष्ट्रीय स्तर के डेटा 2023 के आधार पर तैयार किया गया है।

इस रिपोर्ट में 92 प्रतिशत वैश्विक बिजली का प्रतिनिधित्व करने वाले 80 देशों को शामिल किया गया, साथ ही 215 देशों के ऐतिहासिक डेटा को भी शामिल किया गया था। रिपोर्ट में बताया गया है कि 2023 में सौर ऊर्जा उत्पादन में भारत की वृद्धि ने देश को जापान से आगे बढ़कर दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक देश बन गया है। रिपोर्ट के



मुताबिक सौर ऊर्जा ने 2023 में वैश्विक बिजली का रिकॉर्ड 5.5 प्रतिशत उत्पादन किया है। जबकि भारत ने 2023 में अपनी बिजली का 5.8 प्रतिशत सौर ऊर्जा से उत्पन्न किया है।

**दुनिया में सौर ऊर्जा बिजली का औसत उत्पादन 5.5%, भारत में रिकॉर्ड 5.8%**

- *वैश्विक सौर ऊर्जा उत्पादन छह गुना*
- *215 देशों का ऐतिहासिक डेटा*
- *रिपोर्ट में 80 देश शामिल*

**भारत में 17 गुना अधिक सौर उर्जा उत्पादन**

हाल के वर्षों में सौर ऊर्जा का विस्तार तेजी से हो रहा है। 2023 में वैश्विक सौर ऊर्जा उत्पादन 2015 की तुलना में छह गुना अधिक था, जबकि भारत में यह 17 गुना अधिक दर्ज किया गया। सौर ऊर्जा उत्पादन में भारत की हिस्सेदारी 2015 में भारत की बिजली का 0.5 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में 5.8 प्रतिशत हो गई।

**सौर उर्जा तेजी से बढ़ता बिजली स्त्रोत**

एम्बर के एशिया कार्यक्रम निदेशक, आदित्य लोला ने कहा नवीकरणीय ऊर्जा विशेष रूप सौर ऊर्जा से संचालित भविष्य अब एक वास्तविकता बन रहा है। उन्नीसवें वर्ष भी अपनी स्थिति बरकरार रखी।

**चार देशों की 75 प्रतिशत वृद्धि दर**

*चीन (+156 टीडब्ल्यूएच), यूएस (+33 टीडब्ल्यूएच) और ब्राजील (+22 टीडब्ल्यूएच) के बाद भारत ने 2023 में सौर ऊर्जा उत्पादन में दुनिया की चौथी सबसे बड़ी वृद्धि (+18 टेरावाट घंटे या टीडब्ल्यूएच) हासिल की है।*

**उत्तराखंड में बारिश ने मचाई तबाही**

## सड़कों और घरों में फैला मलबा राहत कार्य में जुटा प्रशासन



एजेंसी ▶▶ देहरादून

उत्तरकाशी बागेश्वर अल्मोड़ा सोमेश्वर में तेज बारिश के कारण घरों और दुकानों में मलबा आ गया जिसके चपेट में आकर कई गाड़ियां फंस गईं। मलबा आने से कई घरों के साथ दुकानों पर राह चलती गाड़ियों को भी नुकसान हुआ है। स्थानीय प्रशासन और पुलिस राहत और बचाव कार्य में जुट गए।

**बागेश्वर में नदी नाले उफान पर**

*बागेश्वर जिले में बारिश का कहर देखने को मिला जिससे नदी नाले उफान आ गए। बागेश्वर जिले में रुक-रुक हुई बारिश की वजह से नाले उफान पर आ गए और जगह-जगह जलभराव की स्थिति बन गई। ऐसा ही हाल कपकोट में भी रहा यहां भी मोटर मार्ग में जगह जगह बरसाती नाले उफान में आने से यातायात थम गया।*

परशुराम जयंती पर शोभायात्रा निकली

# भगवान परशुराम का प्राकट्य दिवस आज

## जय जय परशुराम के उद्घोष से गूंजा जुलूस पथ









जबलपुर।

भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर ब्राह्मण एकता मंच द्वारा मालवीय चौक से एक विशाल वाहन रैली निकाली गई। विप्रकुल शिरोमणि आराध्य प्रभु भगवान परशुराम की जयंती पर शहर में उनके जयघोष की गूंज रही। ब्राम्हण समाज के विविध संगठनों द्वारा अनेक कार्यक्रम आयाजित कर भागवान परशुराम का पूजन-अर्चन किया गया। इसी श्रंखला में कल ब्राह्मण एकता मंच द्वारा कल शाम 4 बजे मालवीय चौक से विशाल शोभायात्रा का शुभारंभ रानीताल चौक से किया गया। प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पंडित वासुदेव शास्त्री, श्री चैतान्यानंद, पंडित आशीष दुबे, विधायक सुशील तिवारी इंदु, विधायक अभिलाष पांडे, पूर्व विधायक लखन घनघोरिया, तरुण भनोत, पंडित योगेंद्र दुबे, पंडित राम दुबे, पंडित कपिल दुबे, आलोक पाठक, भाजपा नेता विनोद गोंटिया, सुधीर नायक, अयोध्या तिवारी, अमरीश मिश्रा, श्रीमति गीता शरद तिवारी, पंकज पांडे, विनोद शर्मा, अटल उपाध्याय, संदीप जैन, आलोक अग्निहोत्री, अनिल तिवारी, विश्वदीप पटेरिया, योगेन्द्र मिश्रा, नरेश शुक्ला, वीरेंद्र तिवारी, अजय दुबे, रजनीश पांडे आदि शामिल हुए।

### शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत......

मालवीय चौक से प्रारंभ हुई भगवान परशुराम शोभायात्रा में बैंड दल के साथ-साथ भगवान श्री हनुमान जी, दादा गुरु, भगवान परशुराम अनेक संत महात्माओं के तैल चित्र और झांकियां निकली। पूरा जुलूस मार्ग जय-जय परशुराम के उद्घोष से गूंज रहा था। जगह-जगह शोभायात्रा का पूजन-अर्चन कर मिष्ठान और शीतल जल के पाउच वितरित कर स्वागत किया गया।मालवीय चौक से प्रारंभ हुआ जुलूस काफी लंबा था, जिसका अग्रिम भाग सुपर बाजार में था तो अंतिम छोर ट्रेफिक थाने के सामने था। शोभायात्रा में न केवल ब्राह्मण समाज बल्कि अन्य समाजों के लोग भी बड़ी संख्या में शामिल थे। मालवीय चौक से प्रारंभ हुआ जुलूस, सुपर मार्केट, गंजीपुरा, बड़ा फुहारा, कमानिया होते हुए कोतवाली थाने के सामने समाप्त हुआ। यहां स्नेह भोज के साथ प्रसाद वितरण किया गया।

# इस बार अक्षय तृतीया पर नहीं हैं स्वयंसिद्ध मुर्हूत


**जबलपुर।** अक्षय तृतीया के स्वयंसिद्ध मुहूर्त पर इस साल गुरु और शुक्र के अस्त होने की वजह से विवाह समारोह नहीं हेंगे। इस बार गुरु अस्त हेने से अक्षय तृतीया का मुहूर्त शुभदायी नहीं है। लिहाजा इस साल शहनाई कम बजेंगी पर इसे स्वयं सिद्ध महूर्त मानने वाले लोग शादी कर रहे हैं और सामूहिक विवाह भी हो रहे हैं। अक्षय तृतीय की पूर्व संध्या पर बाजारों में काफी चहल-पहल रही। सोना चांदी, कपड़ा और विवाह सामग्री खरीददारी करने वालों का बाजार में जमावड़ा लगा रहा। बाजारों में सड़कों पर जाम की स्थिति रही। लोग जल्दी से जल्दी खरीददारी के लिये बेताब रहे। शहर के मुख्य बाजार में मार्गो पर घण्टों जाम लगा रहा। शहर में जहां जहां मुख्य बाजार हैं, मसलन गंजीपुरा, बड़ा फुहारा, सराफा बाजार, निवाड़गंज, मनिहारी मार्केट, गोरखपुर, सदर, रांझी, गोहलपुर, घमापुर में भारी भीड़भाड़ रही। यहां भारी चौपाया वाहनों और टू व्हीलरों की पार्किंग से मार्ग वैसे ही सकरे हो गये थे और मार्गो पर जाम लग गया था। आज विवाह समारोह के साथ-साथ परम्परा अनुसार घर-घर गुड्डा गुड़ियों का व्याह भी रचाया जाएगा। बरे के पेड़ के नीचे गुड्डा गुड़ियों की शादी की रस्म पूरी की जाएगी। नये मौसमी फलों और नये मटकों का भी कच्चे सूत के बंधन के साथ भगवान को अर्पित कर आगाज किया जाएगा। ऐसी मान्यता है कि स्वयंसिद्ध महामुहूर्त होता है। बिना मुहूर्त के आज तमाम ज्योतिष बंधनों से मुक्त होकर ब्याह की रस्म पूरी हो जाती है।अक्षय तृतीया का पर्व 10 मई को मनाया जाएगा। वैसे तो पूरे साल में यह दिन स्वयंसिद्ध मुर्हूत माना जाता है। माना जाता है कि इसमें किए गए कार्य अक्षय फलदायी होते हैं। ऐसे में इस अक्षय मुर्हूत के दिन ग्रह नक्षत्रों के कई शुभ योग इसकी शुभता को और बढ़ायेंगे। वार, ग्रह नक्षत्रों के मेल से इस दिन कई शुभ योग बन रहे है। ऐसे में यह दिन खरीददारी के लिए भी विशेष शुभ होगा। गुरु और शुक्र अस्त होने के कारण इन दिनों भले ही विवाह के मुर्हूत नहीं हो, लेकिन इस स्वयंसिद्ध मुर्हूत पर कई लोग मांगलिक कार्य भी करेंगे। पंचांग के अनुसार वैशाख शुक्ल तृतीया यानी अक्षय तृतीया तिथि की शुरुआत इस बार 10 मई को सुबह 4.17 बजे होगी और इस तिथि का समापन 11 मई को रात 2.50 बजे होगा। इसलिए अक्षय तृतीया 10 मई शुक्रवार को मनाई जाएगी। पंचांग के अनुसार अक्षय तृतीया का पूजन मुर्हूत 10 मई को सुबह 5.33 बजे से लेकर दोपहर 12.18 बजे तक है। इस मुर्हूत में ही सोना या चांदी की खरीददारी करना शुभ है।

**गुरु व शुक्र अस्त होने से नहीं बजेगी शहनाईयां**





















# हाई कोर्ट ने अभ्यावेदन प्रस्तुत करने किया स्वतंत्र

# मतदान अनिवार्य किए जाने की मांग संबंधी जनहित याचिका निरस्त

**जबलपुर।** हाई कोर्ट ने मतदान अनिवार्य किए जाने की मांग संबंधी जनहित याचिका निरस्त कर दी। मुख्य न्यायाधीश रवि मलिमठ व न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने अपने आदेश में साफ किया कि मतदान करना है या नहीं, यह नागरिकों की स्वतंत्रता का विषय है। इसके अलावा जनहित याचिकाकर्ता ने अपने अभ्यावेदन का जवाब आने की प्रतीक्षा किए बिना जल्दबाजी में हाई कोर्ट आने की गलती की है। लिहाजा, अपरिपक्व पाते हुए जनहित याचिका निरस्त की जाती है। हालांकि जनहित याचिकाकर्ता अभ्यावेदन के जरिये अपनी मांग बुलंद कर सकता है।



जनहित याचिकाकर्ता जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के प्रोफेसर डा.मुमताज अहमद खान की ओर से अधिवक्ता अजय रायजादा, अंजना श्रीवास्तव व अभिमन्यु सिंह ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि जनहित यचिका में भारत के निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, भोपाल व जिला निर्वाचन अधिकारी, जबलपुर को पक्षकार बनाया गया है। दरअसल, प्रत्येक नागरिक, जिसकी आयु 18 वर्ष से अधिक है, वह मतदान का अधिकारी है। राष्ट्रीय, राज्य स्तरीय, जिला स्तरीय व स्थानीय चुनावों में मतदान अनिवार्य किया जाना चाहिए। केंद्रीय, राज्य, जिला व स्थानीय निकायों में कार्यरत कर्मियों को मतदान के दिन वैतनिक अवकाश दिया जाता है। इसका आशय यह है कि उस दिन बिना कार्य के वेतन मिलता है। इसके बावजूद यदि वे मतदान प्रक्रिया में सहभागी नहीं होते तो नियोक्ता द्वारा वैतनिक अवकाश दिए जाने के आधार पर दांडिक कार्रवाई होनी चाहिए। विश्व के कई देशों में मतदान अनिवार्य किया गया है, तो भारत में क्यों नहीं। सवाल उठता है कि जब मतदान के दिन बिना कार्य के करोड़ों रुपये वेतन दिया जाता है, तो फिर मतदान अनिवार्यतः करने की व्यवस्था क्यों नहीं दी जा सकती।

## इंजीनियर-इन-चीफ को चार्ज देने पर हाईकोर्ट की रोक

**जबलपुर।** हाईकोर्ट ने सेवानिवृत्त अधीक्षण यंत्री शिरीष मिश्रा को इंजीनियर-इन-चीफ का चार्ज देने पर आगामी आदेश तक रोक लगा दी। जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने प्रदेश के मुख्य सचिव, जल संसाधन विभाग के एडीशनल सेक्रेटरी और शिरीष मिश्रा को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। भोपाल निवासी जोश सिंह कुसरे व विनोद सिंह तेकाम की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता नमन नागरथ और जुबिन प्रसाद ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि शिरीष मिश्रा जल संसाधन विभाग से अधीक्षण यंत्री के पद से सेवानिवृत्त हुए। विभाग ने उन्हें 7 फरवरी 2024 को सेवानिवृत्ति के बाद कांट्रेक्ट पर उसी पद पर नियुक्ति दे दी। उक्त आदेश में लिखा गया कि उन्हें किसी भी अन्य विभाग में उसी पद पर स्थानांतरित किया जा सकता है। दलील दी गई कि आश्चर्यजनक तरीके से उपकृत करने के उद्देश्य से 22 फरवरी को एक अन्य आदेश जारी कर शिरीष मिश्रा को जल संसाधन विभाग में इंजीनियर-इन-चीफ और चीफ इंजीनियर (केन्द्रीयकृत निविदा इकाई) का प्रभार दे दिया गया।

### गढा और गुप्तेश्वर में आज, सदर में कल निकलेगी शौर्य यात्रा

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर आज आयोजनों की धूम

**जबलपुर।** भगवान परशुराम प्रकटोत्सव पर ब्राह्मण समाज द्वारा शहर में अलग-अलग स्थानों पर शोभायात्रा निकाली जा रही हैं। कही आज तो कही कल तो कही परसो शोभायात्रा का आयोजन किया गया। सदर में 11 मई शनिवार को शोभायात्रा निकाली जाएगी। सदर बाजार में भगवान परशुराम प्राकट्योत्सव आयोजन की कार्यक्रम संयोजक श्री ब्राह्मण महासभा केंट क्षेत्र, जाबालिपुरम् द्वारा जानकारी दी गई कि 11 मई शनिवार को सायंकाल 4:30 बजे सिद्धपीठ श्री काली माई मंदिर स्थित श्री परशुराम भवन में स्थापित रेणुकानंदन श्री परशुराम जी का कर्मकांडी ब्राह्मणों एवं पुरोहितों द्वारा महासभा के वरिष्ठजनों की उपस्थिति में वैदिक मंत्रों से षोडशोपचार पूजन किया जाएगा तत्पश्चात सायंकाल 5:00 बजे मंदिर प्रांगण से शोभायात्रा निकाली जाएगी जो सदर बाजार के प्रमुख मार्गे से भ्रमण करती हुई श्री महाकाली मंदिर, गणेश चौक में महाआरती कर समाप्त होगी। कार्यक्रम संयोजक श्री ब्राह्मण महासभा, केंट क्षेत्र, जाबालिपुरम् ने सभी ब्राह्मण परिवारों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

### मटामर में आयोजन

खमरिया फैक्ट्री के समीप स्थित भगवान परशुराम जी की तपोस्थली श्री परशुराम धाम मटामर के परशुराम पर्वत शिखर पर स्थित पवित्र परशुराम गुफा के ऊपर परशुराम धाम विकास समिति द्वारा स्थापित गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड दर्ज 15 फुट लंबा फरसा धारी 31 ऊंची प्रतिमा दुनियाभर के परशुराम भक्तों की आस्था का केंद्र है। परशुराम धाम विकास समिति के अध्यक्ष डॉ एच. पी.तिवारी ने बताया की भगवान परशुराम प्राकट्योत्सव पर कल यहां भगवान परशुराम जी का महाभिषेक,अखंड श्रीराम नाम संकीर्तन महा आरती तथा विशाल भंडारा आयोजित किय किया जाएगा। इस अवसर पर पनागर और रांझी से दो परशुराम शोभा यात्राएं भी निकाली जाएंगी जिनका समापन तपोस्थली मटामर में होगा।

## सर्व ब्राम्हण संघ करेगा श्री परशुराम अभिषेक, महाआरती



**जबलपुर।** सर्व ब्राम्हण संघ द्वारा श्री परशुराम जयंती पर 10 मई को सांय 5 बजे गौरीघाट श्री परशुराम धाम में प्रभु परशुराम एवं शंकर जी का अभिषेक, श्रृंगार, झंडा अर्पित कर महाआरती, भजन कीर्तन कर खीर का प्रसाद वितरण किया जाएगा और भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम प्रकटोत्सव पर धूमधाम से उत्सव मनाया जाएगा। इस मौके पर सभी पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे जिसमें परशुराम जी की जयंती पर विविध कार्यक्रम होंगे। सभी विप्र सदस्य नगर वरिष्ठ अध्यक्ष पंडित यदुवंश मिश्रा, अध्यक्ष डॉ. अरुण मिश्रा, उत्तम पाण्डेय, योगेन्द्र मालवीय, संजय शुक्ला, चन्द्रशेखर शर्मा, विकास शुक्ला, अश्वनी दुबे, बीएन दुबे, सत्यदेव तिवारी, केके दुबे, प्रमोद दुबे, अरूण तिवारी, अनिल दुबे, मातृशक्ति मीरा दुबे, मिथलेश तिवारी, वनिता मालवीय, सहित अन्य सभी ने उपस्थिति की अपील की है।

## बुद्ध पूर्णिमा पर 11 हजार घरों में होगा गायत्री यज्ञ

### गायत्री परिवार का आध्यात्मिक आयोजन

**जबलपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज, हरिद्वार के तत्वावधान में 23 मई, गुरुवार को बुद्ध पूर्णिमा के उपलक्ष्य में संपूर्ण राष्ट्र में एक साथ, एक समय में लाखों घरों में गायत्री यज्ञ महानुष्ठान आयोजित किया जायेगा।



इसी क्रम में गायत्री परिवार, जबलपुर द्वारा जिले में 11 हजार से अधिक घरों में गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ कराने का संकल्प लिया गया है।गायत्री परिवार के वरिष्ठ आचार्य नारायण दुबे द्वारा बतलाया कि भगवान गौतम बुद्ध को भगवान विष्णु के दसवें अवतार के रूप में माना गया है, उनकी शिक्षाओं का पालन कर जीवन को उच्च मानवीय मूल्य से परिपूर्ण करने बुद्ध पूर्णिमा भारत ही नहीं विश्व के अनेक जगहों पर बड़े ही हर्षेल्लास एवं धार्मिक अनुष्ठानों के साथ संपन्न की जाती है। गायत्री परिवार का यह एक अनूठा आध्यात्मिक प्रयोग है, जिसके द्वारा व्यक्ति , परिवार एवं समाज निर्माण का कार्य बड़े स्तर पर संपन्न किया जा रहा है। इस यज्ञ को अपने घर पर उपलब्ध सामग्री से ही 24 बार गायत्री महामंत्र एवं तीन बार महामृत्युंजय मंत्र की आहुति प्रदान कर समस्त परिवार के साथ बैठकर संपन्न करना है। संस्कारधानी जबलपुर के सभी नागरिकों से गायत्री परिवार द्वारा इस शुभ अवसर पर अपने घर में लघु गायत्री यज्ञ करने आव्हान किया है। यदि किसी भी भाई-बहन को यज्ञ करने में कोई समस्या या कोई दिक्कत आ रही तो वह गायत्री शक्तिपीठ, मनमोहन नगर श्रीनाथ की तलैया अथवा नजदीकी गायत्री परिजन से संपर्प कर अपनी समस्या का समाधान कर सकते हैं। ट्रस्ट मंडल द्वारा जन-जन से इस अभियान में भागीदारी करने अनुरोध किया गया है !

### कट्टा कारतूस जब्त, आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज किया गया

# धोखाधड़ी में फरार अमित का साथी ईनामी श्रीकांत गिरफ्तार

**जबलपुर।** धोखाधड़ी के आरोप में फरार अमित खम्परिया का साथी श्रीकांत द्विवेदी को पुलिस ने देसी कट्टे और कारतूस के साथ यादव कालोनी चौकी अंतर्गत श्रीकांत भूलन केस समीप गिरफ्तार किया। श्रीकांत द्विवेदी पर धोखाधड़ी सहित अन्य मामले दर्ज हैं, वहीं इस पर 3 हजार का इनाम भी घोषित है। यादव कॉलोनी चौकी पुलिस को सूचना मिली कि इनामी फरार आरोपी श्रीकांत भूलन के पास खड़ा हैं। पुलिस ने तत्काल घेराबंदी करते हुए श्रीकांत को पकड़ लिया, तलाशी दौरान उसके पास से देशी कट्टा मिला है। चौकी प्रभारी सतीश झारिया ने बताया कि पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज किया गया है।

### अमित खम्परिया अब भी फरार

श्रीकांत द्विवेदी को 3 हजार ईनामी फरार चिटिंगबाज अमित खम्परिया का खास बताया जाता है। टोल नाका कारोबार में पार्टनर बनाने का अनुबंध कर कई लोगों को करोड़ों रुपए का चूना लगाने वाले चिटिंगबाज पर हत्या का प्रयास, धोखाधड़ी, अमानत में ख्यानत, बलवा सहित न्यायालय से फर्जीवाड़ा करने जैसे अनेक गंभीर मामले दर्ज हैं। लंबे समय से फरार 3 हजार रुपए के इनामी आरोपी चिटिंगबाज अमित खम्परिया को 4 जिलों की पुलिस अब तक नहीं ढूंढ सकी है। वारंट जारी होने पर पुलिस तामीली के लिए निवास पर पहुंचती है, तो खम्परिया फरार मिलता है।

### हर तरह के मामले दर्ज

फरार अमित खम्परिया पर थाना मदनमहल में धोखाधड़ी, अमानत में ख्यानत सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज हैं। संजीवनी नगर थाना में धोखाधड़ी, थाना भेडाघाट में बलवा, हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज हैं। थाना गढा में मारपीट, धमकी देने सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज हैं। थाना लार्डगंज में महामारी अधिनियम और फर्जी दस्तावेज तैयार करने सहित साजिश रचने का प्रकरण दर्ज है। जिला कटनी के विजयराघवगढ थाना में चोरी, साजिश रचने और अवैध खनन का प्रकरण दर्ज है। जिला उमरिया के थाना मानपुर में मारपीट धमकी के 2 और कोतवाली में हत्या, हत्या के प्रयास, साजिश रचने का प्रकरण दर्ज हैं। जिला मंडला के थाना खटिया में धोखाधड़ी, फर्जीवाड़ा के 2 अपराध दर्ज हैं। दोनों में 5-5 साल की सजा हो चुकी है। इस प्रकरण में पिता, मौसा व रिश्तेदार को बचाने फर्जी लोगों को जेल भिजवाया गया था। फरार अमित खम्परिया के विरुद्ध 3 जिलों में करीब 13 गंभीर मामले पंजीबद्ध हैं। खाते में करोड़ों रुपए लेकर हुआ चंपत टोल कारोबार के नाम पर अमित खम्परिया ने गोपीकृष्ण माहेश्वरी निवासी ग्राम सहसीपुर पोस्ट खम्हरिया जिला भदौही यूपी से 2 करोड 6 लाख रुपए आरटीजीएस के माध्यम से लिए फिर नहीं दिए। इसी तरह खम्परिया ने उत्तरप्रदेश के बेलोन टोला प्लाजा के ठेका में पार्टनर बनाने का झांसा देते बुलंदशहर निवासी धनेंद्र सिंह राघव और सचिन गुप्ता से करीब 1 करोड़ 21 लाख रुपए ट्रांसफर करा लिए फिर अपनी बात से मुकर गया था।

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन कल

**जबलपुर।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आलोक अवस्थी ने कहा समाज के सभी वर्गों तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 11 मई 2024 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत से किसी भी प्रकरण के निराकरण से प्रकरण पूर्णत को प्राप्त होता है तथा उसकी कोई अपील नहीं होती इसके साथ ही यदि उस प्रकरण में कोई कोर्ट फीस दी गयी है वह भी पूरी वापस होती है। न्यायालयो में लंबित प्रकरणों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आज की स्थिति में जबलपुर जिले में सिहोरा एवं पाटन न्यायालयों को सम्मिलित करते हुए कुल 147144 प्रकरण लंबित है जिनमें से 41425 सिविल प्रकृति के तथा 105719 आपराधिक प्रकृति के है। इन कुल लंबित प्रकरणों में से 7279 प्रकरण चिन्हित कर 11 मई 2024 को होने वाली नेशनल लोक अदालत के लिए रैफर किया गया है। इन रैफर्ड प्रकरणों में से समझौता योग्य आपराधिक प्रकरण निगोशिएवल इंस्ट्रुमेंट एक्ट के अंतर्गत चैक बाउंस के प्रकरण, मोटर दुर्घटना तथा व्यवहारिक प्रकरण शामिल है। इसी प्रकार जो प्रकरण विवाद के रूप में है किंतु अभी न्यायालय तक नहीं पहुंचे है जिन्हें प्रिलिटिगेशन के नाम से जाना जाता है ऐसे प्रकरण भी चिन्हित कर नेशनल लोक अदालत के लिए रैफर किया गया है जिसमें बिजली विभाग के अंतर्गत बिजली चोरी के समझौता योग्य प्रकरण, नगरपालिका के अंतर्गत जलकर एवं संपत्तिकर प्रकरण तथा बैंक एवं फाइनेंस कंपनी के रिकवरी प्रकरण के साथ बीएसएनएल के दूरभाष देयक आदि शामिल है। मोटर दुर्घटना के प्रकरणों का जिक्र करते हुए अवस्थी ने कहा कि लोक अदालत से यदि किसी मोटर दुर्घटना दावा का निराकरण होता है तो पीड़ित पक्ष को यथाशीघ्र दावा राशि प्राप्त हो जाती है तथा पीड़ित परिवार को सहायता के साथ-साथ उसके अन्य आवश्यक कार्य पूरे हो जाते है इस प्रकार लोक अदालत से प्रकरणों का निराकरण एक प्रकार से पुण्य का कार्य है।

# 10 वर्षीय विकलांग ने मदर टेरेसा आश्रम में ली अंतिम श्वांस

**जबलपुर।**

आधारताल निवासी पिता राम कुशवाहा, माता मीरा कुशवाहा अपने विकलांग पुत्र यश कुशवाहा को घमापुर थाना के समीप स्थित मदर टेरेसा आश्रम में विगत 5-6 वर्ष पूर्व छोड़ गए थे, जिसकी 08 मई 2024 की रात्रि में तबीयत बिगड़ी और उसकी मृत्यु हो गई। आश्रम संचालकों ने बताया कि 10 वर्षीय यश कुशवाहा की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी, जिसकी जानकारी उसके माता-पिता को दी गई। 09 मई को आश्रम पहुंची माँ मीरा कुशवाहा बच्चे की देह को गोद में लेकर फूट-फूटकर रोने लगी, लेकिन वह बच्चे का अंतिम संस्कार करने तथा उसका शव ले जाने में असमर्थ रही, जिसकी जानकारी आश्रम संचालकों ने गरीब नवाज कमेटी को दी,



जो इससे पूर्व भी मदर टेरेसा के कई विकलांग बच्चों का अंतिम संस्कार कर चुकी है। आश्रम पहुंचे कमेटी सदस्य इनायत अली, रियाज अली, मो. करीम, अल्तमस राईन, आबिद बाबा, अकबर खान सहित अन्य ने विकलांग यश कुशवाहा का अंतिम संस्कार तिलवारा मुक्तिधाम में किया।

# मंचदीप वरिष्ठ चित्रकार हरि भटनागर को करेगी सम्मानित

**जबलपुर।**

साहित्य, संस्कृति, कला एवं खेल जगत की अग्रणी संस्था मंचदीप द्वारा संस्कारधानी के वरिष्ठ चित्रकार एवं शिक्षाविद हरि भटनागर का सम्मान किया जाएगा। विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले संस्कारधानी के वरिष्ठजनों को सम्मानित करने की सार्थक पहल मंचदीप द्वारा की जा रही है, इसी क्रम में 12 मई को प्रसिद्ध चित्रकार हरि भटनागर का सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है।



मंचदीप के संस्थापक मथुरा जैन उत्साही, संयोजक मनीष तिवारी एवं दिशा निर्देशक केके मुखर्जी ने बताया कि शासकीय ललित कला निकेतन के पूर्व प्राचार्य 88 वर्षीय हरि भटनागर का सम्मान समारोह 12 मई को पूर्वान्ह 11 बजे प्राची भटनागर अस्पताल परिसर घमापुर में आयोजित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि शहर के वरिष्ठजनों के सम्मान समारोह की श्रृंखला में यह मंचदीप का तीसरा आयोजन है।

## उच्च पद प्रभार की प्रक्रिया ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान पूर्ण की जाए

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रांतीय महामंत्री ज़ियाउर्रहीम और प्रांतीय सचिव राजेश सहारिया ने बताया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान ही यदि उच्च पद प्रभार एवं इसके कारण होने वाले स्थानांतरण की प्रक्रिया को पूर्ण कर लिया जाता है तो इससे शिक्षकों को राहत तो मिलेगी साथ ही ग्रीष्मकालीन अवकाश के पश्चात अध्यापन कार्य में किसी प्रकार का व्यवधान भी नहीं पहुँचेगा और जुलाई माह के दौरान अध्यापन कार्य में किसी भी प्रकार की रुकावट नहीं आएगी, यही वजह है की बच्चों की पढ़ाई को ध्यान में रखते हुए संगठन आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय से मांग करता है कि उच्च पद प्रभार की प्रक्रिया को ग्रीष्मकालीन अवकाश के चलते ही पूर्ण कर लिया जा। इस अवसर पर संगठन के प्रांत अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, डॉ रश्मि यादव, जियाउर्ररहीम, दिनेश गोंड, राजेश सहारिया, हेमन्त ठाकरे, राकेश श्रीवास आदि ने आयुक्त लोकशिक्षण संचालनालय से मांग की है।

# कचहरी दरगाह में परचम कुशाई आज

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के सामने स्थित हजरत ख्वाजा अमीनुद्दीन चिश्ती कचहरी वाले बाबा रहमतुल्ला के आस्ताने पर परचम कुशाई का एहतेमाम किया गया है। ख़ादिमे आला चंगेज खान अशरफी के अनुसार सज्जादानशीन बाबर खा बंदानवाजी की सरपरस्ती में बाद नमाज मगरिब मजार शरीफ पर गुल पोशी कर परचम कुशाई की रस्म अदा की जाएगी। परचम कुशाई पशचात दुआएं खेर की जाएगी एवं लंगर तकसीम किया जाएगा।






**श्रीमती पूर्णिमा श्रीवास्तव-** ब्यौहारबाग निवासी श्री महेंद्र कुमार श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती पूर्णिमा श्रीवास्तव (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती विद्या बाई सोनकर-** बड़ी खेरमाई दुर्गा चौक निवासी श्री दुर्गा प्रसाद सोनकर की धर्मपत्नी श्रीमती विद्या बाई सोनकर (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुनील अग्रवाल-** लहरी बाबा आश्रम के पास लक्ष्मी कॉलोनी विवेकानंद वार्ड निवासी श्री सुनील अग्रवाल (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सौरभ सिंगौर-** बढ़ई मोहल्ला फूटाताल निवासी श्री नारायण प्रसाद सिंगौर के पुत्र श्री सौरभ सिंगौर (28) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती वत्सला पंड्या-** राठी कॉलोनी निवाड़गंज निवासी श्री श्याम लाल पंड्या की धर्मपत्नी श्रीमती वत्सला पंड्या (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री तीरथ प्रसाद मिश्रा-** नर्मदा नगर मालगुजार परिसर गोहलपुर निवासी श्री तीरथ प्रसाद मिश्रा (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री मेहुल सिंह-** पुराना कंचनपुर अधारताल निवासी श्री प्रमोद सिंह के पुत्र श्री मेहुल सिंह (25) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शांति सिंह-** कचनार संभार रसल चौक निवासी श्री महिपाल सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती शांति सिंह (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री गोविंद सिंह-** पटेल नगर महाराजपुर निवासी श्री गोविंद सिंह (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

# हाई कोर्ट बार चुनाव : प्रत्याशियों ने प्रचार के अंतिम चरण में झोंकी ताकत

**जबलपुर।** हाई कोर्ट बार एसोसिएशन, जबलपुर के चुनाव अंतर्गत 13 मई को मतदान होना है। इसमें अब काफी कम समय बचा है। यही वजह है कि प्रचार के अंतिम चरण में सभी 62 प्रत्याशी पूरी ताकत झोंकते नजर आ रहे हैं। वे सुबह से शाम तक हाई कोर्ट परिसर में एक-एक वकील से मुलाकात कर अपने हक में मतदान के लिए प्रेरित करते हैं। शेष समय दफ्तरों में जाकर अपना पक्ष मजबूत करने की कवायद में तल्लीन हैं। गुरुवार को सभी प्रत्याशियों के साथ चुनाव अधिकारियों ने सामंजस बैठक की। जिसमें मतदान के दिन की तैयारियों व अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की गई। इसके साथ ही चुनाव अधिकारियों ने प्रत्याशियों को चुनाव संबंधी दिशा-निर्देशों की जानकारी। जिसके तहत बताया गया कि प्रत्येक मतदाता व प्रत्याशियों को अधिवक्ता गणवेश व पहचान पत्र के साथ आना अनिवार्य है। हाई कोर्ट परिसर में बैनर, पोस्टर न लगाने की भी हिदायत दी गई है। मतदान के दिन किसी भी प्रत्याशी को पंडाल लगाने की भी अनुमति नहीं दी गई है। किसी भी प्रकार के उपहार वितरण को भी प्रतिबंधित किया गया है। ऐसा करते पाये जाने पर आचार संहिता उल्लंघन के तहत कार्यवाही की जाएगी। मुख्य चुनाव अधिकारी दिनेश उपाध्याय ने बताया कि 13 मई को मतदान प्रातः साढ़े 10 बजे से शाम पांच बजे तक बिना किसी ब्रेक के निरंतर जारी रहेगा। इस दौरान यदि किसी प्रकार का कोई फर्जी वोटर पकड़ा जाता है तो अविलंब सीधे एफआइआर दर्ज कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि हाईकोर्ट बार एसोसियेशन के चुनाव में इस बार अध्यक्ष पद के लिए निवर्तमान अध्यक्ष संजय वर्मा सहित सात उम्मीदवार मैदान में उतरे हैं। अन्य प्रत्याशियों में पूर्व अध्यक्ष रमन पटेल, डीके जैन, सुनील चौबे, केके पांडे, प्रवीण वर्मा व आनंद चावला शामिल हैं। इसी तरह सचिव पद पर निवर्तमान सचिव परितोष त्रिवेदी के अलावा असीम त्रिवेदी, अशोक कुमार गुप्ता व ओपी अग्निहोत्री के बीच चतुष्कोणीय मुकाबला है।

**नाम सुधार सूचना**

मैं ARVIND KUMAR HALDKAR पिता NANHU RAM HALDKAR उम्र लगभग 45 वर्ष निवासी-म.नं.91 NEAR GOVT. SCHOOL SIHUDI CHAPRA KATNI म.प्र. (483440) शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूं, कि 1. मैं सेना के 663 ARMY AVN (R&O) SQN C/0 56 APO में पदस्थ हूँ। 2. सेना के रिकॉर्ड मे मेरी पत्नि का नाम SIWANGI (शिवांगी) दर्ज है, जो कि सही नहीं है। 3. यह कि मेरी पत्नि का आधार कार्ड, पेन कार्ड, में पूरा नाम SHIWANGI HALKDKAR (शिवांगी हल्दकार) दर्ज है जो कि सही है। 4. यह कि ARMY AVN NASIK रिकॉर्ड मे मेरी पत्नि का नाम दस्तावेज के अनुसार SHIWANGI HALKDKAR (शिवांगी हल्दकार) दर्ज कराने हेतु इश्तिहार प्रस्तुत है।
पुराना नाम:- SIWANGI (शिवांगी)
नया नाम:-SHIWANGI HALKDKAR (शिवांगी हल्दकार)
स्थान: कटनी
दिनांक: 08/05/2024

**नाम सुधार सूचना**

मैं ARVIND KUMAR HALDKAR पिता NANHU RAM HALDKAR उम्र लगभग 45 वर्ष निवासी-म.नं.91 NEAR GOVT. SCHOOL SIHUDI CHAPRA KATNI म.प्र. (483440) शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूं, कि- 1. मैं सेना के 663 ARMY AVN SQN C/0 56 APO में पदस्थ हूँ। 2. सेना के रिकॉर्ड मे मेरे पुत्र का नाम HIMANSHU (हिमांशु) दर्ज है, जो कि सही नहीं है। 3. यह कि मेरे पुत्र का आधार कार्ड, पेन कार्ड, में पूरा नाम HIMANSHU HALDKAR (हिमांशु हल्दकार) दर्ज है जो कि सही है। 4. यह कि ARMY AVN NASIK रिकॉर्ड मे मेरे पुत्र का नाम दस्तावेज के अनुसार HIMANSHU HALDKAR (हिमांशु हल्दकार) दर्ज करने हेतु इश्तिहार प्रस्तुत है।
पुराना नाम:- HIMANSHU (हिमांशु)
नया नाम:-HIMANSHU HALDKAR (हिमांशु हल्दकार)
स्थान: कटनी
दिनांक: 08/05/2024

**खबर संक्षेप**

## बैंक ऑफ इंग्लैंड ने ब्याज दर 5.25 फीसदी पर स्थिर रखा



**लंदन।** ब्रिटेन के केंद्रीय बैंक ने बृहस्पतिवार को नीतिगत ब्याज दर को 16 साल के उच्चस्तर 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखने के साथ ही आने वाले समय में इसमें कटौती के भी संकेत दिए। बैंक ऑफ इंग्लैंड की नौ सदस्यों वाली मौद्रिक नीति समिति ने सातःदो के बहुमत से ब्याज दरों को स्थिर रखने का फैसला किया।

## इंडियन ओवरसीज बैंक ने कमाया 810 करोड़ का लाभ

**चेन्नई।** इंडियन ओवरसीज बैंक ने बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 810.42 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध मुनाफा कमाया है। बैंक ने पिछले वर्ष की इसी तिमाही के दौरान 655.63 करोड़ रुपये का एकीकृत मुनाफा दर्ज किया था। 31 मार्च, 2024 को एकीकृत शुद्ध मुनाफा एक साल पहले के 2,103.99 करोड़ रुपये से बढ़कर 2,665.66 करोड़ रुपये हो गया।

## एशियन पेंट्स का शुद्ध लाभ 1.34 फीसदी बढ़ा



**नई दिल्ली।** एशियन पेंट्स लिमिटेड लि. का एकीकृत शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में 1.34 प्रतिशत बढ़कर 1,275.3 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। कंपनी का 2022-23 की चौथी (मार्च) तिमाही में मुनाफा 1,258.41 करोड़ रुपये था। समीक्षाधीन तिमाही में उसकी एकीकृत परिचालन आय 8,730.76 करोड़ रुपये रही।

## एचपीसीएल का शुद्ध लाभ 25 फीसदी घटा



**नई दिल्ली।** हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के बीते वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही (मार्च) के एकीकृत शुद्ध लाभ में 25 प्रतिशत की गिरावट आई है। 2023-24 की चौथी तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 2,709.31 करोड़ रुपये रहा जो वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में 3,608.32 करोड़ रुपये था।

## पीएनबी के शुद्ध लाभ में करीब तीन गुना वृद्धि

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में करीब तीन गुना होकर 3,010 करोड़ रुपये रहा। ब्याज आय बढ़ने और फंसे कर्ज में कमी से बैंक का मुनाफा बढ़ा है। बैंक को इससे पूर्व वित्त वर्ष 2022-23 की इसी तिमाही में 1,159 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था।

## जेफरी व अल्फोंसो ल्यूपिन में स्वतंत्र निदेशक नियुक्त



**नई दिल्ली।** दवा कंपनी ल्यूपिन लिमिटेड ने फाइजर के पूर्व चेयरमैन एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जेफरी किंडलर और अल्फोंसो 'चिटो' जुलुएटा को अपने निदेशक मंडल में स्वतंत्र निदेशक नियुक्त किया है। ल्यूपिन ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि किंडलर वर्तमान में निजी स्वामित्व वाली जैव प्रौद्योगिकी कंपनी सेंट्रेक्सियन थेरेप्यूटिक्स के सीईओ, ब्लैकस्टोन के वरिष्ठ सलाहकार, एआरटीआईएस वेंचर्स में परिचालन साझेदार और जीएलजी इंस्टीट्यूट के वैश्विक प्रमुख हैं।

# नई जनरेशन की मारुति स्विफ्ट हुई लांच, कीमत 6.49 लाख रुपए से शुरू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- नौ तरह के एक्सटीरियर रंगों में लांच किया गया

मारुति सुजुकी ने भारत में न्यू जनरेशन स्विफ्ट को लांच कर दिया है। नई स्विफ्ट को 6.49 लाख रुपए की एक्स-शोरूम कीमत पर लाया गया है। वहीं इसके टॉप वैरिएंट की कीमत 9.65 लाख रुपए, एक्स-शोरूम तय की गई है। नई स्विफ्ट को कुल 9 तरह के एक्सटीरियर रंगों में लांच किया गया है। इनमें सिंगल टोन और डुअल टोन दो तरह के रंग शामिल हैं। कंपनी ने दो नए कलर शेड- लस्टर ब्लू और नोवल ऑरेंज को भी लांच किया है। नई मारुति स्विफ्ट की माइलेज भी सामने आ चुकी है जो इसके पुराने मॉडल से 14 प्रतिशत अधिक है। कंपनी के मुताबिक, स्विफ्ट के मैनुअल वैरिएंट्स में 24.8 केएमपीएल और ऑटोमैटिक वैरिएंट्स में 25.75 केएमपीएल की माइलेज मिलती है।

### ऑटोमैटिक वैरिएंट्स में 25.75 केएमपीएल की माइलेज मिलती है

**नए फीचर्स से हुई लैस**

अगर फीचर्स की बात करें तो न्यू जनरेशन मारुति स्विफ्ट में अब कई नए फीचर्स मिल रहे हैं। कंपनी इसके सभी वैरिएंट्स में स्टैंडर्ड तौर पर 6 एयर बैग दे रही है। इसके अलावा हिल होल्ड असिस्ट, थ्री पॉइंट सीट बेल्ट और नया सस्पेंशन सेटअप भी दिया गया है। 2024 स्विफ्ट के केबिन में अब पहले से बड़ा टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम दिया गया है जो बलेनो और फ्रॉन्क्स से प्रेरित है।




**इंजन और ट्रांसमिशन**

न्यू जनरेशन स्विफ्ट में कंपनी ने नया जेड-सीरीज 1.2-लीटर, तीन-सिलेंडर पेट्रोल इंजन दिया है जो 82 एचपी की पॉवर और 108 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। इंजन मैनुअल गियरबॉक्स के साथ ही इसमें सीवीटी ट्रांसमिशन से भी लैस है। इसके कुछ वैरिएंट में माइल्ड-हाइब्रिड तकनीक भी उपलब्ध है।

**डायमेंशन**

नई स्विफ्ट की लंबाई 3,860 मिमी, चौड़ाई 1,695 मिमी और ऊंचाई 1,500 मिमी है। यह अपने पुराने मॉडल की तुलना में 15 मिमी लंबी, 30 मिमी ऊंची और 40 मिमी चौड़ी है। हालांकि, इसका व्हीलबेस पुराने मॉडल जैसा ही है।

**वैरिएंट और रंग**

2024 मारुति स्विफ्ट पांच वैरिएंट –एलएक्सआई, वीएक्सआई, वीएक्सआई (ओ), ज़ेडएक्साई और ज़ेडएक्सआई(प्लस) में उपलब्ध होगी। इसमें नौ अलग-अलग पेंट विकल्प भी मिलेंगे, जिनमें मोनोटोन और डुअल-टोन दोनों विकल्प शामिल हैं।

### चौतरफा बिकवाली से निवेशकों के डूबे 7.34 लाख करोड़

# चुनाव को लेकर अनिश्चितता से सेंसेक्स 1,062 अंक लुढ़का, निफ्टी 22,000 अंक से नीचे फिसला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को बड़ी गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स ने 1,062 अंक का गोता लगाया जबकि निफ्टी लुढ़क कर 22,000 अंक के स्तर से नीचे आ गया। आम चुनाव को लेकर अनिश्चितता के बीच चौतरफा बिकवाली से बाजार में गिरावट आई है। इसके अलावा, विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारी पूंजी निकासी और एचडीएफसी बैंक, लार्सन एंड टुब्रो तथा रिलायंस इंडस्ट्रीज में बिकवाली दबाव से भी बाजार धारणा प्रभावित हुई।

**निफ्टी 345 अंक टूटा**

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स में लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और यह 1,062.22 अंक लुढ़क कर 72,404.17 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,132.21 अंक तक लुढ़क गया था। निफ्टी भी 345 अंक की गिरावट के साथ 21,957.50 अंक पर बंद हुआ।

**निवेशकों को 7.34 लाख करोड़ का नुकसान**

बीएसई सेंसेक्स में बृहस्पतिवार को तेज गिरावट से निवेशकों की संपत्ति 7.34 लाख करोड़ रुपये घट गई। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार 7,34,513.48 करोड़ रुपये घटकर 3,93,34,896.14 करोड़ रुपये रहा। इससे पहले, दो मई को बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण रिकॉर्ड 4,08,49,767.90 करोड़ रुपये पर पहुंच गया था।



**टाटा मोटर्स रही लाभ में**

दूसरी तरफ टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस और एचसीएल टेक लाभ में रहे। छोटी कंपनियों के शेयरों का सूचकांक बीएसई स्मॉलकैप 2.41 प्रतिशत तथा मिडकैप 2.01 प्रतिशत के नुकसान में रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बुधवार को 6,669.10 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे।

- विदेशी संस्थागत निवेशकों ने की भारी बिकवाली
- एचडीएफसी बैंक, एलएंडटी व रिलायंस में बिक्री से बाजार प्रभावित
- कंपनियों के परिणाम और चुनाव को लेकर अनिश्चित बना रही

*एलएंडटी का शेयर पांच फीसदी टूटा*

*सेंसेक्स के शेयरों में लार्सन एंड टुब्रो मार्च तिमाही के वित्तीय परिणाम के बाद पांच प्रतिशत से अधिक नीचे आया। इसके अलावा एशियन पेंट्स, जेएसडब्ल्यू स्टील, आईटीसी, बजाज फाइनेंस, इंडसइंड बैंक, टाटा स्टील, एनटीपीसी, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और पावरग्रिड में भी प्रमुख रूप से गिरावट रही।*

**निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया**

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। मुख्य रूप से कंपनियों के चौथी तिमाही के वित्तीय परिणाम और आम चुनाव को लेकर अनिश्चितता को देखते हुए निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया और बाजार से दूरी बनायी।'

**कारोबारी दूर रहने से निफ्टी में तेज गिरावट**

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के खुदरा शोध प्रमुख दीपक जसानी ने कहा, 'संस्थागत निवेशकों की बिकवाली और चुनाव आगे बढ़ने के साथ असमंजस की स्थिति के कारण कारोबारियों के दूर रहने से निफ्टी में तेज गिरावट आई...।'

**एशियाई बाजार नुकसान में रहे**

एशिया के अन्य बाजारों में चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की नुकसान में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में मिला-जुला रुख रहा। अमेरिकी बाजार वॉल स्ट्रीट में भी बुधवार को मिला-जुला रुख रहा था।

# अप्रैल में भर्ती गतिविधियां नौ प्रतिशत बढ़ीं : रिपोर्ट



- उत्पादन और विनिर्माण का रहा दबदबा
- स्वास्थ्य सेवा, रसायन एवं उर्वरक, इंजीनियरिंग क्षेत्र में रहा सुधार

एजेंसी ▶▶| मुंबई

देश के भीतर अप्रैल में सालाना आधार पर भर्तियों में नौ प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है जो रोजगार अवसरों में सुधार की तरफ इशारा करता है। बृहस्पतिवार को जारी एक रिपोर्ट में यह आकलन पेश किया गया। फाउंडइट (पूर्व में मॉन्स्टर) के ऑनलाइन भर्ती सूचकांक से पता चलता है कि अप्रैल महीने में मुख्य रूप से उत्पादन एवं विनिर्माण, स्वास्थ्य सेवा, रसायन एवं उर्वरक, इंजीनियरिंग, सीमेंट, निर्माण और खुदरा क्षेत्रों में नियुक्तियों में सुधार आया है। फाउंडइट इनसाइट्स ट्रैकर (फिट) के मुताबिक, खुदरा, वाहन, रियल एस्टेट, सूचना प्रौद्योगिकी और तेल/ गैस/ बिजली उद्योगों में इस महीने नियुक्तियों में मध्यम वृद्धि देखी गई। इसके उलट कृषि-आधारित उद्योगों, पोत परिवहन, दैनिक उपभोग के उत्पाद (एफएमसीजी) और प्रिंटिंग/ पैकेजिंग जैसे क्षेत्रों में भर्तियां सालाना आधार पर घटी हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले साल की तुलना में इस साल अप्रैल में स्टार्टअप कंपनियों की संख्या में 37 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इन नई कंपनियों की नौकरियों की कुल संख्या में 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। फाउंडइट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी शेखर गरीसा ने कहा, स्टार्टअप में आधी से अधिक नौकरियों के विज्ञापन नए लोगों के लिए हैं।

**घर से काम का विकल्प तीन फीसदी घटा**

इससे पता चलता है कि भारत की स्टार्टअप पारिस्थितिकी तेजी से महानगर शहरों से आगे भी बढ़ रही है। अब अधिकांश स्टार्टअप कर्मचारियों को घर से काम करने की सुविधा बंद कर चुके हैं। अप्रैल, 2023 में जहां आठ प्रतिशत रोजगार अवसरों में घर से काम करने का विकल्प दिया गया था वहीं पिछले महीने यह संख्या घटकर तीन प्रतिशत रह गई।

# युवा संपत्ति में छोटी राशि लगाना पसंद कर रहे : रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

युवाओं को वैकल्पिक निवेश के मौके लुभा रहा है और वे नये जमाने के निवेश उत्पाद 'फ्रैक्शनल' यानी संपत्ति में छोटी राशि के निवेश के जरिये हिस्सेदारी हासिल करने को तरजीह दे रहे हैं।

इस निवेश उत्पाद में युवाओं की हिस्सेदारी 60 प्रतिशत तक पहुंच गयी है। डिजिटल निवेश मंच ग्रिप इनवेस्ट ने बृहस्पतिवार को एक रिपोर्ट में यह निष्कर्ष निकाला है। 'मिलेनियल्स' (जिनका जन्म 1981 से 1996 के बीच हुआ है) निवेश करते समय अब संपत्तियों में छोटी राशि लगाकर हिस्सेदारी हासिल करने पर गौर कर रहे हैं। उनका रुझान इस ओर लगातार बढ़ रहा है। ग्रिप इनवेस्ट ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि उसके मंच पर जितने निवेशक हैं, उसमें दो तिहाई युवा (मिलेनियल्स) हैं। वर्तमान में ग्रिप इनवेस्ट पर 26,000 से अधिक निवेशक हैं। इन निवेशकों ने कम-से-कम एक बार इस मंच का उपयोग किया है। रिपोर्ट के अनुसार, कुल ऑर्डर में से 60 प्रतिशत 40 साल से कम उम्र के निवेशकों के हैं। 21 साल के निवेशक अधिक रिटर्न देने वाले 'फ्रैक्शनल' निवेश को तरजीह दे रहे हैं। इसके अलावा, मंच पर 77 प्रतिशत उपयोगकर्ता खुद से निवेश करने के रुख को पसंद करते हैं और व्यक्तिगत शोध के आधार पर निर्णय लेते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 65 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ 'मिलेनियल्स' पहले स्थान पर हैं। वहीं 20 प्रतिशत निवेश ' जेनरेशन एक्स' यानी 1960 के मध्य से लेकर 1980 की शुरुआत में जन्म लेने वाले लोग कर रहे हैं।




- ग्रिप इनवेस्ट ने रिपोर्ट में यह निष्कर्ष निकाला
- युवाओं की हिस्सेदारी 60 फीसदी तक पहुंची

**पहले जोखिम से बचने को तरजीह दी जाती थी**

यह पीढ़ी (मिलेनियल्स) निवेश के लिए जोखिम-समायोजित दृष्टिकोण चुन रही है जबकि पहले जोखिम से बचने के रुख को तरजीह दी जाती थी।

# चांदी में रही डेढ़ हजार रुपए की बड़ी गिरावट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुख के अनुरूप बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में लगातार दूसरे दिन गिरावट आई।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार दिल्ली में सोने की कीमत 50 रुपये की गिरावट के साथ 72,250 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,500 रुपये लुढ़ककर 83,200 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 84,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, 'दिल्ली के बाजारों में हाजिर सोना (24 कैरेट) 72,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 50 रुपये कम है। अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,308 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से दो डॉलर की गिरावट है।



- सोना 50 रुपए घटकर 72,250 रुपए प्रति दस ग्राम
- चांदी लुढ़कर 83,200 रुपए प्रति किलो ग्राम रही

**सोने में सीमित दायरे में रहा उतार-चढ़ाव**

गांधी ने कहा कि सोने में 2,300 डॉलर प्रति औंस से ऊपर एक सीमित दायरे में उतार-चढ़ाव रहा जहां निवेशक अमेरिकी मुद्रास्फीति और फेडरल रिजर्व के ब्याज दर रुख के बारे में नए संकेतों की तलाश में थे। चांदी भी मामूली तेजी के साथ 27.50 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी।

## बायजू ने पाठ्यक्रमों की फीस 30 से 40 फीसदी तक घटाई

**नई दिल्ली।** शिक्षा प्रौद्योगिकी मंच बायजू का संचालन करने वाली कंपनी थिंक एंड लर्न ने पाठ्यक्रम सदस्यता शुल्क में 30-40 प्रतिशत की कटौती करने के साथ बिक्री प्रोत्साहन को 50-100 प्रतिशत बढ़ा दिया है। बायजू के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी बायजू रवींद्रन ने 1,500 बिक्री सहयोगियों और प्रबंधकों के साथ एक बैठक में कारोबार विस्तार और लचीलेपन के लिए अपनी बिक्री रणनीति में बदलाव की घोषणा की है। 'बायजू लर्निंग ऐप की वार्षिक सदस्यता अब 12,000 रुपये (करों सहित) की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध है, जबकि बायजू क्लासेस और बायजू ट्यूशन सेंटर (बीटीसी) की पूरी कीमत समूचे साल के लिए क्रमशः 24,000 रुपये और 36,000 रुपये है।'

# भारतीय स्टेट बैंक का बढ़ा शुद्ध लाभ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- 13 रुपए प्रति शेयर लाभांश का ऐलान

सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक ने गुरुवार 9 मई को वित्त वर्ष 2023-24 के चौथी तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। बैंक ने जनवरी-मार्च के बीच रिकॉर्ड प्रॉफिट हासिल किया है और बैंक का नेट प्रॉफिट 24 फीसदी तक बढ़ गया है। इस दौरान बैंक ने 20,698 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट कमाया है। वहीं पिछले साल समान तिमाही में बैंक का नेट प्रॉफिट कुल 16,695 करोड़ रुपये का था। बैंक ने तिमाही के नतीजे जारी करने के साथ ही डिविडेंड का भी ऐलान किया है। तिमाही के नतीजे जारी करने के बाद बैंक के शेयर में जबरदस्त तेजी दर्ज की गई है और यह 1.13 फीसदी तेजी के साथ 820 रुपये पर बंद हुए हैं।

**बैंक ने किया डिविडेंड का ऐलान**

तिमाही के नतीजे जारी करने के साथ ही भारतीय स्टेट बैंक ने शेयरधारकों को डिविडेंड का भी तोहफा दिया है। बैंक ने एक्सचेंज फाइलिंग में शेयरहोल्डर्स को प्रति शेयर के बदले 13.70 रुपये डिविडेंड देने की बात कही है। इससे पहले एक्सपर्ट्स यह अनुमान जताया था कि बैंक इस तिमाही में 13,400 करोड़ का प्रॉफिट हासिल कर सकती है।

## पटेल इंजीनियरिंग को महाराष्ट्र में मिला ठेका



**नई दिल्ली।** बुनियादी ढांचा कंपनी पटेल इंजीनियरिंग तथा उसके संयुक्त उद्यम साझेदार को महाराष्ट्र में 342.76 करोड़ रुपये की भूजल निकालने की परियोजना का ठेका मिला है। इन्होंने परियोजना के लिए सबसे कम बोली लगाई। इसका काम 24 महीने के भीतर पूरा किया जाना है। परियोजना महाराष्ट्र राज्य में स्थित है। परियोजना को एक संयुक्त उद्यम के जरिए पूरा किया जाएगा। इसमें पटेल इंजीनियरिंग की हिस्सेदारी 35 प्रतिशत है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि महाराष्ट्र सरकार के कार्यकारी अभियंता कार्यालय ने 342.76 करोड़ रुपये के अनुबंध के लिए पटेल इंजीनियरिंग को उसके संयुक्त उद्यम साझेदार के साथ 'एल1' घोषित किया है।

### घरेलू बचत में लगातार तीसरे साल गिरावट का अनुमान

# घर, वाहन महंगे होने से घटी घरेलू बचत : अर्थशास्त्री

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- वर्ष 2024-25 में आरबीआई के अंकुश से प्रवृत्ति उलट सकती है

घरेलू बचत में वित्त वर्ष 2023-24 में लगातार तीसरे साल गिरावट आने का अनुमान है, क्योंकि आवास और वाहन ऋण पर बढ़ते ब्याज के कारण देनदारियों में वृद्धि जारी है।

हालांकि, व्यक्तिगत ऋण पर भारतीय रिजर्व बैंक के अंकुश से 2024-25 में यह प्रवृत्ति उलट सकती है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से जारी ताजा राष्ट्रीय खाता सांख्यिकी-2024 के अनुसार, शुद्ध घरेलू बचत तीन वर्षों में 2022-23 तक नौ लाख करोड़ रुपये की गिरावट के साथ 14.16 लाख करोड़ रुपये रह गई।

**देनदारियों में सालाना आधार पर 73 फीसदी की वृद्धि**

इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने आंकड़ों पर बात करते हुए कहा कि 2022-23 में घरेलू बचत में गिरावट की मुख्य वजह देनदारियों में सालाना आधार पर 73 प्रतिशत की वृद्धि रही। उन्होंने कहा कि आंकड़ों पर गौर करें तो बीते वित्त वर्ष 2023-24 में भी घरेलू बचत में गिरावट की प्रवृत्ति जारी रहने का अनुमान है। घरेलू बचत से जुड़े आंकड़े अभी जारी नहीं किए गए हैं।



**बिना गारंटी वाले कर्ज पर अंकुश लगाने लगे**

नायर ने कहा कि हालांकि 2024-25 में यह प्रवृत्ति उलट सकती है, क्योंकि भारतीय रिजर्व बैंक ने बिना गारंटी वाले व्यक्तिगत कर्ज पर अंकुश लगाने के लिए कदम उठाए हैं। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने इस गिरावट की वजह खंड में बदलाव को बताया, जहां बचत को वास्तविक परिसंपत्तियों में लगाया जा रहा है।

**बचत वास्तविक परसंपत्तियों में जा रही**

नागेश्वरन ने यहां एनसीएईआर द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, ' वित्त वर्ष 2022-23 में घरेलू शुद्ध वित्तीय बचत कम रही और इसे लेकर कुछ चिंताएं थीं। इससे पता चला कि घरेलू बचत कम हो रही है, लेकिन वास्तव में यह एक खंड बदलाव था जहां बचत वास्तविक परिसंपत्तियों में जा रही थी।'

**कोविड की दूसरी लहर के बाद से आई गिरावट**

वित्त वर्ष 2020-21 में घरेलू बचत 23.29 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी। उस वर्ष कोविड-19 की दूसरी लहर आई थी। हालांकि, उसके बाद से इसमें गिरावट जारी है। इसके बाद यह 2021-22 में यह 17.12 लाख करोड़ रुपये और 2022-23 में 14.16 लाख करोड़ रुपये पर आ गई।

**परिवार को दिया गया ऋण चार गुना हुआ**

वित्तीय निकायों और एनबीएफसी द्वारा परिवारों को दिए गया ऋण 2022-23 में चार गुना होकर 3.33 लाख करोड़ रुपये हो गया । यह 2020-21 में 93,723 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2021-22 के 1.92 लाख करोड़ रुपये के ऋण की तुलना में 2022-23 में यह 73 प्रतिशत बढ़ा।

## गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस का आईपीओ 15 मई से खुलेगा

**नई दिल्ली।** कनाडा स्थित फेयरफैक्स समूह द्वारा समर्थित कंपनी गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड 15 मई को अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की तैयारी में है। निर्गम 15 से 17 मई तक खुलेगा। निवेशक 14 मई को बोली लगा पाएंगे। गो डिजिट के प्रस्तावित आईपीओ में 1,125 करोड़ रुपये मूल्य के ताजा शेयर हैं। मौजूदा शेयरधारकों द्वारा 5.47 करोड़ इक्विटी शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) भी शामिल है।

## चिंतन

# शेयर बाजार में लगातार हो रही गिरावट स्थायी नहीं


शेयर बाजार एक ऐसा मंच है जहां वित्तीय समर्थक, दलाल और संगठन सार्वजनिक निगमों के कुछ हिस्सों का व्यापार कर सकते हैं। शेयर बाजार व्यवसायों को पूंजी तक पहुंच प्रदान करता है और निवेशकों को उन व्यवसायों में निवेश करने का मौका देता है और संभवतः उनके पैसे पर संभावित रिटर्न प्राप्त करता है। शेयर बाज़ार वैसे ही अर्थव्यवस्था की सामान्य भलाई का संकेत है, क्योंकि बाज़ार में उतार-चढ़ाव मौद्रिक परिस्थितियों और निवेशक भावनाओं में बदलाव को प्रतिबिंबित कर सकता है, लेकिन बाजार हर छोटी और बड़ी घटना से प्रभावित होना जोखिम भरा भी होता है। विश्व स्तर के ऐसे अनेक कारक हैं जो बाजार को न केवल प्रभावित करते हैं, बल्कि उसकी चाल भी तय करते हैं। भारतीय शेयर बाजार केंद्रीय बजट, कमोडिटी की कीमतों-इनपुट लागत, सोने की कीमतों और बॉन्ड से भी प्रभावित होता है। ऐसा ही आजकल हो रहा है। बृहस्पतिवार को भारतीय शेयर बाजार में बड़ी गिरावट देखने को मिली। यह क्रम बीते पांच दिनों से चल रहा है। गुरुवार को सेंसेक्स 850 अंक से ज्यादा टूटकर 72,616 पर पहुंच गया, जबकि निफ्टी 280 अंक गिरकर 22,022 पर कारोबार कर रहा था। इस गिरावट की बड़ी वजह विदेशी निवेशकों और अन्य निवेशकों की बड़ी मुनाफावसूली मानी जा रही है। कहा जा रहा है कि विदेशी निवेशक इस महीने भारी बिकवाली कर रहे हैं। मई 2024 में गुरुवार तक कैश सेगमेंट से एफआईआई 15863 करोड़ रुपये बेच चुके हैं, जबकि फ्यूचर एंड ऑप्शन (एफएंडओ) सेगमेंट में एफआईआई 5,292 करोड़ रुपये निकाल चुके हैं। इसके अलावा हाल ही में कुछ यूएस फेड अधिकारियों की हॉकिश बातों ने भारतीय शेयरों पर अतिरिक्त दबाव डाला है। इस महीने की शुरुआत में कुछ मुनाफावसूली देखने के बाद इस तरह के बयानों की वजह से अमेरिकी डॉलर में तेजी देखने को मिली है, जिसकी वजह से यूएस ट्रेजरी यील्ड में बढ़ोतरी देखी गई है, जिससे भारतीय शेयर बाजार प्रभावित हो रहा है। इसके अलावा देश में लोकसभा चुनाव हो रहे हैं। जो लगातार बाजार को प्रभावित कर रहे हैं। इसी वजह से शेयर बाजार में समय से पहले मुनाफावसूली शुरू हो गई है। ये बिकवाली केवल फ्रंटलाइन लार्ज-कैप शेयरों में ही दिखाई दे रही है। बिकवाली का एक बड़ा कारण यह भी है कि वित्त वर्ष 2024 के चौथी तिमाही के नतीजे जिस तरीके के आने चाहिए थे, वो देखने को नहीं मिले हैं। इसका असर भी शेयर बाजार में देखने को मिल रहा है। इसमें किसी को शक नहीं होना चाहिए कि भारत तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, लेकिन बाजार निवेशकों को उम्मीद थी कि चौथी तिमाही के नतीजे और बेहतर आने चाहिए थे। जो न आ पाने के कारण बाजार पस्त हो रहा है। वैसे भी अब तिमाही नतीजों का मौसम खत्म होने वाला है। उससे पहले निवेशकों की ओर मुनाफा वसूली की जा रही है। जिससे बाजार गिर रहा है, लेकिन यह तय है कि ये गिरावट स्थायी नहीं है। स्थायी होने का कोई कारण भी नहीं है। उम्मीद की जानी चाहिए कि बाजार फिर तेजी की ओर लौटेगा।

## सारा संसार



बैजनाथ मंदिर हिमाचल प्रदेश के सबसे लोकप्रिय मंदिरों में से एक है और यहां भगवान शिव को 'उपचार के देवता' के रूप में पूजा जाता है। बैजनाथ या वैद्यनाथ महान भगवान शिव के अवतार हैं, और इस अवतार में, महान भगवान अपने भक्तों को सभी दुखों और पीड़ाओं से मुक्त करते हैं।

# राष्ट्र प्रथम हो मतदान का आधार



आम चुनाव
अखिलेश आर्येंदु

आज का भारतीय समाज अर्थ केंद्रित है। गुण, ज्ञान, अनुभव और प्रतिभा का मूल्यांकन अच्छी नौकरी पाने या व्यापार में खूब मुनाफा कमाने तक ही सीमित हो गया है। न तो नौकरी राष्ट्र को योगदान करने की मंशा से करने की भावना है लोगों में और न तो व्यापार ही। यही वजह है आम चुनाव में विपक्ष द्वारा बार-बार सब को नौकरी देने जैसे असंभव माने जाने वाले कार्य को हवा दी जा रही है। रेवड़ियों को बांटने और किसानों की कर्ज माफी का जो वादा चुनाव में किए जा रहे हैं वे सत्ता हथियाने के हथियार ही नजर आ रहे हैं। ऐसे में संकीर्ण दायरों से बाहर आना ही होगा। उम्मीद की जानी चाहिए राजनीतिक दल राष्ट्र प्रथम की भावना से चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे भी।

चुनावी मौसम में वेद शास्त्रों व आचार्य चाणक्य के राष्ट्रपरक नीति वचन का याद आना लाजिमी है, जिसमें कहा गया है कि जनता ऐसे दूरदर्शी, त्यागी, नीतिवान व चरित्रवान व्यक्ति का चुनाव करे जिसमें दुनिया में सम्मान दिलाने की क्षमता हो। यह उपदेश तब और महत्वपूर्ण हो जाता है जब देश की नई सरकार चुनने का अवसर हो। एक नागरिक का कर्तव्य अपने देश के प्रति कैसा होना चाहिए पर चाणक्य का कहना है, कर्तव्य को विवेक से करना नीतिवान मनुष्य का प्रथम कर्तव्य है। चाणक्य इसी संदर्भ में कहते हैं-भली प्रकार सोच-विचार कर या अवसर को पहचानने के बाद ही कोई निर्णय लेना चाहिए। पांच साल के बाद जनता को यह अवसर मिलता है कि वह निवर्तमान सरकार के कार्यों, नीतियों और निर्णयों का बेहतर मूल्यांकन कर नई सरकार के लिए बगैर किसी लालच के खूब सोच-समझ कर अपना मत दे। तमाम तरह के सर्वे यह समझाने की कोशिश करते रहे हैं कि आम चुनाव में भी क्षेत्रीय मुद्दे और जात-पात की मानसिकता हावी है। ऐसे वक्त में जब दुनिया के तमाम देशों में चुनाव देश की गम्भीर समस्याओं और विकास के मुद्दे पर लड़े व जीते जाते हैं, ऐसे में भारत के इस आम चुनाव में वे मुद्दे ज्यादा हावी हैं जो राष्ट्र निर्माण की अपेक्षा व्यक्तिगत स्वार्थ साधने वाले अधिक लगते हैं। व्यक्तिगत हित साधन के मुद्दे राष्ट्र की सुरक्षा और विकास के लिए मददगार नहीं हैं। शायद हम भारतवासी बार-बार भूल करते रहे हैं कि केंद्र या राज्यों में कैसी भी सरकार हो, शासन उनकी आकांक्षाओं के अनुरूप होना ही चाहिए। इस भूल ने भारत को विकास की दौड़ में दुनिया के तमाम देशों से बहुत पीछे कर दिया। हम मतदाता अपने नागरिक कर्तव्यों को बेहतर सोच व परिणाम के साथ निभाने में हमेशा पीछे रहते हैं।

ताजा सर्वेक्षण इस बात की तसदीक करते हैं कि देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा की अपेक्षा महंगाई और बेरोजगारी को अधिक तरजीह दी जा रही है यानी आतंक, धारा 370, समान नागरिक संहिता (कानून), विदेशी घुसपैठ जैसे राष्ट्रीय सुरक्षा और अस्मिता के मुद्दे ज्यादातर लोगों के लिए कोई खास अहमियत नहीं रखते। बेहतर शासन की कवायदों की जगह आरक्षण और संविधान बचाने का सब्जबाग लोगों को शायद ज्यादा भा रहा है। यदि ऐसा है तो यह भारत जैसे देश के लिए चिंता की बात ही मानी जाएगी, क्योंकि न तो निवर्तमान सरकार आरक्षण खत्म करने जा रही है और न संविधान ही बदला जाएगा। इसका एनडीए के घोषणा पत्र में प्रमुखता से उल्लेख किया गया है। राजनीति के जानकारों की माने तो यह भी हो सकता है कि, लोग केंद्र और राज्य सरकार को चुनते हुए कुछ उनके निहित स्वार्थ उन्हें राष्ट्रीय मुद्दों से दूर रखने का कार्य कर रहे हों। यह भारत जैसे बहुसंस्कृतियों और मजहब वाले देश के लिए शुभ संकेत नहीं कहा जा सकता। दरअसल, राष्ट्रवादी भावना का उद्रेक भारत में खास अवसरों पर ही देखा जाता है। आजादी के बाद पिछले 76 वर्षों में राष्ट्र प्रथम का कर्तव्यबोध का संचार सतत राष्ट्र जागरण के तौर पर हुआ ही नहीं। जैसे दुनिया के तमाम देशों में हुआ। यही वजह है हर बार आम चुनाव में यह देखा गया है कि चुनाव जीतने के लिए वे मुद्दे जो



व्यक्ति केंद्रित, तुष्टिकरण या सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के मद्देनजर कर्जमाफी, आरक्षण बचाओ, संविधान बचाओ या गरीबी हटाओ जैसे मुद्दे उछाले जाते रहे।


व्यक्ति, परिवार और जाति-मजहब केंद्रित दलों की स्वार्थवादी सोच ने भारत की साख, शक्ति और अस्मिता के सवालों को कभी तवज्जो दी ही नहीं। इसका परिणाम यह हुआ कि व्यक्तिगत हित साधन और महज आत्म-केंद्रित स्वार्थों की ही पूर्ति होती रही। राष्ट्र प्रथम के बारे में सोचा ही नहीं गया। इससे आंचलिक क्षत्रपों के पारिवारिक व सामाजिक हित साधन होते रहे, लेकिन राष्ट्र व सर्वहित हमेशा पीछे छूटता रहा। यदि आजादी के 76 साल बाद भी बेरोजगारी, महंगाई ही लोगों के लिए सबसे बड़ी देश की समस्याएं हैं तो यह उसी व्यक्तिवाद और तुष्टिकरण का परिणाम है जिससे देश में तमाम तरह की समस्याएं पैदा होती रही हैं। इस चुनाव में देश संबंधी संकल्पनाओं और सर्वजन हिताय व सर्व जन सुखाय को राष्ट्र निर्माण के आधार के रूप में कुछ दलों के घोषणा पत्रों में चर्चा तो की गई है, लेकिन यह चुनाव में प्रमुख मुद्दे के रूप में चर्चित नहीं हुआ है। हैरान करने वाली बात है कि तमाम गुलामी के प्रतीकों और संस्थाओं के विरुद्ध राष्ट्रहित में कोई बुलंद आवाज सुनाई नहीं दे रही है। उसकी जगह एक दूसरे पर कीचड़ उछाल प्रतियोगिता देखने को जरूर मिल रही है। इससे किसका हित साधन होगा, कहने की जरूरत नही है। नई पीढ़ी जो 21वीं सदी के शुरुआत में पैदा हुई वह जवान हो चुकी है। उसके सामने राष्ट्र निर्माण और सर्व समाजहित की बात सोचने वाले बेदाग चरित्र नायकों का अभाव दिख रहा है। यदि भ्रष्टाचार शिष्टाचार कहा जाने लगा है और जनता इसके खिलाफ उठ खड़ी नहीं हो रही है तो यह भारतीय समाज व देश के लिए चिंता की बात ही कही जाएगी। व्यक्ति व समाज निर्माण में रोड़ा समझे जाने वाले नकारात्मक शब्दों और लोगों को यदि महिमामंडित करने की होड़ लगी हो तो, भला राष्ट्र निर्माण के पवित्र कार्य के लिए माहौल कैसे बनाया जा सकता है? मूल्याधारित राजनीति अब बीते जमाने की बात हो चुकी है, इसलिए राजनीतिक दलों से मूल्याधारित राजनीति और बेदाग छवि वाले नेताओं के नेतृत्व की आशा भी नहीं की जा सकती है। दूसरी तरफ मीडिया के अर्थ केंद्रित होने से मौजूदा राजनीति का निष्पक्ष मूल्यांकन नहीं हो पा रहा है। दाग को बार-बार दिखाने से आंखें दाग देखने की अभ्यस्त हो जाती हैं। यही वजह है कि दागदार नेताओं की बहुत बड़ी तादाद आज भारतीय राजनीति का हिस्सा बन चुकी है और उनके खिलाफ कोई आक्रोश कहीं भी दिखाई नहीं दे रहा है। हैरान करने वाली बात यह है कि दागियों के प्रति जनता में कोई आक्रोश नहीं उभरता।

आज का भारतीय समाज अर्थ केंद्रित है। गुण, ज्ञान, अनुभव और प्रतिभा का मूल्यांकन अच्छी नौकरी पाने या व्यापार में खूब मुनाफा कमाने तक ही सीमित हो गया है। न तो नौकरी राष्ट्र को योगदान करने की मंशा से करने की भावना है लोगों में और न तो व्यापार ही। यही वजह है आम चुनाव में विपक्ष द्वारा बार-बार सब को नौकरी देने जैसे असंभव माने जाने वाले कार्य को हवा दी जा रही है। रेवड़ियों को बांटने और किसानों की कर्ज माफी का जो वादा चुनाव में किए जा रहे हैं वे सत्ता हथियाने के हथियार ही नज़र आ रहे हैं। यदि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की बात कही जा रही है तो उन सभी मुद्दों, समस्याओं, विसंगतियों और खामियों पर ईमानदारी से गौर करना ही होगा जो भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में रुकावट बने हुए हैं। बढ़ती आबादी, घटते संसाधन और लोगों की अति महत्वाकांक्षा को पूरा करने की चुनौती केंद्र में आने वाली सरकार के सामने होगी ही। ऐसे में संकीर्ण दायरों और सोच से बाहर आना ही होगा। तभी भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र के रूप में दुनिया को अपनी ताकत का एहसास करा सकेगा। उम्मीद की जानी चाहिए देश के सभी राजनीतिक दल राष्ट्र प्रथम की भावना से चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे भी।

(लेखक चिंतक और समाजकर्मी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।


## धैर्य के साथ करें आत्ममूल्यांकन



संकलित
दर्शन

प्रकृति हमेशा एक मार्गदर्शक के रूप में हमें प्रेरित व उत्साहित करती रहती है। हर पेड़, पौधे, फूल, पत्ती का एक मौन संदेश हुआ करता है और वह है कि स्वयं को निरंतर गतिमान और संतुलित रखने के लिए धैर्य चाहिए। पेड़ों पर मंजरी या बौर आने के तुरंत बाद ही तो फल नहीं आ जाता। हौले-हौले ही यह प्रक्रिया सम्पन्न होती है। माटी, हवा और पानी से जिस तरह एक पौधा धीरज रखकर खुद को पुष्पित और पल्लवित करता है, हमें भी ऐसा ही जीवन दर्शन अपनाना चाहिए। महर्षि अरविंद अपने पास आने वाले जिज्ञासु को यह मंत्र देते थे कि मनुष्य अपने सारे जीवन का वास्तुकार स्वयं ही है। हम अपनी रुचि और सोच-विचार के हिसाब से दिनचर्या तय करते हैं। अपने तौर तरीके से दिन बिताते हैं। सब सामान्य रहता है, तो हम खुश रहते हैं। लेकिन इस दिनचर्या में कुछ जरा-सा भी कुछ अनचाहा हुआ नहीं कि हम सिर पीटने लगते है। हमारा धैर्य डोल जाता है। हमारी पसंद से बने हुए जीवन की हलचल और हिचकोले हमें विचलित कर देते हैं। हम गलती से भी आत्म अवलोकन नहीं करते।हम अपनी भूमिका न देखकर किसी और पर दोष मढ़ देते हैं। ऐसा प्रदर्शित करते हैं कि इस हालत के लिए उनके अलावा सब ही जिम्मेदार हैं। आरोप लगाने और खुद साफ बच जाने के इस पल में हम चतुराई से यह सच छिपा जाते हैं कि कर्म का नियम कुछ और ही है। कर्म का सिद्धांत यह साफ कहता है कि हमारे हर दुख कष्ट आदि के लिए हम ही जिम्मेदार हैं, कोई दूसरा नहीं।

## क्या आपकी दुकान में ईश्वर मिलेंगे?



संकलित
प्रेरणा

आठ साल का एक बच्चा एक रुपए का सिक्का मुट्ठी में लेकर एक दुकान पर जाकर कहाः क्या आपके दुकान में ईश्वर मिलेंगे?दुकानदार ने यह बात सुनकर सिक्का नीचे फेंक दिया और बच्चे को निकाल दिया। बच्चा पास की दुकान में जाकर 1 रुपए का सिक्का लेकर चुपचाप खड़ा रहा! लेकिन, उस अबोध बालक ने हार नहीं मानी। एक दुकान से दूसरी दुकान, दूसरी से तीसरी, ऐसा करते करते कुल चालीस दुकानों के चक्कर काटने के बाद एक बूढ़े दुकानदार के पास पहुंचा। उस बूढ़े दुकानदार ने पूछाः तुम ईश्वर को क्यों खरीदना चाहते हो? क्या करोगे ईश्वर लेकर? बच्चे ने बड़े उत्साह से उत्तर दियाः इस दुनिया में मां के अलावा मेरा और कोई नहीं है। मेरी मां दिनभर काम करके मेरे लिए खाना लाती है। मेरी मां अब अस्पताल में हैं। अगर मेरी मां मर गई तो मुझे कौन खिलाएगा ? डाक्टर ने कहा है कि अब सिर्फ ईश्वर ही तुम्हारी मां को बचा सकते हैं। क्या आपके दुकान में ईश्वर मिलेंगे? दुकानदारः हां, मिलेंगे! कितने पैसे हैं तुम्हारे पास? बच्चाः सिर्फ एक रुपए। बच्चे की मां का ऑप्रेशन हुआ। और बहुत जल्द ही वह स्वस्थ हो उठीं। डिस्चार्ज के कागज़ पर अस्पताल का बिल देखकर उस महिला के होश उड़ गए। डॉक्टर ने उन्हें आश्वासन देकर कहाः टेंशन की कोई बात नहीं है। एक वृद्ध सज्जन ने आपके सारे बिल चुका दिए हैं। साथ में एक चिट्ठी भी दी है। महिला चिट्ठी खोलकर पढ़ने लगी, उसमें लिखा था, मुझे धन्यवाद देने की कोई आवश्यकता नहीं है। आपको तो स्वयं ईश्वर ने ही बचाया है.. मैं तो सिर्फ एक ज़रिया हूं।

## परशुराम जयंती
श्वेता गोयल



# कालांतर तक अमर हैं परशुराम

हिंदू पंचांग के अनुसार वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया को भगवान परशुराम की जयंती मनाई जाती है, जो इस बार 10 मई को है। भगवान परशुराम का जन्म त्रेता युग में भगवान विष्णु के छठे अवतार के रूप में भार्गव वंश में सप्तऋषि में से एक ऋषि जमदग्नि और माता रेणुका के यहां हुआ था। मान्यता है कि परशुराम के जन्म के पूर्व रेणुका तीर्थ पर जमदग्नि और रेणुका ने भगवान शिव की कठोर तपस्या की थी, जिससे प्रसन्न होकर शिव ने उन्हें वरदान दिया था कि स्वयं भगवान विष्णु रेणुका के गर्भ से जमदग्नि के पांचवें पुत्र के रूप में पृथ्वी पर अवतार लेंगे। भगवान परशुराम को भगवान शिव और विष्णु का संयुक्त अवतार माना जाता है और मान्यता है कि उन्होंने भगवान विष्णु से पालनहार के गुण और दुष्टों का संहार करने के लिए भगवान शिव से युद्ध कला में निपुणता हासिल की। बगैर किसी अस्त्र के ही उन्होंने बहुत सारे असुरों का नाश किया। भगवान परशुराम का उल्लेख रामायण, महाभारत, भागवत पुराण, कल्कि पुराण इत्यादि अनेक ग्रंथों में है। अपने पिता की हत्या के प्रतिशोध में उन्होंने 21 बार पृथ्वी से क्षत्रियों का विनाश किया। उनकी दानशीलता ऐसी थी कि एक बार उन्होंने समस्त पृथ्वी ही ऋषि कश्यप को दान कर दी थी। उनके शिष्य बनने का लाभ दानवीर कर्ण ही ले पाए थे, जिसे उन्होंने ब्रह्मास्त्र की दीक्षा दी थी। धर्मग्रंथों के अनुसार पृथ्वी पर रहने वालों में परशुराम और रावण के पुत्र इंद्रजीत को ही सबसे खतरनाक, अद्वितीय और शक्तिशाली अस्त्र, ब्रह्मांड अस्त्र, वैष्णव अस्त्र तथा पशुपत अस्त्र प्राप्त थे। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम भगवान विष्णु के अवतार माने गए हैं और परशुराम भी विष्णु के अवतार हैं, इसीलिए परशुराम को भगवान विष्णु और भगवान राम दोनों के समान शक्तिशाली माना गया है। भगवान परशुराम क्रोध के पर्याय रहे हैं, इसलिए उन्हें भगवान विष्णु का आवेशावतार भी कहा जाता है। माता-पिता के प्रति परशुराम का समर्पण ऐसा था कि वे उनकी आज्ञा का पालन करने के लिए कुछ भी कर सकते थे। एक बार उनकी माता रेणुका पानी भरने नदी किनारे गई, लेकिन कुछ देवताओं के आने के कारण उन्हें आश्रम लौटने में विलंब हो गया। ऋषि जमदग्नि ने अपनी शक्ति से इसका कारण जान लिया और रेणुका के आने पर अत्यधिक क्रोधावस्था में अपने पांचों पुत्रों को बुलाकर उन्हें अपनी माता का वध करने की आज्ञा दी। परशुराम को छोड़कर चारों भाईयों ने माता के प्रति प्रेमभाव व्यक्त करते हुए पितृ आज्ञा मानने से इन्कार कर दिया। क्रोधित जमदग्नि ने चारों को पत्थर बनने का श्राप दे दिया। परशुराम ने पिता की आज्ञा का पालन करते हुए उनके चरणों में सिर झुकाकर अपने अस्त्र फरसे से तुरंत माता रेणुका का वध कर दिया। इस पर जमदग्नि उनसे खुश हुए और मनचाहा वरदान मांगने को कहा। परशुराम ने माता रेणुका सहित चारों भाईयों को पुनः जीवित करने का वरदान मांगा और जमदग्नि ने सभी को नवजीवन प्रदान किया। अरुणाचल प्रदेश के लोहित जिले में स्थापित परशुराम कुंड के संबंध में मान्यता है कि परशुराम ने अपनी माता का वध करने के बाद इस कुंड में स्नान कर अपने पाप का प्रायश्चित किया था। हिंदू पुराणों के अनुसार परशुराम को कलियुग में ऋषि के रूप में पूजा जाता है और उन्हें आंठवें मानवतारा के रूप में सप्तऋषि के रूप में गिना जाता है। उनकी गिनती महर्षि वेदव्यास, अश्वत्थामा, बलि, हनुमान, विभीषण, कृपाचार्य, मार्कन्डेय सहित उन आठ अमर किरदारों में होती है, जिन्हें कालांतर तक अमर माना जाता है।

(लेखिका शिक्षिका0 हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सटाका




## आज की पाती

### रेडक्रास का सर्वकालिक महत्त्व

दुनिया में मानवता सबसे बड़ा धर्म है। मानवता को दर्शाते दुनिया में बहुत से दिवस मनाए जाते हैं। इन्हीं में से एक है विश्व रेडक्रॉस दिवस। यह हर वर्ष 8 मई को मनाया जाता है। इस बार इस दिवस का थीम है 'मैं खुशी के साथ देता हूं और जो खुशी मैं देता हूं वह एक इनाम है'। इस थीम से ही साबित हो रहा है कि यह संस्था निस्वार्थ भाव से काम कर रही है, दूसरों की मदद करके जो खुशी हासिल होती है, वो ही सच्चा इनाम होता है।इतिहासकार बताते हैं कि इस दिवस के मनाने का मुख्य कारण हेनरी ड्यूनेंट के जन्मदिन पर उनको याद करना है। वर्ष 1859 में सोल्फेरिनो युद्ध में हजारों सैनिकों की मृत्यु हो गई थी और हजारों घायल भी हुए थे। इन घायल सैनिकों की हालत देखकर हेनरी ड्यूनेंट का हृदय विचलित हुआ तो उन्होंने इन सैनिकों की मदद की थी। *–रवि प्रकाश शर्मा, महासमुंद*

## ट्रेंड

### जलवायु संबंधी खतरे देखे



डब्लूएमओ रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में लैटिन अमेरिका और कैरेबियन में रिकॉर्ड जलवायु संबंधी खतरे देखे गए। खतरनाक मौसम और जलवायु से सुरक्षा प्रदान करने के लिए क्लाइमेट एक्शन की तत्काल आवश्यकता और प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों के महत्व का एक और रिपोर्ट।
**-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव**

### आध्यात्मिक रहें



आध्यात्मिक विद्या सब प्रकार की विद्याओं में श्रेष्ठ है। आध्यात्मिक बल विषम परिस्थितियों में सहायक है। अध्यात्म हमारे स्वभाव की यात्रा है, जिसका फलादेश है-अज्ञान जनित विकारों से मुक्ति। अतः जीवन की दिव्यता के उदय हेतु आध्यात्मिक रहें ।
**-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु**

### नफरत नहीं, नौकरी चुनो



देश के युवाओं! 4 जून को इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है और हमारी गारंटी है कि 15 अगस्त तक हम 30 लाख रिक्त सरकारी पदों पर भर्ती का काम शुरू कर देंगे। मोदी के झूठे प्रचार से भटकना मत, अपने मुद्दों पर डटे रहना। इंडिया की सुनो, नफरत नहीं, नौकरी चुनो।
**-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता**

### बीजेपी आरक्षण ख़त्म करेगी



बीजेपी का नेता आदिवासी युवक के सिर पेशाब करता है। गुजरात में गेंद छूने पर दलित बच्चे का अंगूठा काट लिया गया। बीजेपी दलितों पिछड़ों आदिवासियों से नफ़रत करती है। बीजेपी आरक्षण ख़त्म करेगी।
**-संजय सिंह, आप नेता**

## करंट अफेयर

### भारत की तीस्ता परियोजना में सहयोग की पेशकश

बांग्लादेश के विदेश मंत्री हसन महमूद ने बृहस्पतिवार को बताया कि भारत ने बांग्लादेश में सीमा पार तीस्ता नदी पर एक जलाशय के निर्माण के लिए सहयोग देने की पेशकश की है। बांग्लादेश के दौरे पर आए विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने प्रधानमंत्री शेख हसीना और हसन से मुलाकात की, जिसके बाद बांग्लादेशी मंत्री ने यह जानकारी दी। तीस्ता जल का बंटवारा भारत और बांग्लादेश के बीच एक विवादास्पद मुद्दा है और मुख्य रूप से इसी कारण बांग्लादेश ने जलाशय के निर्माण की पहल की और चीन ने इस परियोजना का समर्थन करने की तुरंत इच्छा जताई। क्वात्रा बुधवार शाम ढाका पहुंचे। महमूद ने क्वात्रा से मिलने के बाद संवाददाताओं से कहा, 'आप जानते हैं कि हमने तीस्ता से जुड़ी एक बड़ी परियोजना शुरू की है। भारत उसका वित्त-पोषण करना चाहता है। हमने कहा कि परियोजना हमारी जरूरतों के अनुरूप होनी चाहिए, इसे हमारी जरूरतों को पूरा करना होगा।' बहरहाल, मंत्री ने भारत के प्रस्ताव के बारे में विस्तार से नहीं बताया। बांग्लादेश ने कुछ महीने पहले कहा था कि वह भारत से बांग्लादेश में प्रवेश करने वाली तीस्ता पर जलाशय बनाने के चीनी प्रस्ताव से जुड़ी 'भू-राजनीति' पर गौर करेगा।



## ऑफ बीट

### जलवायु परिवर्तन बन रहा अत्यधिक बारिश का कारण

अभूतपूर्व बाढ़ के बारे में मीडिया लेखों में, आप अक्सर यह कथन सुनेंगे कि प्रत्येक 1° सेल्सियस वार्मिंग बढ़ने पर, वातावरण लगभग 7% अधिक नमी धारण कर सकता है। यह आंकड़ा फ्रांसीसी इंजीनियर साडी कार्नोट द्वारा किए गए शोध से आया है और 200 साल पहले इसी साल प्रकाशित हुआ था। अब हम जानते हैं कि कहानी में और भी बहुत कुछ है। हाँ, अधिक गर्म वातावरण में अधिक नमी धारण करने की क्षमता होती है। लेकिन बारिश की बूंदें बनाने के लिए जलवाष्प के संघनन से गर्मी निकलती है। यह, बदले में, गरज के साथ मजबूत संवहन को बढ़ावा दे सकता है, जो बाद में काफी अधिक बारिश कर सकता है। इसका मतलब यह है कि अत्यधिक वर्षा की तीव्रता प्रति डिग्री वार्मिंग से 7% से अधिक बढ़ सकती है। हम जो देख रहे हैं वह यह है कि गरज के साथ बौछारें उस दर से लगभग दोगुनी या तिगुनी हो सकती हैं - वार्मिंग की प्रत्येक डिग्री के लिए लगभग 14-21% अधिक बारिश। तूफान दुनिया भर में अत्यधिक बाढ़ का एक प्रमुख कारण है, जो ब्राजील की विनाशकारी बाढ़ में योगदान देता है, जिसने सैकड़ों शहरों को जलमग्न कर दिया और दुबई के हवाई अड्डे और सड़कों पर पानी भर गया।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप



### कोयला लोड मालगाड़ी की बोगी में लगी आग

**कटनी।** कोयला लोड मालगाड़ी की बोगी में आग लगने की जानकारी मिलने पर पुलिस पानी का टैंकर लेकर पहुंची और आग बुझाई। गत दिवस थाना प्रभारी रीठी राजेन्द्र मिश्रा को कंट्रोल रूम कटनी तथा स्टेशन मास्टर सलैया वेद राम अहिरवार ने फोन से सुचना दी कि डी एस एल डी मालगाड़ी कटनी से दमोह कोयला लेकर जा रही है जिसके बोगी मे आग लगी है बकलेहटा मे आग तथा धुआँ देखा गया है। मदद करिये। थाना प्रभारी रीठी राजेन्द्र मिश्रा ने तत्काल उकत बचाव कार्य के लिए चौकी सलैया प्रभारी विजेंद्र तिवारी को आदेशित किया, सूचना मिलते ही अपनी कार्यशैली के लिए मशहूर विजेंद्र तिवारी ने तत्काल सलैया निवासी सुशील शर्मा से तत्काल पानी से भरा टेंकर भेजने कहा जिस पर शर्मा द्वारा ड्राइवर ना होने का हवाला देते हुए मज़बूरी बताई,जिस पर चौकी प्रभारी विजेंद्र तिवारी ने स्वयं ट्रेक्टर ड्राइवर करते हुए, सलैया रेल्वे स्टेशन पहुंच गए,और धुआं धार तरीके से मददगारों की कमी होने के कारण स्वयं जलती आग की बोगी पर चढ़कर आग को बुझाया।

### प्रशासन की अनदेखी से नाली के ऊपर हो गया निर्माण

**विजयराघवगढ़।** नगर परिषद क्षेत्र के अंतर्गत आवागमन की स्थिति सुधार में नहीं हो रही है। नगर के बीचो बीच आवागमन हेतु बिजयराघवगढ़ से उमरिया शहडोल कारीतलाई मैहर सिंनगोड़ी की ओर जाने वाले वाहनों के लिए नगर के बीचों बीच आवागमन की व्यवस्था है। विगत कई वर्षों से आवागमन में हो रही परेशानी के लिए प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया जा रहा है। किंतु मामला ठंडा बस्ते में होने के कारण क्षेत्र भर के लोगों को आवागमन की परेशानी झेलनी पड़ रही है। जानकारों की मांने तो स्थानीय प्रशासन द्वारा ध्यान न देने के कारण स्थानीय लोगों द्वारा नाली के ऊपर निर्माण कार्य कर देने से सडक से आने जाने वाले वाहनों के कारण हमेशा जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। नाली के ऊपर निर्माण के कारण पैदल व दो पहिया वाहन से आने जाने वालों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर की व्यवस्था को देखने स्थानीय प्रशासन को समय नही है। आवागमन हेतु मुख्य मार्ग सहित सहायक मार्ग भी पर्याप्त है।किंतु नालियों के ऊपर निर्माण के कारण स्कूल खुलते ही स्कूली बच्चों व लोगो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर से जनापेक्षा है कि किसी अनहोनी घटना से पूर्व आवागमन में हो रही परेशानी से निजात दिलाने स्थानीय प्रशासन को निर्देशित करे।

### पेट्रोल पंप में शोपीस बनी हवा भरने वाली मशीन



**बड़वारा।** पेट्रोल पंपों में नियमानुसार वाहनों में हवा भरने की सुविधा होना अनिवार्य लेकिन संचालकों द्वारा महज दिखावे के लिए ही मशीन रखी जाती है। बड़वारा के समीपस्थ अभिनव फीलिंग सेंटर पेट्रोल पंप में रखी हुई हवा भरने की मशीन बन्द रहने से ग्राहकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा ग्राहकों को पेट्रोल भरवाने के बाद बिल भी नही दिये जाने के आरोप वाहन चालकों ने लगाये हैं। वाहन चालकों व ग्रामीणों ने बताया कि अधिकारियों द्वारा पेट्रोल पम्पो में औचक निरीक्षण नही किये जाने से पेट्रोल पम्पों में संचालकों की मनमर्जी हावी है। झिंझरी निवासी जागरूक राजाराम पटेल ने शासन से मांग की है कि पेट्रोल भरने वाली मशीन के पाइप का रंग काला होता है जिसे पारदर्शी पाइप होना चाहिए ताकि लोगों को जानकारी हो सके कि उनके वाहनों में पेट्रोल पूरी मात्रा में जा रहा है या नही।

## कलेक्टर ने 720 किलो लीटर क्षमता की मास्टर बैलेंसिंग रिजर्वायर टंकी को देखा

# करनपुरा ग्रामीण जल प्रदाय योजना बनी बडवारा के 47 गांवों के लिए जीवनदायिनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कलेक्टर अवि प्रसाद ने गुरुवार को बड़वारा विकासखंड के ग्राम बिजौरी स्थित करनपुरा जल प्रदाय प्लांट पहुंच कर इंदवार और करनपुरा ग्रामीण जलप्रदाय योजनाओं से ग्रीष्म ऋतु में बडवारा और विजयराघवगढ़ विकासखंडों के गांवों में हो रही जल आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा की। कलेक्टर ने जल निगम के अधिकारियों को दो टूक हिदायत दी कि इंदवार ग्रामीण जल प्रदाय योजना से भी जिले के विकासखंडों के चयनित सभी गांवों में हर हाल में शुद्ध एवं स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने बारिश के बीच करनपुरा जल प्रदाय प्लांट और छोटी महानदी से पानी आपूर्ति की प्रक्रिया का निरीक्षण भींगते हुए किया।

कलेक्टर ने जहां करनपुरा ग्रामीण जल प्रदाय योजना से बडवारा विकासखंड के 47 गांवों में हो रही सुचारू पेयजल आपूर्ति व्यवस्था के प्रति संतोष व्यक्त किया। वहीं कलेक्टर ने इंदवार ग्रामीण पेयजल प्रदाय योजना की मंथर गति के लिए गहन नाराजगी जाहिर किया। उन्होंने बड़वारा और विजयराघवगढ़ जनपद पंचायत के दोनों सीईओ को निर्देशित किया कि वे यह सुनिश्चित करें कि किसी भी गांव में पेयजल समस्या न हो। साथ ही ग्रामीण जल प्रदाय योजना से पेयजल आपूर्ति वाले गांवों का सत्यापन करने के भी निर्देश दिये।

कलेक्टर को समीक्षा के दौरान बताया गया कि इंदवार ग्रामीण जल प्रदाय योजना से वर्तमान में जिले के 19 गांवों में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का ट्रायल रन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। कलेक्टर श्री प्रसाद ने इस योजना के प्रोजेक्ट में शामिल सभी 53गांवों में शीघ्र सुगम पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने इन गांवों में पानी आपूर्ति नहीं शुरू होने पर असंतोष जाहिर किया और निर्देशित किया कि प्रोजेक्ट के तहत स्वीकृत सभी जरूरी अधोसंरचनात्मक विकास एवं निर्माण शीघ्र किया जाय और पानी सप्लाई में आ रही सभी तकनीकी बाधाओं को तत्काल दूर किया जाए। श्री प्रसाद ने पानी के शुद्धीकरण प्लांट और स्काडा रुम से प्लांट के स्वचालित प्रक्रिया का भी जायजा लिया।

जल निगम की देखरेख में तैयार करनपुरा जल प्रदाय योजना बडवारा विकासखंड के 47 गांवों की 46 हजार 450 लोगों की आबादी के लिए जीवनदायिनी साबित हो रही है। पहले इन सभी गांवों में गर्मियों की शुरुआत से ही पानी की समस्या से जूझना पड़ता था।

### इन गांवों को मिल रहा पानी

करनपुरा जल प्रदाय योजना से कटनी जिले के 47 गांवों को पानी की आपूर्ति की जा रही है। इनमें रोहनिया सरई, बैरागी, लखाखेरा, धनवारा बजरवारा, पटना, विलायत कला, रमगढ़ा, पिपरिया, चपानी, पौड़ी, बड़वारा कला, उमरिया, मानपुर, रुपौंध, गोपालपुर, बदरी, बहेड़ी खुर्द, बहेड़ी कला, बहेड़ी, भदावर, गुड़ा कला, सांधी, बम्होरी, सलैया, लोखन, विलायत खुर्द, पथवारी, टिकरिया, बिजौरी सुनारी, कोदो, आमाटोला, भानपुरा, झरेला, लोहरवाड़ा, लदहर, इमलिया, बम्होरी सलैया, खरहटा, देवरी, सकरीगढ़, करुआकापा, कुम्हरवाड़ा और गणेशपुर गांव शामिल है।

### भींगते हुए किया निरीक्षण

कलेक्टर ने समीक्षा बैठक के बाद करनपुरा जल प्रदाय प्लांट के नजदीक ही 175फुट ऊंची बिजौरी पहाड़ी में बनी 720 किलो लीटर क्षमता की मास्टर बैलेंसिंग रिजर्वायर टंकी से गुरुत्वाकर्षण के नियम के तहत गांवों की 54 पानी की टंकियों में पानी आपूर्ति की प्रक्रिया को देख ही रहे थे कि अचानक बेमौसम झमाझम बारिश शुरू हो गई। कलेक्टर ने पूरी जलप्रदाय व्यवस्था को झमाझम पानी में भींगते हुए ही देखा। कलेक्टर ने करनपुरा जल प्रदाय प्लांट और यहां छोटी महानदी से पानी मोटर पंपों द्वारा खींच कर प्लांट तक लाने की समूची प्रक्रिया का निरीक्षण तेज बारिश के बीच भींगते हुए ही किया। इस दौरान हुई बारिश से कलेक्टर पूरी तरह भींग चुके थे।

### मानसिक रूप से कमजोर महिला को पुलिस ने सुरक्षित घर पहुंचाया

**कटनी।** शहर के जगन्नाथ चौक में एक मानसिक रूप से कमजोर महिला को पुलिस ने सुरक्षित घर पहुंचाया। जानकारी के अनुसार जगन्नाथ चौक में यातायात कर्मी ने महिला को अकेला बैठा देख पहले तो उसे वहां बैठने के संबंध में पूछताछ करने का प्रयास किया। लेकिन मानसिक रूप से कमजोर महिला ने कोई उचित जवाब नहीं दिया। पुलिस के अनुसार गर्भवती महिला रामकली बर्मन जिसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है, बुधवार रात्रि लगभग 12 बजे चांडक चौक में जगन्नाथ मंदिर के सामने बैठी हुई थी। जिसे आरक्षक योगेंद्र सिंह ने घर लौटते समय देखा। आरक्षक ने आसपास पूछा तो एक व्यक्ति जिसका नाम दीपक गुप्ता निवासी झर्रा टिकुरिया का उसने बताया कि मैं इस महिला को पहचानता हूं यह महिला मझगवा फाटक के पीछे रहती है। आधी रात यातायात आरक्षक अपने साथी कोतवाली थाने के आरक्षक बुधराज को साथ लेकर महिला के घर पहुंचा और महिला के भाई अमित बर्मन को साथ लाया। दोनों ही आरक्षकों के द्वारा विधिवत कार्यवाही करते हुए उक्त महिला को उसके भाई अमित के सुपुर्द किया गया।

**नकदी एवं अधिक दाम मिलने से केन्द्र नहीं पहुंच रहे किसान**

## 1120 किसानों ने गेहूं विक्रय के लिए कराया पंजीयन, 83 ही केन्द्र में पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा



किसानों ने समर्थन मूल्य पर गेंहू बेचने के लिए पंजीयन करवाया था लेकिन शासन द्वारा निर्धारित मूल्य से अन्नदाता सन्तुष्ट नही हैं जिसके चलते खरीदी केंद्रों में सन्नाटा पसरा नजर आ रहा है। बड़वारा उपार्जन केंद्र के खरीदी प्रभारी अमित तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि गेहूं खरीदी 29 मार्च से प्रारंभ होने था किंतु शादी विवाह का सीजन होने व कृषि लेट होने के कारण किसान खरीदी केंद्र 01 अप्रैल 2024 से पहुंचना शुरू किए तब खरीदी कार्य प्राम्भ हुआ। दिनांक 09,05,2024 तक 83 किसानों से चार हजार क्विंटल गेहूं की खरीदी हुई है। जबकि 1120 किसानों ने गेहूं विक्रय कराने करने के लिए अपना पंजीयन करवाया है। मंडी में ठीक मिल रहे दाम,वही व्यापारी को विक्रय कर रहे किसान-वर्तमान मे वर्ष की तीसरी फसल की बोवनी के साथ व शादी-विवाह के लिए किसानों को रुपयों की आवश्यकता थी।जिस कारण कृषक व्यापारियों को 2200 से लेकर 2300 रुपये मैं नगद देकर अपनी व्यवस्था करने मे जुटे है। वही गेहूं के दाम किसान को मंडी में भी मिल रहे हैं। वर्तमान में मंडी में गेहूं के दाम 2200 से 2300 रुपए क्विंटल बिक रहा है।

जबकि समर्थन मूल्य पर 2275 रुपए प्रति क्विंटल के साथ 125 रुपये का बोनस भी राज्य सरकार द्वारा अन्नदाता को दिए जाएंगे इसके बावजूद भी अन्नदाता व्यापारियों को अपने गेहूं को 2200 से 2300 रुपये में नगद विक्रय करने में ही सहूलियत समझ रहा है। किसान अपनी फसल व्यापारी को ही बेचकर सीधे नगद राशि ले लेता है।

### 20 मई तक होगी खरीदी

समर्थन मूल्य पर गेंहू विक्रय की अंतिम तिथि 20 मई 2024 है। अभी वर्तमान में उपार्जन केंद्रों में किसानों के द्वारा अपने गेहूं को विक्रय के लिए नही लाने से उपार्जन केंद्रों में सन्नाटा फैला है।

## महाविद्यालय में मार्गदर्शन व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन




विजयराघवगढ़ के शासकीय महाविद्यालय मे अग्निवीर सेना भर्ती हेतु आवश्यक मार्गदर्शन व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।जिसमे श्रीमती ज्योति ताम्रकार विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना प्रभारी ने बताया कि अग्निपथ अग्नि वीर योजना भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है जिसका उद्देश्य भारतीय सशस्त्र बलों में युवाओं की प्रतिभागिता बढ़ाना है। ताकि युवा देश सेवा में अपना महत्वपूर्ण योगदान कर सकें| केंद्र सरकार ने तीनों सैन्य सेवाओं की भर्ती( थल सेना , नौ सेना और वायु सेना) में नए सैनिकों की भर्ती के लिए अभी प्रेरित युवाओं को चार वर्ष की अवधि के लिए सशस्त्र बलों में अपनी सेवाएं देने का अवसर दिया जाएगा जिसमें अग्निबीर बनने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता शारीरिक मापदंड के अतिरिक्त ,सेवा शर्तो , वेतन एवं प्राप्त होने वाली अन्य सुविधाओं की जानकारी छात्र-छात्राओं को प्रदान की गई साथ ही उन्हें प्रोत्साहित भी किया गया|कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ सुषमा श्रीवास्तव, डॉ अरुण कुमार, डॉ श्रीमती सुमन पुरवार, धीरज डिकोनिया एवं महाविद्यालय का स्टाफ एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे

**भ्रमण के दौरान मिले संदेहियों की ली खबर, सबक सिखाने लगवाई उठक बैठक**

## थाना प्रभारी ने सदलबल इंदिरानगर क्षेत्र का किया भ्रमण, तत्वों में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर कुठला पुलिस ने दलबल इंदिरानगर क्षेत्र में पैदल गश्त किया। थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया कि इंदिरा नगर क्षेत्र में आम जनों की सुविधा और सुरक्षा को देखते हुए साथ ही इस क्षेत्र के आपराधिक तत्वों के हौसले को तोड़ने के लिए क्षेत्र में समय-समय पर पैदल गस्त करके परिस्थितियों का जायजा लिया जाता है। पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के द्वारा क्षेत्र की शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिए गए निर्देशों के क्रम में इस तरह की कार्यवाही को अंजाम दिया जाता है जिस समय कुठला पुलिस इंदिरा नगर क्षेत्र में पैदल गस्त कर रही थी उस दौरान गस्त करते हुए पुलिस बल के द्वारा रास्ते में मिले संदेहियों की तलाशी लेते हुए उनसे बेवजह घूमने के संबंध में पूछताछ की गई। इसी दौरान कुछ युवक पुलिस को देख पतली गली पकड़ कर भागने का प्रयास करने लगे। जिन्हें पुलिस के द्वारा पकड़ कर सख्त लहजे में पूछताछ की गई। पुलिस को देखकर भागने वाले संदेही युवकों को सबक सिखाने के लिए कुठला थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने उठक बैठक लगवाई। थाना प्रभारी के द्वारा संदेशों को सख्त लहजे में हिदायत भी दी गई। इस दौरान कुठला थाने का बाल बड़ी संख्या में मौजूद रहा।

**दो हेक्टेयर से अधिक भूमि देने की प्रक्रिया लगभग ओके**

## सालों पुराने रेस्ट हाउस के बहुरेंगे दिन, रोजगार के भी बढ़ेंगे अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बरही क्षेत्र के खितौली वन रेंज में जल संसाधन विभाग के वर्षों पुराने रेस्ट हाउस के दिन जल्द ही बदलेंगे। यहां पर पर्यटकों का आना-जाना बढ़ेगा और रोजगार अवसर भी युवाओं को मिलेंगे। जर्जर हो चुके रेस्ट हाउस का भवन प्रकृति की गोद में खितौली डेम के बगल में बना है और पर्यटन विभाग ने उसे रिसोर्ट में परिवर्तित करने के साथ ही अन्य सुविधाएं देने के लिए जिला प्रशासन ने रेस्ट हाउस भवन सहित आसपास की भूमि की मांग की थी।

टूरिज्म विभाग को दो हेक्टेयर से अधिक भूमि देने की प्रक्रिया लगभग पूर्ण हो चुकी है और लोकसभा चुनाव के बाद कार्रवाई आगे बढ़ेगी। जिसके बाद पर्यटन विभाग रेस्ट हाउस में नए निर्माण का कार्य प्रारंभ कर सकता है। जिसमें पर्यटकों के ठहरने, रेस्टारेंट सहित आसपास के क्षेत्र को सुंदर बनाने का कार्य कराया जाएगा।

रेस्ट हाउस को रिसोर्ट में बदलने के साथ अन्य सुविधाओं के लिए जिला प्रशासन से पर्यटन विभाग ने पत्र लिखकर भूमि के आवंटन की मांग की थी। जिसपर जिला प्रशासन ने जल संसाधन विभाग से अनापत्ति लेने के साथ ही विजयराघवगढ़ व बरही तहसीलदार से प्रतिवेदन मांगा था। दोनों ही तहसील न्यायालयों ने इश्तहार का प्रकाशन करते हुए प्रतिवेदन कलेक्टर न्यायालय को भेज दिया है। रेस्ट हाउस के आसपास 5.40 हेक्टेयर भूमि खाली पड़ी है। जिसमें से 2.40 हेक्टेयर भूमि के आवंटन की प्रक्रिया पूर्ण कर दी गई है और जल्द ही उसे पर्यटन विभाग को सौंप दिया जाएगा। 2.40 हेक्टेयर भूमि में पुराना रेस्ट हाउस बना है और उसके साथ कुछ भूमि खाली पड़ी है। जिसमें पर्यटन विभाग निर्माण कार्य कराएगा।

बांधवगढ़ की सीमा से लगे खितौली सहित उसके आसपास के गांवों में बाघों की चहलकदमी साल भर रहती है। प्रकृति के बीच बने रेस्ट हाउस का कलेक्टर अवि प्रसाद ने एक साल पूर्व भ्रमण किया था और स्थल की सुंदरता और बगल में ही खितौली का पुराना डेम होने के कारण जलसंसाधन विभाग से रेस्ट हाउस में सुधार कराने के निर्देश दिए थे। जिसमें विभाग ने कुछ सुधार कार्य कराते हुए उसका रंगरोगन भी कराया था। सुरक्षा के इंतजाम न होने से लोग रेस्ट हाउस की सामग्री निकालकर ले जाते हैं और इसके चलते भी उसे पर्यटन विभाग को सौंपा जा रहा है।

खितौली रेस्ट हाउस में पर्यटकों की सुविधा देने के उद्देश्य से पर्यटन विभाग भोपाल की टीम भी एक बार भ्रमण कर चुकी है। लगभग चार साल पूर्व विभाग के दो अधिकारियों ने खितौली रेस्ट हाउस के साथ ही विजयराघवगढ़ के किले का भी भ्रमण किया था और दोनों को जिला प्रशासन से मांगा था। जिसमें विजयराघवगढ़ किले को हेरीटेज बनाने का प्रस्ताव बनाया गया था तो खितौली रेस्ट हाउस में रेस्टारेंट व ठहरने की सुविधा देने का प्रस्ताव था। बाद में किले को हेरीटेज बनाने में आपत्ति आने के बाद उसका प्रस्ताव अभी तक अधर में है।

इस संबंध में कलेक्टर अवि प्रसाद ने बताया कि पर्यटन विभाग ने खितौली रेस्ट हाउस में पर्यटकों की सुविधा के लिए निर्माण करने के लिए भूमि मांगी है। जिसमें आवश्यक कार्रवाई पूर्ण कराई गई है। विभाग को भूमि का आवंटन किया जाएगा ताकि जिले में लोगों को सुविधा मिल सकें और आसपास के लोगों को रोजगार मिले।

**बीते दो दिनों से मौसम का मिजाज बिगड़ा, शाम के समय आंधी**

## झमाझम बारिश से मौसम हुआ सुहाना, उमस से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



बीते दो दिनों से आसमान में छाये बादल के बीच गुरूवार की शाम एक बार फिर तेज आंधी के बाद झमाझम बारिश के कारण क्षेत्र का मौसम सुहाना हो गया है। लोगों को भीषण गर्मी से काफी हद तक राहत मिली है। भीषण गर्मी के बीच हुई बेमौसम बारिश ने थोड़ी राहत पहुंचाई है। बीते दो दिनों से अचानक मौसम बदला नजर आ रहा है। मौसम विभाग द्वारा पूर्व में बताया गया था कि दो तीन दिनों तक मौसम ऐसा ही रहेगा। गुरूवार को दिन के समय कुछ समय तक धूप निकली लेकिन दोपहर बाद आसमान में बादल छाए गए जिससे मौसम सुहाना रहा। बारिश और बादलों की वजह से तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। बारिश से लोगों के चेहरे भी खिल उठे हैं।

### मौसम हुआ ठंडा ठंडा

ठंडी हवा के साथ काले बादलों ने आसमान में डेरा डाल रखा है। इससे पूर्व भी बुधवार की शाम तेज आंधी और हल्की बारिश हुई थी। गुरूवार सुबह को मौसम कुछ समय तक साफ नजर आया और लेकिन दोपहर चार बजे के बाद देखते ही देखते तेज असमान में बादल मंडराने लगे इसके साथ-साथ बिजली की चमक के बीच बादल बरसने लगे। बारिश ने मौसम खुशनुमा कर दिया। बारिश को देखकर ऐसा प्रतीत हुआ जैसे प्री मानसून की दस्तक हो गई हो। पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी पर लगाम लगी और झमाझम बारिश होने लगी क्षेत्र में दिनभर आसमान में बादल छाए रहे और हवाएं चलती रही जिससे लोगों को भीषण गर्मी में राहत मिली।

बता दें कि कुछ दिन पहले क्षेत्र का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस चल रहा था, लेकिन बारिश के कारण तापमान में काफी गिरावट आई है। दिन के समय धूप निकलती है और फिर शाम को बारिस होने लगती है। वहीं हवा में नमी व आसमान में बादलों की आवाजाही होने के कारण उतनी तपिश नहीं रही, जो अन्य दिनों में थी। बारिश ने आम जनमानस को जहां भीषण गर्मी से राहत पहुंचाई मौसम विभाग के अनुसार आने वाले कुछ दिनों तक लगातार बारिश होती रहेंगी ।

### फसलों को मिला पानी

किसानों का कहना है कि इस बारिश से खेतों में लगी उड़द, मूंग सहित सब्जी को काफी लाभ हुआ है। तेज गर्मी की वजह से फसल को हर सप्ताह पानी की जरूरत पड़ती है लेकिन इस बारिश के बाद कुछ राहत मिलेगी। तेज आंधी तूफान से कुछ नुकसान भी हुआ। कहीं पेड़ की डाली गिर गई तो कहीं छप्पर व होर्डिंग उड़ गया।

## गौशालाओं में नहीं है पशुओं की कोई व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विजयराघवगढ़

क्षेत्र में निर्मित गौशालाओं में जहां शासन द्वारा पशुओं के लिए भुसा पानी एवम उनके रखरखाव के लिए प्रशासन द्वारा भेजी गई राशि से क्षेत्र से पहुचे पशुओं की कोई व्यवस्था नही होती है जिसके कारण वहा रहने वाले पशुओं की स्थिति गंभीर हो जाती है।वही क्षेत्र के कृषकों की माने तो कृषकों द्वारा रबी व खरीब की फसलो के उन्न शील बीज खरीद कर दवा खाद डालकर बोनी के उपरांत जब फसले तैयार हो जाती हैं। आवारा पशुओं से फसलो का बहुत नुकसान होता है।

संगठित किसान उक्त आवारा पशुओं को गोशाला भेजने के लिए पहुंचने पर जबाबदार द्वारा या तो रखने से इंकार कर दिया जाता है या उनके खानपान की व्यवस्था का हवाला देकर चलता कर दिया जाता है। गौशालाओं में अक्सर देखा जाता है कि कि वहा रहने वाले पशु खान पान के अभाव में मरणासन्न स्थिति में रहते हैं।

### लगाये गए आरोप

नगर परिषद कार्यालय में आवारा पशुओं को एकत्र कर गोशाला भेजने हेतु वाहन की खरीदी की गई है ।किंतु उक्त वाहन द्वारा कृषक पशु आवारा पशुओं को गोशाला भेजने के लिए जबाबदार द्वारा डीजल के लिए रूपयो की मांग की जाती है या वाहन खराब बताया जाता है। स्थानीय कृषक गंगाराम चौधरी रमेश चौधरी हंसराज सिंह श्याम लाल चौधरी मोहम्मद अबरार मोहम्मद नजरुल नंदा चौधरी रामलाल चौधरी जियालाल चौधरी सोनेलाल साहू कल्लू साहू ने बताया कि कृषकों के उपयोग में उक्त वाहन का कोई उपयोग नहीं हो पाता ।

# देवास में भाजपा-कांग्रेस के प्रत्याशी शहर से दूर, ग्रामीण क्षेत्र में झोंक रखी ताकत

बनते-बिगड़ते समीकरण

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मालवा अंचल की देवास लोकसभा सीट में भाजपा के महेंद्र सिंह सोलंकी और कांग्रेस के राजेंद्र मालवीय के बीच मुकाबला हो रहा है। दोनों बलाई समाज से हैं। खास बात यह है कि दोनों प्रत्याशी शहरी क्षेत्रों में कम ध्यान दे रहे हैं। दोनों का फोकस ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा है। कांग्रेस के मालवीय तो प्रचार के लिए देवास शहर में आए ही नहीं। कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता भी प्रचार करते नजर नहीं आए। भाजपा की ओर से नेता और कार्यकर्ता तो घूम रहे हैं लेकिन प्रत्याशी सोलंकी उनके साथ दिखाई नहीं पड़ते। इनका फोकस भी ग्रामीण क्षेत्रों में ही ज्यादा है। बताते हैं कि भाजपा ने मान लिया है कि शहर का वोट तो उसका ही है, इसलिए ग्रामीण क्षेत्र में फोकस है। दूसरी तरफ कांग्रेस शहरों में इसलिए ध्यान नहीं दे रही क्योंकि यहां से उसे ज्यादा उम्मीद नहीं है। ग्रामीण क्षेत्र में कांग्रेस का फोकस मुस्लिम और बलाई समाज पर ज्यादा है। इनसे पार्टी को ज्यादा उम्मीद है।

## कांग्रेस के लिए गुर्जरों को साधने आए सचिन पायलट

### प्रचार के लिए नहीं आया भाजपा का कोई बड़ा

### देवास से परहेज कर रहे दोनों दलों के बड़े नेता





देवास सीट के लिए चौथे चरण में 13 मई को मतदान होना है। इस लिहाज से प्रचार अभियान अंतिम चरण में है। बावजूद इसके भाजपा और कांग्रेस के स्टार प्रचारकों ने देवास क्षेत्र से दूरी बना कर रखी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित भाजपा का एक भी नेता अब तक देवास में सभा लेने या रोड शो करने नहीं आया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज ही एक दौरा कर गए हैं। कांग्रेस के भी शीर्ष नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे में से कोई नहीं आया। एक दिन सचिन पायलट जरूर आए और सोनकच्छ में सभा ले कर चले गए। पायलट को गुर्जर समाज के मतदाताओं को साधने के लिए बुलाया गया था।

## पूर्व विधायक कुणाल, विपिन ने क्षेत्र में दिया कम समय

### कांग्रेस के पूर्व विधायक चौधरी और वानखेड़े ने क्षेत्र में दिया कम समय

*कांग्रेस के दो पूर्व विधायक कुणाल चौधरी और विपिन वानखेड़े की चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका है, लेकिन इन्होंने देवास के अपने विधानसभा क्षेत्रों में वैसा समय नहीं दिया जैसा देना चाहिए। इनकी रुचि प्रदेश का दौरा करने में ज्यादा रही। जबकि लोकसभा चुनाव में अपने विधान सभा क्षेत्रों में जीत दिला कर ये ताकत का अहसास करा सकते थे। जबकि कुणाल युकां और वानखेड़े भाराछासं के प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं। पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा जरूर अपनी पूरी टीम के साथ प्रचार में जुटे हैं। हालांकि उनकी स्थानीय कांग्रेस नेताओं के साथ ज्यादा पटरी नहीं बैठती। दूसरी तरफ भाजपा सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी से विकास को लेकर नाराजगी है। उन्होंने देवास क्षेत्र के विकास के लिए कुछ नहीं किया। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार आदि के लिए देवास के लोगों को इंदौर की ओर देखना पड़ता है। एयरपोर्ट भी इंदौर में ही है। बावजूद इसके चूंकि सोलंकी अपनी छवि कट्टर हिंदू नेता की बना कर रखते हैं। मुस्लिमों को अपने मंच तक में पसंद नहीं करते। मुस्लिम पत्रकारों को भी इंटरटेन नहीं करते। इस कारण भाजपा का हर नेता और कार्यकर्ता उनका काम कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुरीद तो लोग हैं ही।*

## ब्राह्मणों का झुकाव भाजपा की ओर

देवास लोकसभा क्षेत्र के तहत आने वाली सभी 8 सीटों में भाजपा का कब्जा है। देवास सीट तीन जिलों को छूती है। ये जिले देवास के अलावा शाजापुर और सीहोर हैं। शाजापुर जिले की सबसे ज्यादा 4 विधानसभा सीटें आगर, शाजापुर, शुजालपुर और कालापीपल देवास क्षेत्र में हैं। सीहोर जिले की एक सीट आष्टा इसमें शामिल है। इसके अलावा देवास जिले की तीन विधानसभा सीटें सोनकच्छ, हाटपिपल्या और देवास इस लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा हैं। जहां तक सीट के राजनीतिक मिजाज का सवाल है तो आमतौर पर यहां भाजपा ही जीतती है। इससे क्षेत्र में भाजपा के दबदबे का पता चलता है। 2009 में एक ही बार कांग्रेस के सज्जन वर्मा जीते हैं, वर्ना लगातार भाजपा का कब्जा है। क्षेत्र में सबसे ज्यादा मतदाता बलाई समाज के हैं। इसे ध्यान में रखकर ही भाजपा-कांग्रेस ने इसी समाज के प्रत्याशी मैदान में उतारे हैं। दूसरे नंबर पर खाती और तीसरे नंबर पर ब्राह्मण मतदाताओं की संख्या बताई गई है। ब्राह्मणों का झुकाव भाजपा की ओर है, जबकि खाती समाज बंटा नजर आ रहा है।

## इंदौर की तुलना में देवास की उपेक्षा बना मुद्दा

*प्रारंभ से देवास में भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ रही है। अयोध्या में राम मंदिर का प्रचार हो रहा है। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा किए गए कार्य गिनाए जा रहे हैं। इसके विपरीत कांग्रेस अपने घोषणा पत्र के 5 न्याय और 24 गारंटियों का प्रचार कर रही है। कांग्रेस बता रही है कि विकास के मामले में इंदौर और दूसरे शहरों की तुलना में किस तरह देवास को उपेक्षित कर रखा गया है। हालांकि अब प्रचार अभियान पटरी से उतरता नजर आ रहा है। एक-दूसरे पर स्तरहीन और बे-सिर-पैर के आरोप लगाए जा रहे हैं। भाजपा- कांग्रेस के बड़े-बड़े नेता ऐसे आरोप लगा रहे हैं, जो लोगों के सिर के ऊपर से निकल रहे हैं। नेताओं के इस रवैए के कारण युवाओं और महिलाओं ने मतदान के प्रति बेरुखी दिखाई थी। देवास में भाजपा प्रत्याशी सोलंकी की कट्टर हिंदू नेता की छवि के कारण हिंदू-मुस्लिम के बीच ध्रुवीकरण के हालात बन रहे हैं।*

## खबर संक्षेप

### सरकार पर जनता का विश्वास बढ़ाः डॉ. महेन्द्र

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा चुनाव के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने बुधवार को मंदसौर व नीमच जिले के जनप्रतिनिधियों की बैठक की। इस दौरान उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विगत 10 वर्षा में जन हितैषी योजनाओं से सरकार पर जनता का विश्वास बढ़ा है और सरकार के पक्ष में देश में ऐतिहासिक वातावरण बना है। जनता के इस विश्वास को पोलिंग बूथ तक ले जाकर मत के रूप में परिवर्तित करवाना ही हम सभी कार्यकर्ताओं का दायित्व है।

### भाजपा ने महिलाओं को सशक्त कियाः अलका

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर ने बुधवार को रतलाम लोकसभा क्षेत्र के सैलाना स्थित ओसीन परिसर में महिला सम्मेलन को संबोधित किया। गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए अनेक कार्य किए हैं। घर-घर में नल का कनेक्शन और मुद्रा लोन ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया है। प्रधानमंत्री मोदी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूलमंत्र पर कार्य कर रहे हैं।

### छग व्यापमं की प्रवेश और पात्रता परीक्षाओं के तारीख में बदलाव

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए विभिन्न प्रवेश और पात्रता परिक्षाओं की परीक्षा तिथियों में एक बार संशोधन किया है। छग व्यावसायिक परीक्षा मंडल से प्राप्त जानकारी के अनुसार, अन्य केन्द्र स्तरीय परीक्षाओं की तिथि घोषित होने के परिणाम स्वरूप पीएटी और पीव्हीपीटी, बीएससी कृषि, बीएससी उद्यानिकी, पशुपालन में डिप्लोमा और मत्स्यिकी विज्ञान में डिप्लोमा, प्री बीए बीएड और प्री बीएससी बीएड की परीक्षाएं अब 9 जून को होगी।

## शर्मा ने नेपानगर, बुरहानपुर और खंडवा में किया कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित

# जनता की संपत्ति पर कांग्रेस को डालने नहीं दिया जाएगा डाका

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- कांग्रेस के घोषणा-पत्र में विरासत टैक्स*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने बुधवार को बुरहानपुर जिले के नेपानगर, बुरहानपुर और खंडवा जिले के खंडवा में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि लोकसभा का यह चुनाव साधारण चुनाव नहीं है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार ऐतिहासिक बहुमत से प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। आज किसान सम्मान निधि और लाड़ली बहना जैसी योजनाओं की पूरी राशि हितग्राहियों के खातों में आती है, एक रुपया भी दलालों या बिचैलियों के पास नहीं जाता।

देश में कहीं आतंकवादी घटनाएं नहीं होतीं और सारी दुनिया में भारत का मान-सम्मान बढ़ा है। कांग्रेस को देश की जनता की संपत्ति पर डाका नहीं डालने दिया जाएगा। देश को आतंकवाद और भ्रष्टाचार से मुक्त तथा विकसित भारत बनाने के लिए नरेंद्र मोदी का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना जरूरी है।




### कांग्रेस भी मान रही है भाजपा को जनता का आशीर्वाद मिल रहा

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश में अब तो कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष भी कह रहे हैं कि चुनाव में भाजपा को जनता का आशीर्वाद मिल रहा है। इसका मतलब पूरी तरह से स्पष्ट है कि कांग्रेस भी मान रही है कि इस लोकसभा चुनाव में भाजपा को जनता का आशीर्वाद मिलेगा। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में विरासत टैक्स है, वहीं हमारे संकल्प-पत्र में गरीबों का कल्याण, देश का विकास, गरीब, युवा, किसान और महिलाओं के सशक्तिकरण का पूरा खाका है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति देशभर के लोगों में अटूट विश्वास है।*

### देश को तोड़ने और बदनाम करने वाली ताकतों से सावधान रहें

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि देश को तोड़ने और बदनाम करने वाली ताकतों से सावधान रहें। इस चुनाव में ऐसी ताकतें भी सक्रिय हैं, जो देश को तोड़ना चाहती हैं, बदनाम करना चाहती हैं, तुष्टिकरण की राजनीति करना चाहती हैं। कांग्रेस अंग्रेजों की मानसिकता को भारत में ला रही है और कह रही है कि पुरखों की संपति, दादी-नानी के गहनों में से सिर्फ 25 प्रतिशत आपका, बाकी सरकार का। क्या हमारी माता-बहनें अपने गहनों पर डाका डालने देंगी? कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं का अपमान किया है। कांग्रेस ने कई जगहों से मैदान छोड़ दिया है। कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति के कारण रोज खत्म हो रही है।*

### कांग्रेसियों ने ली भाजपा की सदस्यता

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के समक्ष खण्डवा में कांग्रेस के पूर्व शहर अध्यक्ष इन्दू पंवार, सुमिन्दर सिंह होरा, चरणजीत सिंह, सिमरत सिंह बग्गा एवं नेपानगर में सम्मेलन के दौरान कांग्रेस के नेपानगर के पूर्व नगर अध्यक्ष हेमन्त सिद्धवानी, महिला मंगला पाटील, एड. सुनिल सोनवने, दरयाव पटेल, इमरीक साइमन सहित 30 अधिक कांग्रेस के नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर भाजपा में स्वागत किया।*

### धूनी वाले दादा की पूजा-अर्चना की

*भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने बुधवार को खंडवा में धूनी वाले दादा धाम पहुंचकर पूजन-अर्चन कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि के लिए कामना की। इस दौरान पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल, पूर्व विधायक देवेन्द्र वर्मा भी साथ रहे।*

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने इंदौर में पत्रकार वार्ता को किया संबोधित**

### कांग्रेस रसातल की ओर जा रही है और जीतू समापन की ओर बढ़ रहे

कांग्रेस रसातल की ओर जा रही है और मध्यप्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी कांग्रेस के समापन की ओर बढ़ रहे हैं। जीतू पटवारी ने नोटा को वोट देने की अपील करके यह स्वीकार कर लिया है कि मध्यप्रदेश सहित देशभर की जनता का भरोसा कांग्रेस पार्टी से पूरी तरह से उठ चुका है। मध्यप्रदेश और देश की जनता अब कांग्रेस पार्टी को वोट नहीं देने वाली, इसलिए वे नोटा का बटन दबाने की बात कह रहे हैं। यह बात बुधवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने इंदौर में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कही। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि खजुराहो और इंदौर सहित देश की कई सीटों पर अपने प्रत्याशी तक खड़ा नहीं कर पाने वाली कांग्रेस पार्टी समाप्त होने की कगार पर पहुंच चुके हैं। जीतू पटवारी का बयान मध्यप्रदेश की साढे 8 करोड़ की जनता का अपमान है।

### पित्रोदा का बयान भारत की एकता, अखंडता व संप्रभुता पर हमला

*प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि मप्र सहित देश के कांग्रेस नेतृत्व में घोर निराशा व हताशा का माहौल बना हुआ है। यह अत्यंत दुर्भाग्यजनक है कि कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा जो बयान दे रहे हैं, वह भारत की एकता, अखंडता और संप्रभुता पर हमला है। मध्यप्रदेश प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष इंदौर में नोटा को वोट देने की अपील कर भारत के लोकतंत्र को कमजोर करना चाहते है।*

### कांग्रेस का सिक्का खोटा

प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि कांग्रेस अपने क्रियाकलापों के कारण देश में समाप्त हो रही है। नोटा को वोट देने की अपील लोकतंत्र को कमजोर करना है। कांग्रेस का सिक्का खोटा है, कांग्रेस उम्मीदवार नहीं दे पाई, इसलिए वह नोटा को मतदान करने की अपील कर रही है।

*दरभा थाना क्षेत्र के कापानार के पास हआ हादसा*

# तेज रफ्तार बोलेरो खाई में पलटी, एक की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

दरभा थाना क्षेत्र के कापानार के पास एक तेज रफ्तार बोलेरो पलट गई। बोलरो के पलटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं, अन्य लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

ग्रामीण आयतु मंडावी ने बताया कि बुधवार को लगभग 8.30 बजे घर के मंगल मंडावी, मुडे मंडावी, बुधराम मंडावी, मासे, बुधरी, मंगली, सुकडी और पिता गुड्डी व अन्य लोगों के साथ बोलेरो में बैठकर मरनी काम के लिए ग्राम चंद्रगिरि से कापानार जा रहे थे।

### चालक के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने का केस दर्ज

बोलेरो की रफ्तार तेज होने के कारण वह अनियंत्रित हो गई और खाई में पलट गई। इस दौरान बोलेरो में सवार सभी लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी दरभा में भर्ती कराया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान गुड्डी मंडावी की मौत हो गई। वहीं, अन्य लोगों का इलाज चल रहा है। घटना को लेकर मृतक गुड्डी मंडावी के बेटे आयतु ने चालक के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने का मुकदमा दर्ज कराया है।

### ट्रक की टक्कर से कंप्यूटर ऑपरेटर की मौत

**जगदलपुर।** परपा थाना क्षेत्र के 5वीं बटालियन में अपने पिता के साथ रहने वाला युवक गुरुवार की सुबह जब घर से अपने ऑफिस जाने के लिए निकला था, तभी अचानक जगदलपुर से केशलूर की ओर आ रही एक तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी सवार युवक को अपने चपेट में ले लिया। हादसे में घायल युवक को उपचार ले लिए मेकाज ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही घर में मातम छा गया। वहीं, परिजनों के रिपोर्ट पर ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है।

परपा पुलिस ने बताया कि 5वीं बटालियन क्वार्टर नंबर आर4 में रहने वाला खेमसिंह पटेल (37) पुत्र लोकनाथ पटेल कुम्हारपारा वन विभाग कार्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर पदस्थ था। रोजाना की तरह गुरुवार की सुबह स्कूटी लेकर कुम्हारपारा स्थित वन विभाग कार्यालय जा रहा था, तभी मारुति सुजुकी शोरूम के सामने जगदलपुर की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार ट्रक चालक ने टक्कर मार दी। इस घटना में युवक को गंभीर चोट आई, जिसे आसपास के लोगों ने बेहतर उपचार के लिए मेकाज में भर्ती कराया। लेकिन गंभीर चोट लगने के कारण युवक ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। वहीं, शव का पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सौंप देने की बात कही।

## किसानों की फसलों को भी किया बर्बाद

# तेंदुपत्ता तोड़ने गए बुजुर्ग ग्रामीण को हाथी ने कुचलकर मार डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

छाल थाना क्षेत्र के भलमुडी गांव निवासी सुबरन राठिया पुत्र बुद्धुराम राठिया बुधवार की सुबह तेंदुपत्ता तोड़ने जंगल गया हुआ था। जहां से रात तक वापस घर नहीं लौटा। गुरुवार सुबह जब गांव के लोग उसे खोजते हुए जंगल की ओर पहुंचे, तब उन्हें सुबरन की लाश मिली।

ग्रामीणों के अनुसार, तेंदुपत्ता तोड़ने के दौरान सुबरन का छाल वन परिक्षेत्र के आरएफ 519 औरानारा में हाथी से सामना हो गया। इसके बाद हाथी ने कुचलकर सुबरन को मौत के घाट उतार दिया।



घटना की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोग गर्मी के दिनों में कुछ पैसे कमाने के लिए हाथी प्रभावित जंगलों में हाथी की मौजूदगी की जानकारी होने के बावजूद तेंदुपत्ता तोड़ने जाते हैं।

### आठ किसानों की फसल को नुकसान

*धरमजयगढ़ वन मंडल में अलग-अलग दल में विचरण कर रहे हाथियों ने बीती रात नौ किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया है। जिसमें छाल के हाटी, खर्रा, कीदा पुरूंगा, गेरवानी में पांच किसानों की धान की फसल, बनहर में एक किसान की धान की फसल, खडगांव में एक किसान की धान की फसल के अलावा बरतापाली में एक किसान की धान की फसल शामिल है।वन विभाग के अनुसार इन दिनों रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ वन मंडल में 127 हाथी अलग-अलग दल में विचरण कर रहे हैं।*

## छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल 10वीं और 12वीं बोर्ड के रिजल्ट जारी किए

# बोर्ड परीक्षाओं में लड़कियों ने मारी बाजी, 12वीं में 80.74 और 10वीं का 75.64 प्रतिशत रहा रिजल्ट

## 10वीं बोर्ड परीक्षा में जशपुर की सिमरन सब्बा ने 99.50 प्रतिशत अंक प्राप्त किए

## 12वीं बोर्ड परीक्षा में सराईपाली की महक अग्रवाल को 97.40 प्रतिशत अंक मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने आज गुरुवार को 10वीं और 12वीं बोर्ड के रिजल्ट जारी कर दिये हैं। हाईस्कूल परीक्षा में 75.61 प्रतिशत और हायर सेकंडरी परीक्षा में 80.74 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण रहे। कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा के टॉप -10 में कुल 59 विद्यार्थी और बारहवीं बोर्ड परीक्षा की मैरिट लिस्ट के टॉप-10 में 20 विद्यार्थी हैं। 10वीं बोर्ड परीक्षा के मैरिट लिस्ट में स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम जशपुर की सिमरन सब्बा ने 99.50 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान, सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकंडरी स्कूल कोपरा जिला गरियाबंद की होनिशा ने 98.83 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।


इसी प्रकार कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा के मैरिट




लिस्ट में इवास वूडलैंड अंग्रेजी माध्यम हायर सेकंडरी स्कूल सराईपाली जिला की महक अग्रवाल ने 97.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम और स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट योजना अंतर्गत गुरु घासीदास शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल जिला बलौदा-बाजार की कोपल अम्बष्ट ने 97 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

### 2 लाख 57 हजार 72 छात्र उत्तीर्ण

माशिमं की अध्यक्ष रेणु पिल्ले ने कहा कि असफलता ही सफलता की सीढ़ी है इसे ध्यान रखते हुये जो परीक्षार्थी असफल हुए हैं, वे निराश न हो। दोबारा अच्छी पढ़ाई करके परीक्षा में शामिल हो, सफलता जरूर मिलेगी। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हाईस्कूल सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा वर्ष 2024 में 3 लाख 45 हजार 686 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए। इनमें से 3 लाख 40 हजार 220 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से 3 लाख 39 हजार 994 परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम घोषित किये गए। घोषित परीक्षा परिणाम में से उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या 2 लाख 57 हजार 072 है। इस प्रकार 75.61 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। इनमें उत्तीर्ण बालिकाओं का प्रतिशत 79.35 तथा बालकों का प्रतिशत 71.12 रहा। घोषित परीक्षा परिणाम में प्रथम श्रेणी में 1 लाख 17 हजार 519 (34.56 प्रतिशत) है, द्वितीय श्रेणी में 1 लाख 23 हजार 386 (36.29 प्रतिशत) है तथा तृतीय श्रेणी में 16 हजार 165 (4.75 प्रतिशत) विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे। पास श्रेणी में 02 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं, जबकि 19 हजार 012 परीक्षार्थियों को पूरक की पात्रता मिली है। विभिन्न कारणों से 226 परीक्षार्थियों के परिणाम रोके गए हैं, जिनमें 15 परीक्षार्थियों के परिणाम नकल प्रकरण के कारण रोके गए हैं तथा 205 परीक्षार्थी का पात्रता के अभाव में परीक्षा आवेदन निरस्त किए गए हैं तथा 06 परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम जांच की श्रेणी में रोका गया है।



### दूसरे दिन भी ईओडब्ल्यू और एसीबी की कार्रवाई जारी, सौरभ चंद्राकर के घर भी पहुंची टीम

**दुर्ग।** लोकसभा चुनाव के बाद लगातार दूसरे दिन भी ईओडब्ल्यू और एसीबी की टीम की छापेमारी जारी है। गुरुवार अलसुबह सर्राफा व्यापारी सुनील जैन के दुर्ग श्री शिवम मॉल स्थित सहेली ज्वेलर्स व राजेंद्र जैन के सुपेला स्थित सहेली ज्वेलर्स के साथ प्रकाश सांखला के सुपेला स्थित सांखला ज्वेलर्स और उसके भाई शेषमल सांखला के महावीर कॉलोनी स्थित निवासी और महादेव ऑनलाइन सट्टा के संचालक सौरभ चंद्राकर के चाचा दिलीप चंद्राकर के सूर्या विहार के मकान पर ईओडब्ल्यू और एसीबी की टीम पहुंची। सभी जगहों पर टीम की जांच जारी है। महादेव ऑनलाइन सट्टा एप से जुड़े मामलों पर एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम ने दुर्ग के सहेली ज्वेलर्स और अलंकार ज्वेलर्स पर भी दबिश दी है। बताया जा रहा है कि चार गाड़ियों में डीएसपी स्तर के अधिकारी समेत 12 से अधिक अधिकारियों की टीम यहां पहुंची और छानबीन की जा रही है।

## पतंजलि योगपीठ में "गर्भ संस्कार संतति सृजन" पर आयोजित की गई राष्ट्रीय कार्यशाला

# गर्भ संस्कार आयुर्वेद जीवन की प्रतिकूलता और भौतिकता के समक्ष एक दिव्य शस्त्र: स्वामी रामदेव

- माता-पिता और गुरुजन हमारी गति को अधिक गतिवान बनाते हैं : आचार्य बालकृष्ण जी
- आज आयुर्वेद को विज्ञान मानकर डाटा एकत्रित करने की आवश्यकता है : डॉ. (प्रो.) कल्पना शर्मा
- ऐसी कार्यशालाएँ जीवन को समग्रता से जीने की सकारात्मक दृष्टि प्रदान करती हैं : गिरीश केजे

**हरिद्वार**। पतंजलि आयुर्वेद कॉलेज एवं हॉस्पिटल, पतंजलि अनुसंधान और पतंजलि विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में "गर्भ संस्कार" आधारित एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला "संतति सृजनम्" का आयोजन पतंजलि विश्वविद्यालय के सभागार में हुआ। कार्यशाला का उद्घाटन स्वामी रामदेव, आयुर्वेद शिरोमणि आचार्य बालकृष्ण एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. (प्रो.) कल्पना शर्मा को उनके आयुर्वेद के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' प्रदान किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वामी रामदेव महाराज ने कहा कि भारत भूमि गौरवशाली आदर्श माताओं से सुसमृद्ध है, इनमें जीजाबाई, पुतलीबाई, मदालसा, सीता ऐसी माताएँ रही हैं जिन्होंने सुसंस्कारित सन्तान को आकार दिया, आज भारत भूमि को ऐसी ही संततियों की आवश्यकता है। एक माँ विपरीत परिस्थितियों में भी अपने अथक प्रयासों से सुसंस्कारित नागरिकों का सृजन करती है।

कार्यक्रम में आचार्य बालकृष्ण जी ने मातृत्व की महिमा का उल्लेख करते हुए कहा कि वेदों और ग्रंथों में सोलह संस्कारों का वर्णन किया गया है जिनमें तीन संस्कार गर्भाधान, पुंसवन और सीमंतोन्नयन जन्म से पूर्व के है, उनका संयोजन भावी शिशु के माता-पिता द्वारा गर्भ की रक्षा-भावना से किया जाता है। यदि एक माँ स्वस्थ है तो ही वह स्वस्थ बालक को जन्म दे सकती है। भावी माता को अपने शिशु को कुपोषण से बचाने के लिए संतुलित भोजन, योग, ध्यान एवं चिंतन-मनन पर ध्यान देना आवश्यक है।



पतंजलि जड़ी-बूटी अनुसंधान की प्रमुख डॉ. वेदप्रिया आर्या ने वर्तमान में स्त्रियों में बढ़ रही पीसीओडी (पालीसिस्टिक ओवरी डिसिज) के कारण सामान्य प्रजनन चक्र अवरुद्ध होने पर चिंतन प्रस्तुत किया।

विशिष्ट वक्ता के रूप में डॉ. (प्रो.) कल्पना शर्मा ने कहा कि आयुर्वेद का प्रमुख उद्देश्य स्वास्थ्य को बनाए रखना, बीमारी की रोकथाम और इलाज करना है। आयुर्वेद वह संजीवनी है जो जीवन को आध्यात्मिक दृष्टि से अलौकिक शक्ति प्रदान करती है। पुरुष बीज–स्त्री बीज के तथ्यों में यह प्रकृति का सृजनम करते हैं जिससे सभ्यता का निर्माण होता है।

आयुर्वेदिक सिद्धांत वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ संभावनाओं पर आधारित बताया। एक व्यापक दृष्टिकोण में प्राचीन ज्ञान और आधुनिक विज्ञान दोनों का मिश्रण स्वस्थ जीवन की समग्रता में वृद्धि करता है। समारोह को संबोधित करते हुए आयुर्वेद कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल गिरीश केजे ने विभिन्न आयुर्वेदिक कॉलेजों द्वारा इस क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की। राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न शोधार्थियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुमन सिंह एवं डॉ. ग्रेसी सोकिया ने किया। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए प्रिंसिपल, आयुर्वेद कॉलेज, हरिद्वार के डॉक्टर अनिल कुमार ने कहा कि ऐसी व्याख्यानमालाएँ जीवन को समग्रता से जीने की नवीन दृष्टि प्रदान करती है। इस अवसर पर पतंजलि अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिक उपस्थित रहे।

## अकबर की सेना भी नहीं जीत पाई थी

# मेवाड़ में हैं दुनिया की दूसरी सबसे लंबी दीवार



**नई दिल्ली**। 36 किलोमीटर लंबी और 15 फीट चौड़ी कुंभलगढ़ की विशाल दीवार को ग्रेट चाइना वॉल के बाद दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी दीवार होने का खिताब मिला हुआ है।

- यहीं हुआ था महाराणा प्रताप का जन्म


इस दीवार का निर्माण महाराणा कुम्भा के समय कुंभलगढ़ दुर्ग निर्माण के साथ करवाया गया। इस किले को इसी दीवार की वजह से अकबर की सेना भी नहीं जीत पाई थी।

दुनिया की सबसे लंबी दीवारों की बात की जाए तो चीन की दीवार सबसे लंबी मानी जाती है। लेकिन जब भारत की बात आती है तो मेवाड़ के कुंभलगढ़ दुर्ग की दीवार दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी दीवार है। जब महाराणा कुंभा ने दुर्ग का निर्माण करवाया था तब इसके चारों तरफ एक विशेष दीवार बनवाई थी।

मेवाड़ के महाराणा कुंभा द्वारा बनवाई गई यह दीवार करीब 36 किलोमीटर लंबी है। महाराणा ने किले की सुरक्षा के लिए इस खास दीवार को बनवाया था। यह किला रिहायशी दुर्ग में से एक था, जहां सैकड़ों लोग रहते थे। 15 फीट चौड़ी इस दीवार के लिए कहा जाता है इसकी रक्षा करने के लिए दो घुड़ सवार एक साथ चक्कर लगाते थे। महाराणा कुंभ के इस किले को अकबर की सेना तक जीत नहीं पाई।

उदयपुर शहर से 80 किलोमीटर दूर स्थित कुंभलगढ़ दुर्ग देखने देसी विदेशी सेनानियों का तांता लगा रहता है। इस दुर्ग को 15वीं शताब्दी में महाराणा ने बनवाया था और इसे विश्व धरोहर में भी शामिल किया गया है। यहां पर कई जैन और हिंदू मंदिर इस दुर्ग में स्थित हैं।महाराणा प्रताप का जन्म भी इसी दुर्ग में हुआ था।

मेवाड़ के इस खास दुर्ग तक आसानी से टैक्सी के जरिए पहुंचा जा सकता है।पर्यटन विभाग की ओर से इस दुर्ग में हर वर्ष कुंभलगढ़ फेस्टिवल का आयोजन किया जाता है।इसमें कई विदेशी सैलानी आते हैं.



THAPAR INSTITUTE
OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
(Deemed to be University)

## डीम्ड यूनिवर्सिटी में प्रवेश प्रारंभ

**जबलपुर**। थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (डीम्ड यूनिवर्सिटी) में बीई/बीटेक एडमिशन 2024 के लिए एप्लीकेशन शुरू हो चुके हैं। ये एडमिशन जेईई मेन 2024 की आल इंडिया रैंक और 12वीं की पीसीएम मेरिट को ध्यान में रखकर दिए जा रहे हैं। लेटरल एंट्री एडमिशन 10वीं के बाद तीन साल का डिप्लोमा या 12वीं के बाद दो साल का डिप्लोमा करने वाले छात्रों को दिया जाता है। इन छात्रों के लिए न्यूनतम अंकों की आवश्यकता 60 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए 55 प्रतिशत) होती है। संस्थान की अलग अलग ब्रांच में 3 हजार से अधिक सीटें उपलब्ध है।

## विश्व थैलेसीमिया दिवस पर जागरुकता मुहिम चलाई



अहमदाबाद। मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल, अहमदाबाद ने विश्व थैलेसीमिया दिवस मनाया, जिसका आयोजन हर साल 8 मई को किया जाता है। इस साल की थीम 'जीवन को सशक्त बनाएँ, प्रगति से नाता जोड़ें: सभी के लिए समान और सुलभ थैलेसीमिया उपचार' है। थैलेसीमिया खून से संबंधित एक आनुवंशिक बीमारी है, जो शरीर में बनने वाले हीमोग्लोबिन की मात्रा में कमी की वजह से होता है। हीमोग्लोबिन एक तरह का प्रोटीन होता है जो पूरे शरीर में लाल रक्त कोशिकाओं में ऑक्सीजन ले जाने के लिए आवश्यक है, लेकिन खून से संबंधित इस आनुवंशिक बीमारी में शरीर में हीमोग्लोबिन के निर्माण की क्षमता घट जाती है। हीमोग्लोबिन की कमी की वजह से थकान, कमजोरी और इसी तरह के कई गंभीर लक्षण दिखाई देते हैं। थैलेसीमिया दो रूपों में प्रकट होता है: अल्फा और बीटा, जो क्रोमोसोम में मौजूद डीएनए में गड़बड़ी (उत्परिवर्तन) पर आधारित होता है। यह बीमारी माता-पिता से बच्चों में आती है।




## टीकेएम ने इनोवा क्रिस्टा जीएक्स प्लस पेश किया

**बैंगलोर**। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने इनोवा क्रिस्टा लाइनअप में नए ग्रेड, जीएक्स प्लस की शुरुआत की घोषणा की। ग्राहक केंद्रितता पर कंपनी के फोकस से प्रेरित होकर, नया ग्रेड उन्नत सुविधाओं का दावा करता है और इस प्रकार ग्राहक की प्राथमिकताओं के अनुरूप उत्कृष्टता प्रदान करने के लिए टीकेएम की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इनोवा क्रिस्टा लाइन-अप को पुनर्जीवित करते हुए, नई पेश की गई इनोवा क्रिस्टा जीएक्स प्लस ग्रेड 14 अतिरिक्त सुविधाओं से भरी हुई है, जो सामंजस्यपूर्ण रूप से कार्यात्मक और सौंदर्य संवर्द्धन का मिश्रण है और ड्राइविंग के समग्र अनुभव को बढ़ाती है।

## दुनिया के सबसे कमजोर शेर को देखकर टूरिस्ट रह गए सन्न



**लंदन**। सोशल मीडिया पर कई बार ऐसे वीडियोज वायरल होते हैं, जो हमें आश्चर्यचकित कर देते हैं। ऐसा ही एक वीडियो इन दिनों इंस्टाग्राम पर शेयर किया गया है, जिसे देखकर लोग हैरान हैं। आपने शेरों को गठिले बदन में देखा होगा। वे काफी मजबूत होते हैं और ऐसा लगता है कि कभी भी अपने शिकार को दबोच लेंगे। लेकिन इस वीडियो में आपको दुनिया का सबसे कमजोर शेर नजर आएगा। ऐसा लग रहा कि वह शेर नहीं, बल्कि मेमना हो। शेर शरीर से बेहद मजबूत होते हैं। उनकी बनावट ऐसी होती है कि वे लचीले रहें, लेकिन बेहद ताकतवर। उनका शरीर बाघों के मुकाबले काफी बड़ा और भारी होता है। शेर की लंबाई 10 फुट तक हो सकती है और वजन 250 किलोग्राम तक हो सकता है। धरती पर मौजूद ज्यादातर शेर अफ्रीका और भारत के जंगलों में पाए जाते हैं। ये किसी भी जानवर का शिकार करने की ताकत रखते हैं। कहते हैं कि वे इंसानों से लगभग 7 गुना ज्यादा ताकतवर होते हैं और 3 गुना ज्यादा दूर तक छलांग लगा सकते हैं।

## चंद्रमा पर अंतरिक्ष यात्री रह सकेंगे सेहतमंद



**लंदन**। आपने जरूर मेले में ऐसा 'कुआं' देखा होगा जो एक बड़ी बेलनाकार संरचना होती है। जिसमें गोल खड़ी दीवार पर मोटरसाइकिल या कार चलाई जाती हैं। इसी दीवार को मौत की दीवार कहते हैं और चंद्रमा पर जाने वाले अंतरिक्ष यात्रियों को इसी तरह की "मौत की दीवार"पर ट्रेनिंग दी जाएगी, जो उन्हें कमजोर स्थिति में चंद्रमा पर जाने से रोकेगी। गुरुत्वाकर्षण भार में अंतर का मतलब है कि चंद्रमा की सतह पर लंबे समय तक समय बिताने वाले अंतरिक्ष यात्रियों को फिट और स्वस्थ रहने के लिए अतिरिक्त तकनीक की आवश्यकता होगी। ऐसा करने का एक तरीका अंतरिक्ष यात्रियों को गतिशील रखने के लिए एक विशाल दीवार की संरचना करना है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि इस दुनिया से बाहर जाने वाले खोजकर्ता ज्यादा कमजोर न हो जाएं, इस संरचना का उपयोग अंतरिक्ष यात्रियों की फिटनेस को बनाए रखने के लिए किया जाएगा, क्योंकि वे कभी न खत्म होने वाली दीवार के साथ दौड़ेंगे। मिलान विश्वविद्यालय में फिजियोलॉजी के प्रोफेसर अल्बर्टो मिनेटी हैरान हैं कि अंतरिक्ष यात्री टीमों ने अभी तक चंद्रमा पर शारीरिक गतिविधि बनाए रखने की योजना पर विचार नहीं किया है। उन्होंने कहा कि उन्हें हैरत है कि पहले किसी को यह विचार नहीं आया था। यह चंद्रमा पर प्रशिक्षण का एक सुविधाजनक तरीका हो सकता है। दीवार का मतलब है कि पृथ्वी पर वापस आने वाले वैज्ञानिक एक आदर्श अंतरिक्ष यान पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं, जिसमें अंतरिक्ष यात्रियों को फिट रखने के लिए लगातार चलती दीवार की आवश्यकता नहीं होती है। पृथ्वी पर वॉल ऑफ डेथ के परीक्षणों से पता चला है कि उपकरण का उपयोग करते समय अंतरिक्ष यात्रियों को सीधा रहने के लिए संघर्ष करना पड़ता है, लेकिन कम गुरुत्वाकर्षण में उन्हें 8 मील प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ते हुए देखना चाहिए और गिरने का खतरा नहीं होना चाहिए।अंतरिक्ष यात्रियों को स्वस्थ स्थिति में रखने के लिए 'कृत्रिम गुरुत्वाकर्षण' का उपयोग करने का मतलब होगा कि चंद्रमा स्थित नासा के सदस्यों की हड्डियां स्वस्थ होंगी और मांसपेशियों की ताकत बनी रहेगी।

## हर रोज़ ट्रेन के आने का इंतज़ार करता है कुत्ता; ट्रेन ड्राइवर के साथ है कुत्ते की गहरी दोस्ती

**लंदन**। एक ट्रेन ड्राइवर और एक आवारा कुत्ते के बीच के रिश्ते को दिखाने वाला एक दिल छू लेने वाला वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है, जिससे लोगों के होठों पर मुस्कान आ गई है। वीडियो में एक आवारा कुत्ते को ट्रेन ड्राइवर का इंतजार करते हुए दिखाया गया है जो हर रोज़ उसे खाना खिलाता है। एक्स यूजर ने एक वीडियो साझा करते हुए लिखा, 'एक ट्रेन ड्राइवर ने स्टेशन पर इस कुत्ते को खाना दिया। कुत्ते को ट्रेन याद थी, और इंजीनियर नियमित रूप से भोजन लाता था। उनकी खुशी देखने लायक है।' उन्होंने आगे कहा, 'कोई हर इंसान को खुश नहीं कर सकता, लेकिन दयालुता हमेशा इंसान को खुश रखती है।' वीडियो की शुरुआत में एक शख्स को चलती ट्रेन के अंदर भोजन से भरी प्लेट पकड़े हुए दिखाया गया है। जैसे ही वीडियो आगे बढ़ता है।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

महालक्ष्मी फायनेंस
*महिलाओं को विशेष छूट
(सरकार द्वारा रजिस्टर)
1% ब्याज 50% छूट
सभी प्रकार की योजनाओं के द्वारा लोन ऑनलाईन पाएं
एजेंट आमंत्रित वेतन - 25,000/- प्रतिमाह + कमीशन
मार्कशीट | पर्सनल | बिजनेस
कृषि | होमलोन | प्रॉपर्टी
व्यवसाय | राशनकार्ड | आधारकार्ड
मुर्गीपालन | ईंटभट्टा | समूह लोन
नया रोजगार शुरु करने के लिए जनधन मुद्रा योजना के द्वारा 1 लाख से 50 लाख तक 24/48 घंटे में घर बैठे लोन
9917370725

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** — वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

**वृष** — आशा-निराशा के भाव रहेंगे। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। कारोबार में परिश्रम भी अधिक रहेगा।

**सिंह** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**तुला** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं।


**धनु** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

**मकर** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

**कुंभ** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। कुछ कठिनाइयां भी आ सकती है।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

## शब्द पहेली - 5506



**बाएँ से दाए-**
1. एक असुर जिसे शिव ने वरदान दिया था -4
4. दान देने वाला-4
7. सवारी गाड़ी-2
8. संख्या, रत्न-2
10. जाप, मंत्र पाठ-2
12. आक्रमणकारी-5
14. अपशिष्ट पदार्थ-2
15. दिन, प्रहार-2
16. भीगा हुआ-2
17. शिशु, पैदा हुआ बच्चा-4
19. कीमती-4
20. आलसी, निष्ठाहीन-5
21. जिसे दीक्षा नहीं दी गई हो-5
22. गारंटी, मुचलका-4
24. रिश्तेदार-2
25. शेर, नाहर-2
26. पिटाई, चोट-2
27. निम्नता, न्यूनता-5
31. परिणाम, निष्कर्ष-2
32. महेंद्रसिंह धोनी को इस नाम से भी जानते हैं-2
33. मूल, कंद-2
35. पितृपक्ष-2

**ऊपर से नीचे**
2. सवेरा, भोर-3
3. सांभर जैसा आहार -3
4. दैत्य, असुर-3
5. शहर-3
6. तरुण, जवान-4
9. एक महीन व कीमती कपड़ा-4
11. ईश्वर, रब-7
13. डांट, फटकार, भर्त्सना -3,4
14. भारत के पुर्व प्रधानमंत्री-5,2
18. अधीन-3
19. निवेदन, प्रार्थना-3
21. असमतल-4
23. धमाका, सनसनी-4
27. करिश्मा-3
28. बारीक-3
29. कपड़े धोनेवाला-3
30. पिटाई करना, भांपना-3

### शब्द पहेली - 5505 का हल



## सूडोकु नवताल- 5517

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5516 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |



हर बच्चे की जिंदगी में उसकी मां बहुत बड़ी जगह रखती है। मां के बिना उसकी जिंदगी सूनी है। मां है तो उसके जीवन में बहार है। टीवी के कुछ चाइल्ड आर्टिस्ट्स **बालभूमि** को बता रहे हैं, उनकी मां उनके लिए कितनी इंपॉर्टेंट हैं, उनका सबसे मेमोरेबल मदर्स-डे कौन सा रहा, इस स्पेशल-डे पर ये चाइल्ड आर्टिस्ट्स अपनी मां को क्या मैसेज देना चाहेंगे?

# मेरी मां मेरी दुनिया

## वह मेरी हिम्मत-ताकत और पहचान हैं : जारा वारसी



**जारा वारसी** इन दिनों एंड टीवी के शो 'हप्पू की उलटन पलटन' में चमची के रोल में सबको खूब हंसा रही है। 'मदर्स-डे' का जिक्र आते ही सबसे पहले वह यही बताती है कि उसके लिए, उसकी मम्मी कितना महत्व रखती हैं। जारा बताती है, 'मेरी मां मेरी जिंदगी है। वह मेरी हिम्मत, ताकत और मेरी पहचान हैं। उनका पूरा दिन मेरी देखभाल करने में बीतता है, मुझे शो की शूटिंग और अपनी पढ़ाई के बीच तालमेल बैठाने में वह मेरी बहुत हेल्प करती हैं। मैं उनके बिना एक दिन की भी कल्पना नहीं कर सकती।' जारा के लिए उसका अब तक का सबसे यादगार मदर्स-डे कौन-सा था, पूछने पर वह बताती है, 'मेरे लिए सबसे यादगार मदर्स-डे वह था, जब हम भाई-बहनों ने मां को घर पर बनाई ब्रंच के साथ सरप्राइज दिया था। हमने डाइनिंग टेबल को फूलों और मोमबत्तियों से सजाया। जब मां टेबल के पास आईं, तो यह सब देखकर उनका चेहरा खुशी से खिल उठा था। हम सभी ने एक साथ टेस्टी खाने का आनंद लिया।' इस बार जारा की मदर्स-डे के लिए क्या खास प्लानिंग है, वह बताती है, 'मैंने मदर्स-डे के लिए अपनी ड्राइंग टीचर की मदद से मम्मी के लिए एक सुंदर-सा मदर्स-डे ग्रीटिंग कार्ड बनाना शुरू कर दिया है। उस दिन घर के सारे काम मैं करूंगी ताकि मम्मी आराम कर सकें। शूटिंग के दौरान, हम सभी चाइल्ड आर्टिस्ट्स अपनी मांओं को एक बड़े केक के साथ सेट पर अचानक सरप्राइज देंगे।' जारा कहती है, 'मैं आज जो कुछ भी हूं, उसमें सबसे बड़ा योगदान मेरी मम्मी का है। मैं उनको हर बात के लिए 'थैंक यू' कहना चाहती हूं।' *

## थैंक यू मां! हर हाल में मेरा साथ देने के लिए : शीहान कपाही



**आजकल शीहान** कपाही ने सोनी सब चैनल पर प्रसारित हो रहे शो 'वागले की दुनिया' में अथर्व वागले के रोल में दर्शकों का दिल जीत रखा है। उसके लिए उसकी मां उसकी दुनिया है। वह बताता है, 'मेरी मां मेरे लिए सब कुछ हैं। वह मेरे साथ हर हाल में खड़ी रहती हैं। मैं उनसे अपनी हर बात शेयर करता हूं। उनके प्यार और मार्गदर्शन ने मुझे वो बनाया, जो मैं आज हूं।'

शीहान अपना सबसे मेमोरेबल मदर्स-डे याद करते हुए बताता है, 'दो साल पहले की बात है। मदर्स-डे के दिन अपनी मां के लिए नाश्ता बनाकर मैंने उन्हें सरप्राइज दिया था। सुबह जल्दी उठकर, अपने पापा की हेल्प से मैंने उनका पसंदीदा नाश्ता तैयार किया। जब हमने उनके सामने डोसा के साथ ताजे नारियल की चटनी रखी तो वह इसकी खुशबू से खिल उठीं। उनके चेहरे पर मुस्कान देखने लायक थी। इससे पहले मैंने पंखे पर कुछ फूलों की पंखुड़ियां रख दी थीं, ताकि जब वह कमरे में आएं और पंखा चले तो पूरा कमरा उनके स्वागत में फूलों की पंखुड़ियों से भर जाए।' इस साल शीहान अपनी मां के लिए क्या स्पेशल प्लान कर रहा है, वह बताता है, 'मैं मां को मॉल में शॉपिंग के लिए ले जाऊंगा या फिर घर पर उनकी कोई पसंदीदा फिल्म टीवी पर लगा दूंगा। साथ ही मैं उनके लिए कुछ स्पेशल भी करना चाहता हूं, जैसे हाथ से बना कार्ड या हमारे पसंदीदा यादों की एक स्क्रैप-बुक बनाऊंगा। लेकिन सबसे अधिक मैं उन्हें यह बताने के लिए एक्साइटेड हूं कि मां आप मेरे लिए बहुत इंपॉर्टेंट हैं। मैं सचमुच आपकी बहुत कद्र करता हूं। आपका प्यार और समर्थन मेरे लिए सब कुछ है। मैं अपनी मां के रूप में आपको पाकर बहुत भाग्यशाली महसूस करता हूं। थैंक यू मां! हर हाल में मेरा साथ देने के लिए, मुझ पर विश्वास करने के लिए।' *

## उनके बिना मेरा जीवन अधूरा है : व्योम ठक्कर



**व्योम ठक्कर** ने एंड टीवी के शो 'अटल' में यंग अटल का रोल प्ले करके एक अलग ही धाक जमा ली है। मदर्स-डे के मौके पर वह अपनी मां के लिए अपनी फीलिंग्स शेयर करते हुए बताता है, 'मेरी मां की मेरे जीवन में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है। मैं उनके लव और सपोर्ट के लिए हमेशा उनको 'थैंक यू' कहता हूं। मेरी मां, मेरी हर जरूरत का ध्यान रखती हैं। वो इस बात का भी ध्यान रखती हैं कि मैं अपने एक्टिंग करियर और पढ़ाई, दोनों में बेहतर परफॉर्म करूं। दोनों के बीच तालमेल बैठाने में मां मेरी पूरी मदद करती हैं। उनके प्यार और देखभाल की कोई सीमा नहीं है।' व्योम अपना सबसे मेमोरेबल मदर्स-डे भी बताता है, 'एक साल मदर्स-डे पर मैंने मां को एक प्यारा सा पत्र लिखा था, जिसमें मैंने उन्हें बताया था कि वह मेरे लिए कितनी इंपॉर्टेंट हैं। उसके बाद मैंने उन्हें एक स्पेशल गिफ्ट भी दिया था। बाद में हम एक साथ रेस्तरां में डिनर करने गए थे। उस दिन मां के साथ बिताया गया पल मेरे लिए बहुत ही मेमोरेबल है।' इस साल मदर्स-डे को व्योम कैसे स्पेशल ढंग से सेलिब्रेट करेगा, वह बताता है, 'इस बार का मदर्स-डे और भी खास बनाने के लिए मैंने प्लानिंग कर रखी है। सबसे पहले मैं मां की पसंदीदा डिशेज बनाने की सोच रहा हूं। उन्हें फिल्में देखना बहुत पसंद है, हम एकसाथ फिल्म देखने जाएंगे या फिर बाहर घूमने जाएंगे। इसके अलावा मैं उन्हें एक स्पेशल गिफ्ट भी दूंगा। ये सभी प्लानिंग्स मुझे उनके साथ समय बिताने का अवसर देंगी।' व्योम अपनी मां को क्या मैसेज देना चाहेगा, पूछने पर कहता है, 'मां, मैं आपसे कहना चाहूंगा, आप मेरे लिए सबसे इंपॉर्टेंट हैं। मैं आज जो कुछ भी हूं, आपके लव, केयर और सपोर्ट से हूं। मेरी लाइफ को मीनिंगफुल बनाने के लिए थैंक यू मां!' *

प्रस्तुति:हरिभूमि फीचर्स

ऑकेजन / अनुराग मनींद्र

मौका मदर्स-डे का हो तो यह बनता ही है कि अपनी मम्मी को कुछ स्पेशल फील कराया जाए, उन्हें खुशी दी जाए। हम तुम्हें कुछ आइडियाज दे रहे हैं, जिनसे तुम मदर्स-डे को मेमोरेबल बना सकते हो।

# मम्मी को फील कराओ स्पेशल



बच्चों, हमारी जिंदगी में मां बहुत ही महत्व रखती हैं। मां हमारा बहुत ज्यादा ध्यान रखती हैं ताकि हमें कोई तकलीफ ना हो, हम हमेशा खुश रहें। हमें जरा-सी तकलीफ हुई नहीं कि हमारी मांएं परेशान हो जाती हैं, तुरंत ही हमारी परेशानी को दूर करने में जुट जाती हैं। जब तक हमारी परेशानी दूर नहीं होती, उन्हें चैन नहीं पड़ता।

बच्चों, जिस तरह मां हमारी इतनी चिंता करती हैं, हमारी छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखती हैं, उनके प्रति हमारे भी कुछ दायित्व हैं, जिम्मेदारी है कि हम भी उनका पूरा ध्यान रखें। उन्हें कभी कोई तकलीफ नहीं होने दें। हम हर दिन तो उनका ख्याल रखें ही, लेकिन जब 'मदर्स-डे' जैसा अवसर आए तो हम उन्हें कुछ स्पेशल भी फील कराएं।

**अपनी फीलिंग्स ऐसे करो एक्सप्रेस:** बच्चों, मदर्स-डे के दिन अपनी मम्मी के लिए तुम्हारी जो भी फीलिंग्स हैं, उन्हें एक कागज पर लिख लो। उनके लिए तुम कोई प्यारी-सी कविता भी लिख सकते हो या फिर मदर्स-डे की थीम पर कोई ड्राइंग, पेंटिंग बना सकते हो। इसे मदर्स-डे की सुबह-सुबह चुपके से मम्मी के तकिए के नीचे या फिर किसी ऐसी जगह रख दो कि सोकर उठते ही मम्मी की नजर सबसे पहले इसी पर पड़े। तुम्हारा यह 'सरप्राइज मैसेज' तुम्हारी मम्मी को बहुत ही प्यारा लगेगा।

**दो प्यारा-सा गिफ्ट :** बच्चों, मदर्स-डे के स्पेशल ऑकेजन पर आजकल मार्केट में तरह-तरह के गिफ्ट आइटम्स और कार्ड्स अवेलेबल होते हैं। तुम अपनी पॉकेट मनी से अपनी मम्मी के लिए कोई प्यारा-सा गिफ्ट या कार्ड खरीद कर उन्हें दे सकते हो। लेकिन ज्यादा अच्छा यह होगा कि तुम अपने हाथों से कोई गिफ्ट या कार्ड बनाकर उन्हें दो। मम्मी को तुम्हारे हाथों से बनाया हुआ गिफ्ट मार्केट से खरीदे हुए गिफ्ट से अधिक पसंद आएगा।

**मम्मी को दो पूरा आराम :** बच्चों, हर रोज सुबह से लेकर रात तक तुम्हारी मम्मी के पास बहुत सारे काम रहते हैं। मदर्स-डे के दिन अपनी मम्मी को घर का कोई भी काम मत करने दो। सुबह से लेकर रात तक के सारे कामों की जिम्मेदारी तुम लो। मदर्स-डे के दिन मम्मी से बोलो, 'आज आप आराम करें, एंज्वॉय करें।' घर के कामों में अपने भाई-बहन की भी हेल्प ले सकते हो। मदर्स-डे के दिन अपने हाथों से बनी कोई स्पेशल डिश अपनी मम्मी को जरूर खिलाओ। इसे खाकर उन्हें मजा आएगा। *

### अपनी दादी-नानी मां को भी करो विश

बच्चों, अगर तुम्हारी दादी मां तुम्हारे साथ रहती हैं, तो मदर्स-डे पर तुम उन्हें भी विश करो, यह ना भूलो कि वह तुम्हारे पापा की मम्मी हैं, घर में सबके प्यार और सम्मान की हकदार हैं। अगर दादी मां तुम्हारे साथ नहीं रहती हैं, होम टाउन में रहती हैं तो तुम उन्हें कॉल या वीडियो-कॉल करके विश करो। उन्हें बहुत अच्छा लगेगा। बच्चों, सिर्फ दादी मां को ही नहीं, अपनी मम्मी की मम्मी यानी नानी मां को भी मदर्स-डे पर विश करो। जब तुम उन्हें 'हैप्पी मदर्स-डे' बोलोगे तो वह बहुत ज्यादा खुश होंगी, निहाल हो जाएंगी।

## जीके क्विज- 103

1.किस विश्व प्रसिद्ध धावक को टी-20 वर्ल्ड कप 2024 का ब्रैंड एंबेसेडर बनाया गया है?
2.हाल ही में बिक्स यात्रा (बिक्सिट यात्रा) महोत्सव-2024 किस देश में आयोजित हुआ?
3.भारतीय संसद की एक वर्ष में कम-से-कम कितनी बैठकें होनी आवश्यक हैं?
4.कौन-सा रंग रेनबो के बीच में दिखाई देता है?
5.जीवाणु (बैक्टीरिया) की खोज किसने की थी?
6.कंचनजंघा राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में स्थित है?
7.'लोकनायक' के नाम से किसे जाना जाता है?
8.बल का मात्रक क्या होता है?
9.गौतम बुद्ध के बचपन का नाम क्या था?
10.'गीतांजलि' किसकी रचना है?




बच्चों, जीके क्विज-103 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-102 का उत्तर :** 1.एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी, 2.आईजीआई एयरपोर्ट-दिल्ली, 3.इंडोनेशिया, 4.बृहस्पति, 5.साइरस (डॉग स्टार), 6.मौलाना अबुल कलाम आजाद, 7.दूसरा, 8.प्लेटिनम, 9.बछेंद्री पाल, 10.मेगास्थनीज

**जीके क्विज-102 का सही उत्तर देने वाले:** यदुवेंद्र-महेंद्रगढ़, मानवी मधुकर-बिलासपुर, राहुल-हिसार, सरबजीत-करनाल, बी. ईशान- अहमदाबाद, बी. आकांक्षा-अहमदाबाद, प्रिया-दुर्ग, नेहा-सूरजपुर, कबीर-हिसार, पृथ्वीराज,मुस्कान- ईमेल से

## हंसगुल्ले



**पिंटू :** मिंटू बताओ, अक्ल बड़ी या भैंस?
**मिंटू :** पहले दोनों की डेट ऑफ बर्थ बताओ, फिर बताऊंगा।
-पारुल, दुर्ग

**पिंकी :** मम्मी, मैं टीवी देखते-देखते होमवर्क कर लूं?
**मम्मी :** हां, ठीक है! लेकिन टीवी ऑन मत करना।
-रचित, जींद

**अंकल (रोहित से) :** बेटा, आपके पापा का क्या नाम है?
**रोहित :** अंकल, मैं उन्हें नाम से नहीं बुलाता हूं। बस प्यार से पापा ही कहता हूं।
-आकाश, रायपुर

**सोनू :** विटामिन सी सबसे ज्यादा किस सब्जी या फल में पाया जाता है?
**मोनू :** हरी मिर्च में।
**सोनू :** तुम्हें कैसे पता?
**मोनू :** क्योंकि इसे खाने के बाद मुंह से 'सी..सी..' की आवाज निकलती है।
-रानी, भोपाल

कहानी
डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'

क्लास में नेहा मैडम ने बच्चों से पूछा कि वे इस बार मदर्स-डे पर अपनी प्यारी मां के लिए क्या स्पेशल करेंगे? सभी बच्चों ने एक-एक करके अपनी प्लानिंग बताई, लेकिन रागिनी खामोश रही। उसकी आंखों में आंसू थे। उसकी आंखों में आंसू क्यों थे? क्या वह मदर्स-डे सेलिब्रेट नहीं कर पाई?

# सारे जग से न्यारी... मां



नेहा मैडम ने क्लास में इंट्री की। उनके हाथ में पहेली का एक कार्ड था। क्लास के बच्चों को समझते देर न लगी कि कोई खास दिवस आने वाला है। जब भी कोई स्पेशल-डे आने को होता, नेहा मैडम पहेली बूझती हैं। इस बार नेहा मैडम ने जो पहेली पूछी, उसकी चारों पंक्तियों में एक ही शब्द भरना था। नेहा मैडम ने बच्चों से पहेली पूछना शुरू किया, 'सारे जग से न्यारी..., ममता भरी पिटारी..., सचमुच बहुत दुलारी..., सब बच्चों को प्यारी...।'

'मां... मां... मां... मां!' सारे बच्चे एक साथ बोले।

मैडम हंसीं, पूछा, 'क्या बता रहे हो? मामा या मां...?'

'मां!' बच्चों ने फिर एक-साथ उत्तर दिया। मैडम खुशी से बोलीं, 'हम्म...वैरी गुड!' फिर उन्होंने पूछा, 'तो बताओ, मां के लिए तुम लोग मदर्स-डे पर क्या स्पेशल करने वाले हो?'

एक बार फिर सारी क्लास में शोर गूंज उठा। हर बच्चा जोर-जोर से बोलने लगा। मैडम ने समझाया, 'ऐसे नहीं, एक-एक कर बताओ।' आगे से एक-एक कर बच्चे 'मदर्स-डे' को लेकर अपनी-अपनी प्लानिंग बताने लगे। कुंज बोला, 'मैं तो उस दिन अपनी मम्मी को एक प्यारा-सा कार्ड बना कर दूंगा।' माधव ने कहा, 'मैं तो पापा से कह कर मम्मी की मनपसंद मिठाई मंगवाऊंगा। मम्मी के साथ खुद भी खाऊंगा।' एलिस बोली, 'मैं तो मम्मी के हाथों पर मेहंदी लगाऊंगी। मैं बहुत अच्छी मेहंदी लगाती हूं।' पुष्कर ने कहा, 'मैं तो मम्मी के काम में उनकी हेल्प करूंगा।'

अगला नंबर रागिनी का था। लेकिन वह तो चुप और खोई-खोई सी बैठी थी। जैसे इस क्लास में हो ही नहीं। उसके बगल में बैठी सुधा ने उसे हिलाया, 'बोलो-बोलो रागिनी, तुम क्या करोगी?'

रागिनी ने जैसे सुना ही नहीं। पता नहीं वह क्या सोच रही थी। मैडम उसके पास आईं और पूछा, 'क्या हुआ रागिनी, मदर्स-डे पर तुम क्या करने वाली हो?'

रागिनी की आंखों में आंसू छलक आए। धीमे से बोली, 'मैडम, मेरी मम्मी बहुत बीमार हैं। वो अस्पताल में एडमिट हैं। उनके न होने से घर में बहुत प्रॉब्लम्स हो रही हैं। घर में खाना नहीं बन रहा है, बाहर से आ रहा है।' रागिनी ने यह भी बताया कि उसे मम्मी से मिलने अस्पताल भी नहीं जाने दिया गया। वह स्कूल के बाद पापा के वापस आने तक घर में अकेली ही रहती है।

नेहा मैडम ने रागिनी को समझाया, 'चिंता मत करो बेटे, सब ठीक हो जाएगा।'

छुट्टी के बाद रागिनी घर पहुंची। मम्मी के बिना घर कितना अजीब-सा लग रहा था। दीवारें जैसे रो रही थीं। उसका स्कूल से आते ही कैसे मम्मी झट से किचेन में जाती थीं। उसकी मनपसंद चीजें बनाकर उसे खिलाती थीं। रागिनी ने देखा, सारा घर कैसा अस्त-व्यस्त है।

असल में मम्मी का ब्लड प्रेशर लो हो गया था। चक्कर खाकर गिर गई थीं। वैसे भी वह बहुत दुबली और कमजोर हैं। अपना ध्यान ही कहां रख पाती हैं। हर वक्त बस काम में जुटी रहती हैं। रागिनी को लग रहा था, जैसे मम्मी की बीमारी में वह भी कसूरवार है। वह कब काम में मम्मी की हेल्प करती है? कब उनका हाथ बंटाया? स्कूल से आकर कैसे वह अपना सामान बिखरा देती है। सब मम्मी ही तो समेटती हैं। खाना खाकर बर्तन वॉश-बेसिन तक नहीं ले जाती। वह भी मम्मी ही उठाती हैं। इतनी बड़ी हो गई, लेकिन जुराब, टाई, ड्रेस सब कुछ मम्मी से ही मांगती है। मम्मी तो कभी आराम नहीं करती हैं। रागिनी मन ही मन शर्मिंदा हो रही थी। वह चुपचाप उठी और किचेन में जाकर बर्तन धोने लगी, फिर बिस्तर ठीक किया। बिखरा सामान समेटा। मम्मी को याद करते हुए बार-बार उसकी आंखें भीग जातीं। बार-बार उसे सुबकाई आ रही थी। वह मन ही मन बोली, 'सॉरी मम्मी...।'

तभी पापा आ गए। रागिनी को देखकर बोले, 'अरे! तुम यह सब क्या कर रही हो?' पापा कब आ गए, उसको पता ही नहीं चला। रागिनी ने पापा के सवाल पर भी ध्यान नहीं दिया। हां, खुद उनसे पूछा, 'पापा, अब कैसी हैं मम्मी?'

'चलो, मिलो न उनसे। ड्राइंगरूम में हैं। नानी भी आ गई हैं।' पापा ने बताया।

रागिनी खुशी से झूम उठी। वह भागकर ड्राइंगरूम में गई और जाकर मम्मी से लिपट गई। रागिनी ने उनसे कुछ कहा नहीं, फिर भी जाने क्यों उसे ऐसा लग रहा था, मम्मी उसके मन की सारी बातें समझ गई हैं। रागिनी नानी से बोली, 'नानी..नानी! आप मुझे मेरी मम्मी के बचपन की बातें बताएंगी न?' नानी हंसकर बोलीं, 'हां-हां, क्यों नहीं! तेरी मम्मी तो बचपन में बहुत अच्छी थीं, मेरा बहुत ध्यान रखती थीं।'

रागिनी धीरे-से बोली, 'मैं भी अपनी मम्मी का खूब ख्याल रखूंगी।' ऐसा कहते हुए उसने एक प्यारी-सी, मीठी-सी पप्पी नानी के झुर्रियों वाले गाल पर जड़ दी। *

कविता
सूर्य कुमार पांडेय



## मां से बढ़कर कौन महान

मां ने हमको जन्म दिया है,
पाल-पोस कर बड़ा किया है।
मां का आंचल सुख की छाया,
मां ने हम पर प्यार लुटाया।
मां रखती बच्चों का ध्यान,
मां से बढ़कर कौन महान!
मां है ममता का अवतार,
भूलें कभी न यह उपकार।
बहुत बड़ी हो जाऊंगी जब,
अपना फर्ज निभाऊंगी तब।
मां को कभी नहीं भूलूंगी,
उनका पूरा ध्यान रखूंगी।
बहुत बड़ा हो जाऊंगा जब,
मां का कर्ज चुकाऊंगा तब।
उनको अपने साथ रखूंगा,
मां की सेवा रोज करूंगा।

## अंतर बताओ


बच्चों, यहां मदर्स-डे से रिलेटेड एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। लेकिन इनमें आठ अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सारे अंतर खोजने हैं, तो देर किस बात की, फटाफट अंतर खोजो।



उत्तर : 1.बुक-शेल्फ के ऊपरी खाने में किताबें रखी हैं। 2.टेबल पर चाय के दो कप रखे हुए हैं। 3.लड़की की फ्रॉक प्रिंटेड है। 4.सोफे के बगल में लैंप-शेड रखा हुआ है। 5.गिफ्ट की पैकिंग का कलर डिफरेंट है। 6.मम्मी के टॉप में बटन लगे हुए हैं। 7.दीवार पर एक फोटो फ्रेम कम है। 8.मम्मी के पीछे रखा स्टूल गायब है।


## रास्ता खोजो

बच्चों, हर्षित अपनी मम्मी को बुके देकर मदर्स-डे विश करना चाहता है। हर्षित की मम्मी एक भूल-भुलैया में कहीं छिपकर उसको आवाज दे रही हैं। तुम जल्दी से रास्ता खोजकर हर्षित को उसकी मम्मी तक पहुंचने में मदद तो करो।



## चित्र पूरा करो

बच्चों, यहां एक अधूरा चित्र और उसके बगल में कुछ कट-आउट्स दिए गए हैं। तुमको इन कट-आउट्स को सही जगह लगाकर चित्र पूरा करना है।




उत्तर:A-1, B-2, C-4, D-3

# चैंपियंस लीग : रियल मैड्रिड ने फाइनल में बनाई जगह



एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

रियल मैड्रिड ने सेमीफाइनल के दूसरे चरण में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए बुधवार को यहां बायर्न म्यूनिख को 2-1 से हराकर तीन सत्र में दूसरी बार चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। मैड्रिड ने कुल स्कोर के आधार पर 4-3 से जीत दर्ज की। अल्फांसो डेविस ने 68वें मिनट में बायर्न को बढ़त दिलाई। बायर्न की जीत लगभग तय लग रही थी लेकिन जोसेलु ने 88वें मिनट में रियल मैड्रिड को बराबरी दिला दी। जोसेलु ने इंजरी टाइम के पहले मिनट में एक और गोल दागकर रियल मैड्रिड की जीत सुनिश्चित की और उसे फाइनल में जगह दिलाई।

# मार्सेली में शुरू हुई ओलंपिक मशाल रिले

**मार्सेली।** यूनान से तीन मस्तूल वाले जहाज पर सफर करके फ्रांस के दक्षिणी तटवर्ती शहर मार्सेली पहुंची पेरिस ओलंपिक की मशाल का सफर इस शहर की सड़कों से शुरू हुआ। मशाल अपने 11 सप्ताह के सफर में 450 से अधिक शहरों में 10000 मशालवाहकों के हाथों से गुजरकर 26 जुलाई को ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में पहुंचेगी। मार्सेली टीम के लिए नब्बे के दशक में खेलने वाले फुटबॉल खिलाड़ी बासिले बोली ने गुरुवार को मशाल रिले की शुरुआत नोत्रे डैम डे ला गार्डे बेसिलिका से की।



### दिग्गज बने मशालवाहक

बास्केटबॉल खिलाड़ी टोनी पार्कर, एक तलवारबाजी चैंपियन, एक स्केटबोर्डर, मिचेलिन में बसे एक शेफ और एक कॉमेडियन को भी मशाल थामने के लिए चुना गया। मशालवाहकों में एक यूक्रेन की जिम्नास्ट मारिया विसोचांस्का भी है जिन्होंने 2020 यूरोपीय चैंपियनशिप में दो स्वर्ण पदक जीते थे और टोक्यो ओलंपिक में भी भाग लिया था। इससे पहले मार्सेली में बुधवार को रंगारंग समारोह में मशाल की अगवानी की गई। इस मौके पर करीब 230000 लोग मौजूद थे।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 11 | 8 | 3 | 16 |
| राजस्थान | 11 | 8 | 3 | 16 |
| हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 |
| चेन्नई | 11 | 6 | 5 | 12 |
| दिल्ली | 12 | 6 | 6 | 12 |
| लखनऊ | 12 | 6 | 6 | 12 |
| बेंगलोर | 11 | 4 | 7 | 8 |
| पंजाब | 11 | 4 | 7 | 8 |
| मुंबई | 12 | 4 | 8 | 8 |
| गुजरात | 11 | 4 | 7 | 8 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
542 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



जसप्रीत बुमराह
18 विकेट
मुंबई

### बाउंड्री मीटर


1773 चौके
1015 छक्के

## आईपीएल : सुपर किंग्स के 11 मैचों में 12 अंक

# चेन्नई की जीत से प्लेऑफ की राह होगी आसान, गुजरात से मैच आज

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

चेन्नई सुपर किंग्स शुक्रवार को आईपीएल के 12वें दौर के मुकाबले में गुजरात टाइटंस को हराकर प्लेआफ का अपना दावा पुख्ता करने के इरादे से उतरेगी। चेन्नई के 11 मैचों में 12 अंक है और गुजरात पर जीत उसके लिए बहुत महत्वपूर्ण होगी क्योंकि प्लेआफ में उसकी जगह अभी भी पक्की नहीं है और एक हार उस पर भारी पड़ सकती है। दीपक चाहर और मथीषा पथिराना चोटों के कारण टूर्नामेंट से बाहर हैं जबकि मुस्ताफिजूर रहमान बांग्लादेश के लिए खेलने चले गए हैं। अब चेन्नई के तीनों स्पिनरों रविंद्र जडेजा, मिशेल सेंटनेर और मोईन अली पर आक्रमण का दारोमदार होगा। चेन्नई ने धर्मशाला में पंजाब किंग्स के खिलाफ जिस तरह 167 रन बनाने के बाद मैच जीता, उससे प्रशंसकों की उम्मीदें बंधी होगी। गुजरात को हराकर चेन्नई अंकतालिका में सनराइजर्स हैदराबाद से ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगी। अभी तक जिन तीन टीमों के 12 अंक हैं, उनमें चेन्नई (प्लस 0.700) का रनरेट सबसे अच्छा है।



### गुजरात दौड़ से बाहर नहीं

गुजरात के 14 अंक हैं और वह दौड़ से पूरी तरह बाहर नहीं है लेकिन शुभमन गिल की टीम के लिए आगे का सफर काफी कठिन है। पिछले पांच मैचों में सिर्फ एक जीत दर्ज कर सकी टीम का मनोबल गिरा है।मोहम्मद शमी की गैर मौजूदगी में गेंदबाजी में धार नजर नहीं आ रही। वहीं गिल खुद पिछले पांच में से तीन मैचों में दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सके और उनका सर्वोच्च स्कोर 35 रहा है। साई सुदर्शन, शाहरुख खान और डेविड मिलर लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। गेंदबाजों में मोहित शर्मा और जोश लिटिल महंगे साबित हुए हैं। नई गेंद के गेंदबाजों से मदद नहीं मिलने से अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान और नूर अहमद भी उतने प्रभावी नहीं रहे।

### ऋतुराज खेल रहे कप्तानी पारी

चेन्नई के ऋतुराज गायकवाड़ ने मोर्चे से कप्तानी की है। उन्होंने 11 मैचों में 541 रन बनाए और आरेंज कैप की दौड़ में विराट कोहली से एक ही रन पीछे हैं। पंजाब के खिलाफ इंपैक्ट खिलाड़ी रहे सिमरजीत सिंह ने 140 की रफ्तार से गेंदबाजी करके तीन ओवर में 16 रन देकर दो विकेट लिए।

### टीमें इस प्रकार हैं

**चेन्नई सुपर किंग्स :** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), एमएस धोनी (विकेटकीपर), अरावेली अवनीश, अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हंगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिचेल, रचिन रविंद्र, मिशेल सैंटनर, निशांत सिंधु , दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मथीशा पाथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शार्दुल ठाकुर, महेश तीक्षणा और समीर रिजवी।

**गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, मैथ्यू वेड, रिद्धिमान साहा, रॉबिन मिंज, केन विलियमसन, अभिनव मंधार, बी साई सुदर्शन, दर्शन नालकंडे, विजय शंकर, अजमतुल्लाह उमरजई, शाहरुख खान, जयंत यादव, राहुल तेवतिया, कार्तिक त्यागी, शशांत मिश्रा, स्पेंसर जॉनसन, नूर अहमद, साई किशोर, उमेश यादव, राशिद खान, जोशुआ लिटिल, मोहित शर्मा और मानव सुतार।

## खास खबर

# मनिका ने दुनिया की 14वें नंबर की खिलाड़ी को हराया



एजेंसी ▶▶| जेद्दा

मनिका बत्रा एलीट डब्लूडब्लूटी टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाली पहली भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी बन गई जिन्होंने दुनिया की 14वें नंबर की खिलाड़ी नीना मिट्टेलहम को हराया।

दूसरे दौर में दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी वांग मान्यु को हराने के बाद बत्रा ने जर्मनी की नीना को 22 मिनट में 11-6, 11-9, 11-7 से मात दी। यह चार प्रयासों में इस प्रतिद्वंद्वी पर मनिका की पहली जीत थी। अब उनका सामना दुनिया की पांचवें नंबर की खिलाड़ी जापान की हिना हयाता से होगा। इस समय विश्व रैंकिंग में 39वें नंबर पर काबिज मनिका इस प्रदर्शन के बाद शीर्ष 25 में पहुंच जाएंगी।

### वर्ल्ड पिकलबॉल लीग के शुरुआती चरण की घोषणा

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व डेविस कप खिलाड़ी गौरव नाटेकर ने बृहस्पतिवार को विश्व पिकलबॉल लीग लांच करने की घोषणा की। यह लीग नाटेकर की कंपनी नाटेकर स्पोर्ट्स एंड गेमिंग और सोनी एंटरटेनमेंट टैलेंट वेंचर्स इंडिया के बीच सहयोग से आयोजित होगी। पिकलबॉल एक पैडल खेल है जिसमें टेनिस, बैडमिंटन और टेबल टेनिस का मिश्रण होता है। लेकिन यह टेनिस की तुलना में छोटे कोर्ट पर खेला जाता है। लीग के शुरुआती चरण के इस साल के अंत में या 2025 की शुरुआत में आयोजित होने की संभावना है। नाटेकर ने कहा, 'भारत में शुरुआती वैश्विक पेशेवर पिकलबॉल लीग का अनावरण करने पर हमें गर्व है।' लीग के शुरुआती चरण में छह फ्रेंचाइजी खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। प्रत्येक टीम में अंतरराष्ट्रीय स्टार खिलाड़ियों सहित पांच से आठ खिलाड़ी होंगे। पिकलबॉल 80 से अधिक देशों में खेला जाता है। भारत के 18 राज्यों में 30,000 एमेच्योर खिलाड़ी और 8000 पंजीकृत खिलाड़ी हैं।

## खबर संक्षेप




### जागरुकता फैलाएगा टी20 विश्व कप

**नई दिल्ली।** अमेरिका क्रिकेट के अध्यक्ष वेणु पिसिके का मानना है कि टी20 विश्व कप अमेरिका में क्रिकेट को लेकर जरूरी जागरुकता फैलाएगा। अंततः 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा करने का लालच स्थानीय अमेरिकियों को मुख्य रूप से प्रवासियों द्वारा खेले जाने वाले इस खेल के प्रति आकर्षित करेगा। अमेरिका इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की सह मेजबानी वेस्टइंडीज के साथ कर रहा है और अमेरिकी टीम एक जून को टूर्नामेंट के पहले मैच में अपने पड़ोसी देश कनाडा के खिलाफ खेलते हुए विश्व कप में पदार्पण करेगी।


### अंतरराष्ट्रीय मास्टर वर्गीज कोशी नहीं रहे

**चेन्नई।** अंतरराष्ट्रीय मास्टर और प्रतिष्ठित ट्रेनर तथा मार्गदर्शक वर्गीज कोशी का निधन हो गया है। वह 66 बरस के थे। कोशी के परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटे हैं। कोशी को अपने फेफड़े के कैंसर के बारे में लगभग दस महीने से पता था और उन्होंने अपने हास्य के साथ इस खतरनाक बीमारी का सामना किया। उन्होंने पिछले साल अक्टूबर में कहा था, 'अपना समय आ गया।' कोशी शतरंज की दुनिया के उन कुछ खिलाड़ियों में से थे जिन्होंने इस खेल को खुद सीखा।



### भारतीय क्रिकेट के लिए उम्दा प्रतिभा है अभिषेक

**हैदराबाद।** लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ आईपीएल के इतिहास में लक्ष्य का पीछा करने का रिकॉर्ड बनाने वाले आस्ट्रेलिया के विस्फोटक बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने अभिषेक शर्मा को भारतीय क्रिकेट के लिए बेहतरीन प्रतिभा बताया है। हेड ने कहा, 'अभि के साथ साझेदारी बेहतरीन थी। वह भारतीय क्रिकेट के लिए रोमांचक प्रतिभा है। हमारा तालमेल जबर्दस्त था और उसके साथ खेलने में बहुत मजा आया। वह इतना ऊर्जावान है और अपने खेल को लेकर काफी सोचता है।'



# यूडब्लूडब्लू से बजरंग पूनिया आठ महीने के लिए निलंबित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कुश्ती की वैश्विक संचालन संस्था यूडब्लूडब्लू ने डोप परीक्षण कराने के लिए इनकार करने पर बजरंग पूनिया को अस्थाई तौर पर निलंबित करने के राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी के फैसले के बाद उन्हें साल के अंत तक निलंबित कर दिया है।

हालांकि हैरानी भरे फैसले में नाडा के निर्णय की जानकारी होने के बावजूद भारतीय खेल प्राधिकरण ने बजरंग की विदेश में ट्रेनिंग के लिए लगभग नौ लाख रुपए की राशि स्वीकृत की। देश के सबसे सफल पहलवानों में से एक बजरंग को नाडा ने 23 अप्रैल को निलंबित किया था। उन्हें इससे पहले 18 अप्रैल को रहने के स्थान संबंधी नियम के उल्लंघन के लिए नोटिस जारी किया गया था। अपने बचाव में टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता बजरंग ने कहा था कि उन्होंने कभी परीक्षण के लिए नमूना देने से इनकार नहीं किया लेकिन डोप नियंत्रण अधिकारी से सिर्फ इतना पूछा कि वह नमूना लेने के लिए लाई गई 'एक्सपायर्ड किट' के बारे में विस्तार से बताए।



# अर्जुन ने कार्लसन को ड्रॉ पर रोका डी गुकेश की खराब शुरुआत

एजेंसी ▶▶| वारसॉ

फिडे कैंडिडेट्स चैंपियन डी गुकेश की सुपरबेट रैपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट में शुरुआत अच्छी नहीं रही लेकिन एक अन्य भारतीय खिलाड़ी एरिगैसी अर्जुन पहले मुकाबले में नॉर्वे के दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को ड्रॉ पर रोकने में सफल रहे। विश्व के सातवें नंबर के खिलाड़ी अर्जुन ने अपनी दो अन्य बाजियां भी ड्रॉ खेली जिससे वह प्रतियोगिता के तीसरे दौर के बाद शीर्ष पर चल रहे रोमानिया के किरिल शेवचेंको से काफी पीछे हैं। गुकेश अपनी पहली दोनों बाजियां हार गए थे जबकि तीसरी बाजी में उन्होंने अंक बांटे। वह एक अंक लेकर दस खिलाड़ियों के बीच अंतिम स्थान पर चल रहे हैं। भारत के एक अन्य खिलाड़ी आर प्रज्ञानानंदा ने तीसरे राउंड में वापसी करते हुए उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव को हराया। अर्जुन और प्रज्ञानानंदा के समान तीन अंक हैं। शेवचेंको छह अंक के साथ एकल बढ़त पर हैं। उनके बाद कार्लसन और अब्दुसात्तोरोव का नंबर आता है जिनके चार-चार अंक हैं।



# टी20: भारत ने बांग्लादेश महिला टीम पर 5-0 से किया क्लीन स्वीप

एजेंसी ▶▶| सिलहट

भारत ने गुरुवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ पांचवें और अंतिम महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 21 रन से जीत हासिल कर श्रृंखला में 5-0 से क्लीन स्वीप किया। बांग्लादेश ने 157 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अच्छी शुरुआत की लेकिन बायें हाथ की स्पिनर राधा यादव (तीन विकेट) के शीर्ष क्रम को झकझोरने से उसकी टीम 20 ओवर में छह विकेट पर 136 रन ही बना सकी।

इससे पहले रिचा घोष की तीन छक्के और एक चौके जड़ित 17 गेंद की पारी से भारत ने पांच विकेट पर 156 रन बनाए।



डी हेमलता (37) और कप्तान हरमनप्रीत कौर (30) ने भी तीसरे विकेट के लिए 60 रन जोड़कर पारी को मजबूती दी। भारत ने श्रृंखला का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने 25 गेंद में चार चौकों और एक छक्के से 33 रन बनाकर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई।

राबिया खान (दो विकेट) ने 16वें ओवर में भारत को दोहरा झटका दिया जबकि इससे एक ओवर पहले भी टीम ने विकेट गंवाया जिसके बाद विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा ने ताबड़तोड़ पारी खेली। शेफाली वर्मा (14) और मंधाना ने पहले विकेट लिए 25 रन जोड़े। मंधाना ने हेमलता के साथ भी 37 रन की साझेदारी की।

## दोहा डायमंड लीग आज से शुरू, भाला फेंक स्पर्धा 14 से

# ओलंपिक की तैयारी शुरू करेंगे नीरज और जेना

एजेंसी ▶▶| दोहा

ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा शुक्रवार को दोहा डायमंड लीग के एक दिवसीय पहले चरण के जरिए पेरिस ओलंपिक की अपनी तैयारियां शुरू करेंगे जिसमें उनका सामना दुनिया के धुरंधर भाला फेंक खिलाड़ियों से होगा।

मौजूदा विश्व और एशियाई खेल चैंपियन भारत के भालाफेंक स्टार चोपड़ा का सामना पूर्व विश्व चैंपियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स और ओलंपिक तथा विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता चेक गणराज्य के याकूब वालेश से होगा। एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता भारत के किशोर जेना डायमंड लीग में पदार्पण करेंगे। उनका सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन 87.54 मीटर है जबकि चोपड़ा का सर्वश्रेष्ठ 89.94 मीटर है जो राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है।




चोपड़ा ने प्रतिस्पर्धा से पहले प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'मैं कल के लिए तैयार हूं। मैं लगातार अच्छा प्रदर्शन करना चाहता हूं। मैं 90 मीटर का थ्रो भी फेकूंगा लेकिन निरंतरता अधिक जरूरी है।'यूरोपीय चैंपियन जर्मनी के जूलियन वेबर भी दस खिलाड़ियों में शामिल हैं जो लीग में उतरेंगे। इसके बाद लीग का दूसरा चरण 19 मई को मोरक्को में होगा। चोपड़ा यहां गत चैंपियन भी हैं जिन्होंने 2023 में वालेश और पीटर्स को हराया था। पुरुषों के क्वालीफाइंग दौर के भालाफेंक मुकाबले 14 मई को और फाइनल 15 मई को होगा।

### ओमेगा ने नीरज को खेल दूत बनाया

ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा को स्विट्जरलैंड के घड़ियों के लग्जरी ब्रांड ओमेगा ने खेल दूत के रूप में अपने साथ जोड़ा है। ओमेगा इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक का आधिकारिक 'टाइमकीपर' (स्पर्धाओं के समय के लिए उपकरण मुहैया कराने वाला) है। भारत के इस स्टार खिलाड़ी को शुक्रवार को डाइमंड लीग के पहले चरण में प्रतिस्पर्धा से पहले दोहा में ओमेगा के बुटीक में आमंत्रित किया गया। इस साझेदारी पर बोलते हुए चोपड़ा ने कहा, 'मैं ऐसे प्रतिष्ठित ब्रांड का हिस्सा बनकर बहुत उत्साहित हूं जो ओलंपिक खेलों में टाइमकीपिंग में इतनी बड़ी भूमिका निभाता है।' ओमेगा 1932 से लगभग सभी ओलंपिक खेलों में आधिकारिक टाइमकीपर रहा है। पेरिस 2024 में ओमेगा 31वीं बार खेलों का आधिकारिक टाइमकीपर होगा।

# प्रो लीग : भारत ने घोषित की 24 सदस्यीय हॉकी टीम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हरमनप्रीत सिंह 22 मई से शुरू हो रहे एफआईएच हॉकी प्रो लीग के यूरोप चरण में भारत की 24 सदस्यीय टीम की अगुवाई करेंगे। भारत यूरोप चरण में कुल आठ मैच खेलेगा। टीम दो चरण के टूर्नामेंट में अर्जेन्टीना, बेल्जियम, जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन से दो-दो मैच खेलेगी। पहला चरण 22 से 30 मई तक बेल्जियम के एंटवर्प में होगा जबकि दूसरा चरण लंदन में एक से 12 जून तक खेला जाएगा। यह 26 जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक के लिए भारत की तैयारी के लिए काफी महत्वपूर्ण प्रतियोगिता होगी। और मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन को टीम को खेलों के महाकुंभ के लिए तैयार करने का मौका देगी।

पश्चिम मध्य रेल
संकेत एवं दूरसंचार विभाग
खुली निविदा
मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) पश्चिम मध्य रेल्वे, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्न लिखित कार्यों हेतु निर्धारित ई- निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा सूचना क्रमांक**-जबल-एन-सिग.-टेंडर-2024-7, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**-पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर मंडल में स.मं.स. दूसं. अभि/ एस.जी.ओ. खंड में 300 ए.एच. 200 ए.एच. की पुरानी आई.पी.एस. बैटरी एवं ट्रेक बैटरी, आई.पी.एस. अर्थिंग प्रणाली का प्रतिस्थापन कर सिगनलिंग गियर की विश्वसनीयता में वृद्धि एवं फ्युज आटो चेंज ओवर प्रणाली का प्रावधान करना। **निविदा का अनुमानित मूल्य ( रू. मे )**-रू. 1,10,59,867.95 **निविदा फार्म की कीमत ( रूपये )**- रू. 00/- **कार्यालय का पता**-मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) ( कार्यालय प्रथम तल, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय जबलपुर), **बयाना राशि रुपये**-2,05,300/-, **समापन अवधि ( माह )**-11 माह, **निविदा बंद होने की एवं खुलने की अंतिम तिथि एवं समय**- दिनांक 13.06.2024 को 15:00 बजे तक एवं 15.00 बजे के बाद खोली जाएगी। निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेल्वे वेब साइट https://ireps.gov.in उपलब्ध है तथा मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है। उक्त निवदा उक्त वेबसाइट से ऑनलाइन आवेदन की जा सकती है।
**मंडल रेल प्रबंधक ( संकेत एवं दूरसंचार )**
**पश्चिम मध्य रेल्वे जबलपुर**
स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

# स्ट्रांग रूम से 100 मीटर दूर खेतों में भड़की आग

## नरवाई जलाने से 20 एकड़ का खेत खाक

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में बने स्ट्रांग रूम से कुछ ही दूरी पर विश्वविद्यालय के खेतों में बड़ी आग लग गई। देखते ही देखते आग ने करीब 20 एकड़ खेत को अपनी चपेट मे ले लिया। सूचना मिलते ही मौके पर फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। करीब 3 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। बताया जा रहा है कि विश्वविद्यालय में फैले करीब 20 एकड़ के खेत में आग लगने की वजह नरवाई जालाना बताया जा रहा है। खेत के नरवाई में लगी आग ने तेज हवा होने के कारण कुछ ही देर में विकराल रूप ले लिया और तेजी से इधर-उधर फैलने लगी। मामले की गंभीरता को देखते हुए, प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस बल भी मौके पर पहुंचा। पूरे मामले की जांच के आदेश दिये गये हैं। संभावना जताई जा रही है कि किसी व्यव्ति ने बीड़ी-सिगरेट खेत पर फेंक दी होगी, जिसके चलते नरवाई में आग लग गई। अधिकारियों ने बताया कि आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है, पर किसी ने भूलवश बीड़ी-सिगरेट खेत पर फेंक दिया होगा, जिसके चलते नरवाई में आग लग गई।

### बाल बाल बचा स्टांग रूम

गौरतलब है कि जिस जगह आग लगी उससे 100 मीटर की दूरी पर स्ट्रांग रूम बना हुआ। जैसे ही आग लगी तत्काल स्ट्रांग रूम के पास खड़ी दमकल गाड़ी ने आग बुझाने का प्रयास शुरु किया। रांझी, व्हीकल फैक्ट्री और तीन पत्ती स्थित दमकल मुख्यालय से दमकल गाड़ियां कृषि विश्वविद्यालय पहुंची। आग करीब 20 एकड़ के एरिया में फैल चुकी थी। जिसे कड़ी मशक्कत के बाद बुझाया जा सका।

### मामले की जांच शुरु

जानकारी के मुताबिक मामले की संवेदनशीलता को देखते हुये मामले की जांच के आदेश दिये गये हैं। रिपोर्ट के बाद कारण स्पष्ट हो पाएंगे। फिलहाल यही माना जा रहा है कि आग किसी राहगीर द्वरा बीड़ी सिगरेट फेंकने से चिंगारी ने आग पकड़ ली।

## हार्डवेयर दुकान में लगी आग, 5 लाख का नुकसान

**जबलपुर।** गर्मी पूरे शहर को तपा रही है। इस बीच अग्नि हादसे में कई गुना बढ़ गये हैं। शहर के बेलबाग क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक हार्डवेयर दुकान में भीषण आग लग गई। मौके पर पहुंची फायर बिग्रड की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक लाखों का माल खाक हो चुका था। राहत की बात यह रही कि किसी तरह की जन हानी नहीं हुई। दुकान संचालक राजेश कुमार जायसवाल ने बताया कि सुबह उन्होंने एक और एक वर्कर ने मिलकर दुकान खोली और सामान वगैरह जमाकर फुर्सत ही हुए थे कि अचानक शॉर्ट सर्पिट हुआ और आग लग गई। दुकान में पेंट, पीवीसी पाइप और सटक आदि होने के कारण कुछ देर में ही आग ने विकराल रुप धारण कर लिया। राजेश और उनका कर्मचारी बाहर निकले और मोहल्ले वालों को बुलाया। जिसके बाद सभी अपने-अपने घरों से पानी लाकर आग बुझाने लगे। राजेश के मुताबिक अग्नि हादसे में करीब 5 लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

# हाई कोर्ट ने निरस्त किया श्रम न्यायालय का आदेश

## नगद की जगह चैक से भुगतान का मामला

**जबलपुर।** हाई कोर्ट ने श्रम न्यायालय का वह आदेश निरस्त कर दिया, जिसके जरिये नगद के स्थान पर चैक से भुगतान के आधार पर बर्खास्तगी आदेश का अनुचित ठकराते हुए मप्र हाउसिंग बोर्ड को राहत दे दी गई थी। न्यायमूर्ति जीएस अहलुवालिया की एकलपीठ ने अपने आदेश में साफ किया कि बर्खास्तगी आदेश के साथ कर्मचरी को भुगतान का प्रविधान है। भुगतान नगद या चैक, किसी भी रूप में किया जा सकता है। मप्र हाउसिंग बोर्ड की ओर से कहा गया कि कर्मचारी हरिचरण को बर्खास्त करते हुए एक माह के वेतन व मुआवजे के अलग-अलग चैक जारी किए गए थे। उसने दोनों चैक स्वीकार कर लिए थे। बाद में बर्खास्ती आदेश को चुनौती देते हुए श्रम न्यायालय पहुंच गया। श्रम न्यायालय ने उसके हक में आदेश पारित कर दिया। नगद के स्थान पर चैक से भुगतान को इसका आधार बनाया गया। श्रम न्यायालय के उसी आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी गई है। दरअसल, श्रम न्यायालय ने सुप्रीम कोर्ट के नगद भुगतान संबंधी एक न्यायदृष्टांत को आधार बनाकर नगद के स्थान पर चैक से भुगतान के कारण बर्खास्ती निरस्त कर दी थी।

# सटोरिए से मजदूरी लेकर कर रहा था क्रिकेट सट्टे की बुकिंग

## 5 मोबाइल और नगद 20 हजार रुपए जब्त



**जबलपुर।** अधारताल पुलिस और क्राईम ब्रांच की टीम ने न्यू कंचनपुर तीन पुलिया के पास आईपीएल क्रिकेट का सट्टा खिलाते हुए एक सटोरिए को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 5 मोबाइल और नगद 20 हजार रुपए जब्त किए है। अधारताल थाना प्रभारी विजय कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि न्यू कंचनपुर गांधीनगर तीन पुलिया अधारताल निवासी 40 वर्षीय चंद्रशेखर प्रजापति अपने मकान की छत में आईपीएल क्रिकेट का सट्टा खिलाते हुए हिसाब किताब कर रहा था। मुखबिर की सूचना पर पहुंची अधारताल पुलिस और क्राईम ब्रांच की टीम ने आरोपी चंद्रशेखर प्रजापति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 5 नग मोबाइल, एक सट्टा पर्ची एवं नगदी 20 हजार रूपये जब्त किए है। मोबाइल में क्रिकेट सट्टा की एप क्रिकेट लाईन गुरू एप से लखनऊ सुपर जाईन्टस एवं सनराईजर हैदराबाद के बीच खेले जा रहे मैच पर सट्टा खिला रहा था। पूछताछ करने पर मिलौनीगंज छोटे फुहारा निवासी शुभम सिद्धा के द्वारा सट्टा लिखने की मजदूरी के रुप में रकम का 3 प्रतिशत रुपए देने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 4(क) सट्टा एक्ट एवं 109 के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

# कक्षा नौवीं और 11वीं की पूरक परीक्षा जून में बोर्ड पैटर्न पर होगी

## 30 जून तक किसी भी स्थिति में घोषित करना है परिणाम

**जबलपुर।** प्रदेश के सरकारी स्कूलों की नौवीं व 11वीं की पूरक परीक्षा जून में आयोजित की जाएगी। इसके लिए प्रत्येक जिले के उत्कृष्ट विद्यालयों में केंद्र बनाया जाएगा। इस बार नौवीं व 11वीं में 11 लाख में से करीब ढाई लाख विद्यार्थी फेल हुए हैं, वहीं करीब 82 हजार विद्यार्थियों को पूरक है। इन विद्यार्थियों की पूरक परीक्षाएं भी बोर्ड पैटर्न के आधार पर होंगी।नौवीं व 11वीं की पूरक परीक्षा जून के प्रथम सप्ताह तक ले ली जाएंगी, ताकि रिजल्ट 30 जून तक किसी भी स्थिति में घोषित हो जाए। प्रश्नपत्र भी बोर्ड पैटर्न पर बनेंगे, जिन्हें राज्य ओपन बोर्ड तैयार करेगा। बोर्ड को विद्यार्थियों के आंकड़ों की जानकारी दे दी गई है। इसी को आधार मानकर जिलों में पेपर भेजे जाएंगे। प्रत्येक विकासखंड के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में ही पूरक परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र बनाया जाएगा। भाषा विषयों को छोडक़र अन्य सभी प्रश्न पत्र हिंदी और अंग्रेजी में छपेंगे। पूरक परीक्षा में शामिल विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन जिला उत्कृष्ट विद्यालयों में किया जाएगा। मूल्यांकन केंद्राधिकारी माडल आंसर पोर्टल से प्राप्त कर सकेंगे। पूरक परीक्षा के प्रश्नपत्रों के बंडल पुलिस थाने में रखे जाएंगे।

गणित व अंग्रेजी विषय में अधिक पूरक

10वीं में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को गणित और अंग्रेजी में पूरक मिलता है। ऐसी स्थिति में नौवीं में भी इन विषयों पर फोकस किया जा रहा है, ताकि इन विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा में समस्या न हो। अधिकारियों के मुताबिक बोर्ड परीक्षाओं का रिजल्ट उसी दशा में सुधर सकता है, जब नौवी और 11वीं कक्षाएं विद्यार्थी ने अच्छी तरह पढक़र पास की हां। इस कारण ये परीक्षाएं बोर्ड परीक्षा के पैटर्न पर होंगी ।

# 1 लाख से अधिक बिना टिकिट यात्रियों पर कार्रवाई

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवें द्वारा महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय के मार्गदर्शन एवं प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक ओम प्रकाश के निर्देशन में तीनों मण्डलों में चलाए गए टिकिट चैकिंग के दौरान 1 लाख 88 हजार यात्रियों को बिना टिकिट यात्रा करते हुए या अनियमित यात्रा करते हुए पाए जाने पर टिकिट चैकिंग स्टॉफ ने कार्रवाई करते हुए 13 करोड़ 41 लाख रुपए का राजस्व अर्जित किया हैं। जो गत वर्ष की तुलना में 39 फीसदी अधिक है। पमरे के मुख्य जनसंपर्प अधिकारी द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मण्डलों पर चालू वित्तीय वर्ष के पहले माह अप्रैल 2024 में कुल 01 लाख 88 हजार मामले पकड़े और अतिरिव्त किराया एवं जुर्माना सहित कुल 13 करोड़ 41 लाख रूपए का राजस्व अर्जित किया, जो कि रेलवे द्वारा निर्धारित लक्ष्य को पार करते हुए 22 प्रतिशत अधिक कमाया है। गत वर्ष 2023 की बात करे तो 9 करोड़ 63 लाख रूपए का राजस्व अर्जित किया जो कि 39 प्रतिशत अधिक है। पश्चिम मध्य रेल पर गर्मियों में ट्रेनों में यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए पिछले एक सप्ताह से तीनों मण्डलों पर स्पेशल टिकट जाँच अभियान प्रारम्भ किया गया है।

**13 करोड़ 41 लाख का जुर्माना वसूला**

# बादलों के बीच शाम को हुई बूंदाबांदी



जबलपुर।

पूर्वी मध्यप्रदेश के ऊपर बने हवाओं के चक्रवात के कारण 15 मई तक मौसम के मिजाज में उलट फेर चलता रहेगा। जबलपुर सहित पूर्वी मप्र में आने वालें जिलों बालाघाट, सिवनी, मंडला, सतना, मैहर, सहित अन्य कभी धूप, कभी छांव, कभी बारिश, कभी हवा का दौर चलता रहेगा। इस दौरान तापमान हद में रहेगा और बीच-बीच में बारिश होती रहेगी। तापमान 15 मई के बाद ही बढ़ेगा। फिलहाल यह हफ्ता पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव में बना रहेगा। पूर्वी मप्र के ऊपर ऊपरी हवाओं का चक्रवात बनने के कारण यहां बादल छा रहे हैं लेकिन गर्मी के असर में कोई कमी नहीं आ रही। तापमान भले ही स्थिर है। उमस भरी गर्मी जन-जीवन को बैचेन कर रही है। बुधवार की रात में चली हवाओं के बाद बूंदाबांदी होने से तापमान में गिरावट आई है। मौसम कार्यालय के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान शहर का अधिकतम तापमान 36.07 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 4 डिग्री कम और न्यूनतम तापमान 25.8 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम रिकार्ड किया गया। हवा में नमी प्रातकाल 44 प्रतिशत और सायंकाल 31 प्रतिशत आंकी गई। वहीं प्रदेश में सबसे अधिक 43.9 डिग्री तापमान पृथ्वीपुर (निवाड़ी) नौगांव जिले में दर्ज किया गया। दक्षिणी हवायें 10 से 12 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। मौसम कार्यालय के अनुसार आगामी 15 मई तक मौसम के मिजाज बिगड़े रहेंगे। अगले 24 घंटों के दौरान जिले में कहीं-कहीं बारिश की संभावना भी जताई हैं।

**तेज हवाओं से पारे की चाल बिगड़ी**






हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240